लखनऊ से प्रकाशित एवं उ.प्र., बिहार, झारखण्ड, मध्यप्रदेश, राजस्थान, दिल्ली में प्रसारित

RNI-UPHIN/2014/58471

दैनिक

# अमन लेखनी



राशा उनसे ही ले रही सीख.......



अनुराग की फ़िल्म से नहीं कटा पत्ता .......

वर्ष : 11 | अंक : 30 | लखनऊ, 16 जनवरी, गुरूवार 2025 | पृष्ठ : 08 | मूल्य : 2.00 रुपए

# पीएम मोदी ने इस्कॉन मंदिर का किया उद्घाटन

## भारत एक जीवंत संस्कृति

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार



मुंबई, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नवी मुंबई के खारघर में इस्कॉन मंदिर का उद्घाटन किया और पूजा-अर्चना की। उनके साथ महाराष्ट्र के राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन, सीएम देवेन्द्र फडणवीस, डिप्टी सीएम एकनाथ शिंदे और बीजेपी सांसद हेमा मालिनी ने मंच साझा किया। इसके साथ ही उन्होंने एक कार्यक्रम को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि आज ज्ञान और भक्ति की इस महान धरती पर इस्कॉन के प्रयासों से श्री श्री राधा मदनमोहन जी मंदिर का उद्घाटन हो रहा है। मेरा सौभाग्य है कि मुझे ऐसे अलौकिक अनुष्ठान में अपनी भूमिका निभाने का पुण्य प्राप्त हुआ है।

मोदी ने कहा कि मैं अभी देख रहा था कि श्री श्री राधा मदनमोहन जी मंदिर परिषद की जो रूपरेखा है, इस मंदिर के पीछे जो विचार है, इसका जो स्वरूप है, उसमें अध्यात्म और ज्ञान की सम्पूर्ण परंपरा के दर्शन होते हैं। मंदिर में ईश्वर के विविध स्वरूपों के दर्शन होते हैं। उन्होंने कहा कि मुझे विश्वास है कि ये मंदिर परिसर आस्था के साथ-साथ भारत की चेतना को भी समृद्ध करने का एक पुण्य केंद्र बनेगा। मैं इस पुनीत कार्य के लिए इस्कॉन के सभी संतों और सदस्यों को और महाराष्ट्र के लोगों को बहुत-बहुत बधाई देता हूं।

नरेंद्र मोदी ने कहा कि आज इस मौके पर मुझे परम श्रद्धेय गोपालकृष्ण गोस्वामी महाराज का भावुक स्मरण भी हो रहा है। इस प्रोजेक्ट में उनका विजन जुड़ा हुआ है। भगवान श्रीकृष्ण के प्रति उनकी अगाध भक्ति का आशीर्वाद जुड़ा हुआ है। आज वो भौतिक शरीर से भले ही यहां न हो, लेकिन उनकी आध्यात्मिक उपस्थिति हम सब महसूस कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि दुनियाभर में फैले इस्कॉन के अनुयायी भगवान श्रीकृष्ण की भक्ति की डोर से बंधे हैं। उन सबको एक-दूसरे से कनेक्ट रखने वाला एक और सूत्र है, जो चौबीसों घंटे हर भक्त को दिशा दिखाता रहता है। ये श्रील प्रभुपाद स्वामी के विचारों का सूत्र है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि उन्होंने उस समय वेद-वेदांत और गीता के महत्व को आगे बढ़ाया जब देश गुलामी की बेड़ियों में जकड़ा था। उन्होंने भक्ति वेदांत को जनसामान्य की चेतना से जोड़ने का अनुष्ठान किया। उन्होंने कहा कि आज दुनिया के हर कोने में करोड़ों लोगों को उनकी तपस्या का प्रसाद मिल रहा है। श्रील प्रभुपाद स्वामी की सक्रियता, उनके प्रयास आज भी हमें प्रेरित करते हैं। उन्होंने कहा कि भारत केवल भौगोलिक सीमाओं में बंधा भूमि का एक टुकड़ा मात्र नहीं है। भारत एक जीवंत धरती है, एक जीवंत संस्कृति है। और, इस संस्कृति की चेतना है- यहां का आध्यात्म! इसलिए, यदि भारत को समझना है, तो हमें पहले आध्यात्म को आत्मसात करना होता है।

मोदी ने कहा कि जो लोग दुनिया को केवल भौतिक दृष्टि से देखते हैं, उन्हें भारत भी अलग-अलग भाषा और प्रांतों का समूह नजर आता है। लेकिन जब आप इस सांस्कृतिक चेतना से अपनी अपनी आत्मा को जोड़ते हैं, तब आपको भारत के विराट रूप के दर्शन होते हैं।

## समंदर में उतरे भारत के तीन योद्धा : मोदी

### भारत विस्तारवाद के लिए नहीं, विकास के लिए काम कर रहा है

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली, भारतीय रक्षा प्रणाली को मजबूत करने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम में, प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को तीन अग्रणी नौसैनिक लड़ाकू विमानों आईएनएस सूरत, आईएनएस नीलगिरि और आईएनएस वाघशीर को राष्ट्र को समर्पित किया। एक कार्यक्रम के दौरान उन्होंने इन नौसैनिक जहाजों को भारतीय नौसेना में शामिल किया। उन्होंने कहा कि 15 जनवरी के दिन को आर्मी दिवस के रूप में भी मनाया जाता है। देश की रक्षा के लिए अपना जीवन समर्पित करने वाले प्रत्येक जांबाज को मैं नमन करता हूं। मां भारती की रक्षा में जुटे हर वीर-वीरांगना को मैं बधाई देता हूं। प्रधानमंत्री ने कहा कि आज भारत की समुद्री विरासत नेवी के गौरवशाली इतिहास और आत्मनिर्भर भारत अभियान के लिए भी बहुत बड़ा दिन है।

# महाकुम्भ : कड़ाके की ठंड के बीच श्रद्धालुओं ने लगाई संगम में डुबकी

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार



लखनऊ, कड़ाके की ठंड के बावजूद जोश और उत्साह से लबरेज श्रद्धालुओं ने बुधवार को महाकुम्भ में त्रिवेणी संगम पर डुबकी लगाई। हर हर महादेव, जय श्री राम और जय गंगा मैया के जयकारे लगाते हुए श्रद्धालुओं ने संगम पर स्नान किया। उत्तर प्रदेश के बस्ती जिले के निवासी 62 वर्षीय निबर चौधरी ने कहा, मैंने पहली बार संगम में डुबकी लगाई है। डुबकी लगाने के बाद वास्तव में एक दम तरोताजा महसूस हुआ। चौधरी के साथ आए शिवराम वर्मा ने कहा कि उनका अनुभव अच्छा रहा और यहां प्रशासन ने श्रद्धालुओं के लिए उचित व्यवस्था की है। पहली बार यहां आईं लखनऊ निवासी नैंसी भी यहां की व्यवस्था को देखकर संतुष्ट नजर आईं। उन्होंने कहा, महाकुंभ में अब तक मेरा अनुभव अच्छा रहा है। पड़ोसी जिले फतेहपुर के निवासी अभिषेक ने कहा, कुल मिलाकर अनुभव अच्छा रहा। उन्होंने कहा कि उन्हें किसी भी तरह की परेशानी का सामना नहीं करना पड़ा। कानपुर निवासी विजय कठेरिया ने महाकुंभ में किए गए सुरक्षा इंतजाम की सराहना की। उन्होंने कहा, श्रद्धालुओं के लिए पर्याप्त सुरक्षा इंतजाम किए गए हैं और सुरक्षा के लिहाज से पर्याप्त पुलिस बल की व्यवस्था की गई है। इससे पहले मंगलवार को विभिन्न अखाड़ों के संतों ने मकर संक्रांति के अवसर पर महाकुम्भ में पहला अमृत स्नान किया। मकर संक्रांति पर त्रिवेणी संगम में करीब 3.5 करोड़ श्रद्धालुओं ने डुबकी लगाई। साधु-संतों ने पारंपरिक हथियारों के साथ प्रदर्शन कर उपस्थित श्रद्धालुओं को मोहित कर दिया।

एक आधिकारिक बयान में कहा गया कि भालेबाजी और तलवारबाजी से लेकर पूरे जोश में डमरू बजाने तक, उनके प्रदर्शन सदियों पुरानी परंपराओं का जीवंत उदाहरण थे। पुरुष नागा साधुओं के अलावा, महिला नागा संन्यासी भी बड़ी संख्या में मौजूद रहीं। महाकुम्भ मेला 26 फरवरी तक चलेगा।

## मौसम

अधिकतम तापमान 23.c

न्यूनतम तापमान 7.c

## बाजार

सोना 7,177/ g

चांदी 96/ g

सेंसेक्स 81,526.14

निफ्टी 24,641.80


# ठाणे में ऑटो-रिक्शा ने कई वाहनों को टक्कर मारी, तीन लोगों की मौत

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

ठाणे, महाराष्ट्र के ठाणे जिले में बुधवार तड़के मुंबई-आगरा राजमार्ग पर एक ऑटो-रिक्शा की टक्कर एक बस और कुछ अन्य वाहनों से हो गई जिससे तीन लोगों की मौत हो गई और 15 अन्य घायल हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि यह दुर्घटना तड़के चार बजकर 15 मिनट पर शाहापुर तालुका के घोटेघर गांव में खिणावली पुल के पास हुई। शाहापुर पुलिस थाने के एक अधिकारी ने पीटीआई-भाषा को बताया कि ऑटो-रिक्शा चालक ने वाहन से नियंत्रण खो दिया। इसके परिणामस्वरूप वाहन डिवाइडर से टकरा कर विपरीत लेन में चला गया और एक प्राइवेट बस, दो कार तथा एक टेम्पो से उसकी टक्कर हो गई। उन्होंने बताया कि बस में सवार तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गई और ऑटो-रिक्शा चालक सहित 15 अन्य लोग घायल हो गए। अधिकारी ने बताया कि बस नासिक से मुंबई जा रही थी। सूचना मिलने के बाद स्थानीय पुलिस, आपदा प्रबंधन बचाव दल के साथ मौके पर पहुंची। अधिकारी ने बताया कि घायलों को शाहापुर के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया है और उनमें से तीन की हालत गंभीर बताई गई है। पुलिस ने बताया कि शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

# भारत दो माह में 20 प्रतिशत एथनॉल मिश्रण का लक्ष्य हासिल कर लेगा: नितिन गडकरी

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार



नई दिल्ली, केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने बुधवार को कहा कि भारत अगले दो माह में 20 प्रतिशत एथनॉल मिश्रण का लक्ष्य हासिल कर लेगा। पेट्रोल के साथ एथनॉल मिश्रण का चलन 2001 में एक प्रायोगिक परियोजना (पायलट प्रोजेक्ट) के रूप में शुरू हुआ था। गडकरी ने एक कार्यक्रम में कहा, हम अगले दो महीनों में 20 प्रतिशत एथनॉल मिश्रण का यह लक्ष्य हासिल कर लेंगे। ई20 (20 प्रतिशत एथनॉल वाला पेट्रोल) के इस्तेमाल से प्रदूषण कम करने में मदद मिलेगी। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि टाटा मोटर्स, महिंद्रा एंड महिंद्रा, मारुति सुजुकी और हुंदै मोटर्स ने 100 प्रतिशत जैव-एथनॉल पर चलने वाले वाहनों का विनिर्माण शुरू कर दिया है। गडकरी ने कहा कि देश में प्रदूषण एक गंभीर समस्या है क्योंकि दुनिया के 50 सबसे प्रदूषित शहरों में 42 भारत में हैं। उन्होंने कहा, हम 22 लाख करोड़ रुपये का जीवाश्म ईंधन आयात करते हैं। इससे भी प्रदूषण हो रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 2023 में 20 प्रतिशत एथनॉल-मिश्रित पेट्रोल पेश किया था। इसमें पहले चरण में 15 शहरों को शामिल किया गया था। गन्ने के साथ-साथ टूटे चावल और अन्य कृषि उत्पादों से निकाले गए एथनॉल के इस्तेमाल से दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा कच्चा तेल उपभोक्ता भारत आयात पर अपनी निर्भरता कम कर सकेगा। भारत अपनी कच्चे तेल जरूरतों को पूरा करने के लिए 85 प्रतिशत आयात पर निर्भर है। ई20 के उपयोग से दोपहिया वाहनों में कार्बन मोनोऑक्साइड उत्सर्जन में लगभग 50 प्रतिशत और चारपहिया वाहनों में शुद्ध पेट्रोल की तुलना में लगभग 30 प्रतिशत की कमी आने का अनुमान है। औसतन 10 प्रतिशत मिश्रण प्राप्त करने का लक्ष्य जून, 2022 में प्राप्त किया गया, जो नवंबर, 2022 की समयसीमा से काफी पहले था।

## आसाराम अंतरिम जमानत मिलने के बाद जोधपुर में अपने आश्रम पहुंचा

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली, स्वयंभू संत आसाराम 2013 के दुष्कर्म मामले में अंतरिम जमानत मिलने के बाद जोधपुर के पाल गांव में स्थित अपने आश्रम पहुंचा। पुलिस ने बुधवार को यह जानकारी दी। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया, वह पिछले कुछ दिनों से शहर के एक आयुर्वेद अस्पताल में भर्ती था और मंगलवार देर रात अपने आश्रम के लिए रवाना हुआ। आजीवन कारावास की सजा पाए स्वयंभू संत को राजस्थान उच्च न्यायालय ने मंगलवार को 31 मार्च तक अंतरिम जमानत दे दी थी।

## संक्षिप्त समाचार

### सोनिया ने कांग्रेस के नए मुख्यालय इंदिरा भवन का उद्घाटन किया

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली, कांग्रेस संसदीय दल की प्रमुख सोनिया गांधी ने बुधवार को पार्टी के नए मुख्यालय इंदिरा भवन का उद्घाटन किया। पिछले करीब पांच दशक से पार्टी का मुख्यालय 24 अकबर रोड था। अब मुख्य विपक्षी दल का नया मुख्यालय 9ए कोटला मार्ग पर बनाया गया है।

सोनिया गांधी ने फीता काटकर नए भवन का उद्घाटन किया। इस दौरान उनके साथ कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे भी मौजूद थे। इससे पहले, कांग्रेस मुख्यालय के प्रांगण में ध्वजारोहण किया गया और नेताओं ने राष्ट्रीय गीत, राष्ट्र गान तथा विजयी विश्व तिरंगा प्यारा.. गाया। पार्टी के उद्घाटन कार्यक्रम में कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी भी मौजूद थे। इस अवसर पर कांग्रेस के संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल, महासचिव प्रियंका गांधी वाद्रा, कांग्रेस कार्य समिति (सीडब्ल्यूसी) के सदस्य, स्थायी और विशेष आमंत्रित सदस्य, कांग्रेस संसदीय दल के पदाधिकारी, पार्टी के कई पदाधिकारी, केंद्रीय चुनाव समिति के सदस्य, प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रमुख, विभिन्न राज्यों के पार्टी के विधायक दल के नेता, सांसद, कई राज्यों के पूर्व मुख्यमंत्री और पूर्व केंद्रीय मंत्री सहित वरिष्ठ नेता उपस्थित थे। इंदिरा भवन को पार्टी और उसके नेताओं की बढ़ती जरूरतों को ध्यान में रखते हुए डिजाइन किया गया है, जिसमें प्रशासनिक, संगठनात्मक और रणनीतिक कार्यों में सहयोग करने के लिए आधुनिक सुविधाएं शामिल हैं। कांग्रेस के इस नए मुख्यालय का काम पिछले कई वर्षों से जारी था। कांग्रेस 24, अकबर रोड को फिलहाल खाली नहीं करेगी, जो 1978 में कांग्रेस (आई) के गठन के बाद से इसका मुख्यालय था।

# दिल्ली में उत्तर प्रदेश, बिहार के लोगों के साथ कोरोना काल में सौतेला व्यवहार किया गया : मायावती

संवाददाता/ अमन लेखनी समाचार



लखनऊ। बहुजन समाज पार्टी (बसपा) प्रमुख मायावती ने दिल्ली में नौकरी कर रहे उत्तर प्रदेश, बिहार के लोगों से अपील करते हुए बुधवार को कहा कि राष्ट्रीय राजधानी में विधानसभा चुनाव के लिए मतदान करते समय वे याद रखें कि कोरोना काल में उनके साथ किस तरह सौतेला व्यवहार किया गया था। मायावती ने यह भी दावा किया कि दिल्ली के विधानसभा चुनाव में उनकी पार्टी शानदार प्रदर्शन करेगी और अगर चुनाव निष्पक्ष तरीके से हुए तो परिणाम चौंकाने वाले होंगे।

मायावती ने अपने 69वें जन्मदिन के मौके पर लखनऊ में एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित किया जिसमें उन्होंने स्वयं रचित एक किताब का भी विमोचन किया। उन्होंने कहा, देश की राजधानी दिल्ली में होने जा रहे विधानसभा चुनाव के लिए बसपा की पूरी तैयारी है और पार्टी अकेले चुनाव लड़ रही है। मुझे पूरी उम्मीद है कि अगर ये चुनाव निष्पक्ष तरीके से हुए तो हमारी पार्टी पहले से बेहतर परिणााम लाएगी। उन्होंने कहा, इस चुनाव में कांग्रेस, भाजपा तथा आम आदमी पार्टी, पहले की तरह इस बार भी कई लुभावने वादे तथा गारंटी की घोषणा कर रही है। लेकिन आप सब जानते हैं कि कई बार यहां सत्ता में रहने के बावजूद इन पार्टियों ने अपने किसी भी वादे को पूरा नहीं किया।

बसपा प्रमुख ने आरोप लगाया, रोटी-रोजी के लिए बड़ी संख्या में दिल्ली की झुग्गी-झोपड़ियों में रह रहे नजदीकी राज्यों जैसे उत्तर प्रदेश तथा बिहार, के लोगों के साथ इन सभी दलों की सरकारों ने हर स्तर पर सौतेला व्यवहार किया। आप (उत्तर प्रदेश, बिहार के लोग) अच्छे से जानते हैं कि कोरोना काल में तो आपके साथ काफी बुरा बर्ताव किया गया।

मायावती ने अपील करते हुए कहा कि इसलिये दिल्ली के विधानसभा चुनाव में सभी सोच-समझ कर अपना वोट दें। उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी और भारतीय जनता पार्टी द्वारा एक दूसरे को जनविरोधी साबित करने के लिए आए दिन की जा रही नफरती बयानबाजी और पोस्टरबाजी पर निर्वाचन आयोग को तत्काल कार्रवाई करनी चाहिए। विपक्षी दलों के गठबंधन इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इंक्लूसिव अलायंस (इंडिया) पर बसपा प्रमुख ने कहा, भाजपा के विकल्प के रूप में बसपा एकमात्र पार्टी है।

## उत्तर प्रदेश के बरेली में यात्री रेलगाड़ी के आगे पटरी पर रखा बड़ा पत्थर

संवाददाता/ अमन लेखनी समाचार

**बरेली**। उत्तर प्रदेश के बरेली जिले में बरेली-पीलीभीत रेल खंड पर यात्री रेलगाड़ी का इंजन किसी अज्ञात द्वारा पटरी पर रखे गए बड़े पत्थर से टकरा गया, हालांकि किसी बड़ी हानि की सूचना नहीं है। अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि घटना सोमवार शाम पांच बजकर 45 मिनट की है जब टनकपुर से बरेली सिटी जाने वाली रेलगाड़ी संख्या 75302 शाही रेलवे स्टेशन से रवाना होकर बिजौरिया रेलवे स्टेशन की ओर जा रही थी। उन्होंने बताया, यात्री रेलगाड़ी का इंजन बिजौरिया रेलवे स्टेशन के पास किसी अज्ञात द्वारा पटरी पर रखे गए पत्थर से टकरा गया। हालांकि कोई बड़ी हानि नहीं हुई और लोको पायलट ने ट्रेन को समय पर रोक दिया। अधिकारियों ने बताया कि ट्रेन के बिजौरिया रेलवे स्टेशन पहुंचने पर लोको पायलट ने रेलवे अधिकारियों के साथ-साथ राजकीय रेलवे पुलिस (जीआरपी) को इसकी सूचना दी गई। मौके पर पहुंचे रेलवे अधिकारियों ने ट्रेन का निरीक्षण करने के बाद उसे आगे की यात्रा के लिए रवाना करने की अनुमति दी।

# भागवत का सच्ची स्वतंत्रता वाला बयान राजद्रोह के समान है : राहुल

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार



नई दिल्ली, लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने बुधवार को आरोप लगाया कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के प्रमुख मोहन भागवत का यह बयान राजद्रोह के समान है कि भारत को सच्ची स्वतंत्रता राम मंदिर बनने के बाद मिली। राहुल ने पार्टी के नए मुख्यालय के उद्घाटन के अवसर पर पार्टी नेताओं को संबोधित करते हुए यह भी कहा कि भागवत ने जो कहा है वह हर भारतीय का अपमान है और किसी दूसरे देश में ऐसा होने पर तो भागवत अब तक गिरफ्तार किए जा चुके होते। भागवत ने सोमवार को कहा था कि अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा की तिथि प्रतिष्ठा द्वादशी के रूप में मनाई जानी चाहिए क्योंकि अनेक सदियों से दुश्मन का आक्रमण झेलने वाले देश को सच्ची स्वतंत्रता इस दिन मिली थी। राहुल गांधी ने कहा, भागवत ने जो कहा है वह राजद्रोह के समान है क्योंकि उनके कहने का मतलब है कि संविधान अवैध है, अंग्रेजों के खिलाफ लड़ाई अवैध है... किसी दूसरे देश में तो अब तक उन्हें गिरफ्तार कर लिया जाता और उन पर मुकदमा चलाया जाता। उन्होंने कहा कि भागवत का यह बयान हर भारतीय का अपमान है। राहुल गांधी ने कहा कि अब समय आ गया है जब इस तरह की बकवास सुनना बंद होना चाहिए। उन्होंने कहा, दो विचारों के बीच लड़ाई है। एक हमारा विचार है जो संविधान का विचार है और दूसरी तरफ आरएसएस का विचार है जो इसके उलट है। कांग्रेस नेता ने कहा, देश में कोई दूसरा दल नहीं है जो भाजपा और आरएसएस के एजेंडे को रोक सके। सिर्फ कांग्रेस ही इन्हें रोक सकती है क्योंकि हम एक विचारधारा वाली पार्टी हैं।

# दिल्ली में आप कांग्रेस से ज्यादा मजबूत : अखिलेश

## हम उनके साथ खड़े हैं

संवाददाता/ अमन लेखनी समाचार



लखनऊ, समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव ने बुधवार को कहा कि दिल्ली में आम आदमी पार्टी कांग्रेस से ज्यादा मजबूत है इसलिए उनकी पार्टी ने आप के साथ खड़े होने का फैसला किया है। अखिलेश ने कहा कि भाजपा के खिलाफ लड़ने वाली क्षेत्रीय पार्टी को इंडिया गठबंधन के नेताओं का समर्थन करना चाहिए। दिल्ली में आप और कांग्रेस एक दूसरे के खिलाफ लड़ रहे हैं। आप मजबूत है और हमने उनके साथ खड़े होने का फैसला किया है। सवाल दिल्ली का है और हमारा लक्ष्य है कि बीजेपी हार जाए। कांग्रेस और आप का भी एक ही लक्ष्य है।

समाजवादी पार्टी सुप्रीमो ने यह भी स्पष्ट किया कि इंडिया गठबंधन बरकरार है। उन्होंने कहा कि इंडिया गठबंधन बरकरार है। मुझे याद है कि जब इंडिया गठबंधन बना था, तो यह निर्णय लिया गया था कि जहां भी कोई क्षेत्रीय पार्टी मजबूत होगी, गठबंधन उन्हें समर्थन देगा। इससे पहले, भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के महासचिव डी राजा ने स्वीकार किया कि लोकसभा चुनाव 2024 के बाद इंडिया गुट विभाजित है। राजा ने कहा था कि यह सच है कि विपक्ष बंटा हुआ है. ये तो लोग जानते हैं कि दिल्ली में. विधानसभा चुनाव आप अपने दम पर लड़ रही है, कांग्रेस अपने दम पर चुनाव लड़ रही है, वामपंथी दल जहां भी लड़ने में सक्षम हैं वहां चुनाव लड़ रहे हैं और अन्य दलों के बीच, कुछ दलों ने आप को समर्थन देने की घोषणा की है। तो, यह एक सच्चाई है कि इंडिया गुट विभाजित है।

कई बीजेपी नेताओं ने यह भी दावा किया है कि इंडिया ब्लॉक के पास कोई मिशन नहीं है और वह बिखरा हुआ है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने पहले इंडिया ब्लॉक की आलोचना करते हुए दावा किया था कि गठबंधन पूरी तरह से विघटित हो गया है, उन्होंने गठबंधन द्वारा दिल्ली विधानसभा चुनाव और मुंबई नगर निगम चुनाव एक साथ नहीं लड़ने का उदाहरण दिया था। आज इंडिया गठबंधन पूरी तरह से बिखर गया है। मुंबई में चुनाव होने वाले हैं और शिवसेना (यूबीटी) और कांग्रेस अकेले चुनाव लड़ने की तैयारी कर रही हैं। जैसे आपने हमें महाराष्ट्र में शानदार जीत दिलाई, वैसे ही बीजेपी की सरकार बनने जा रही है।

दिल्ली विधानसभा चुनाव एक ही चरण में 5 फरवरी को होंगे और वोटों की गिनती 8 फरवरी को होगी। सत्तारूढ़ आम आदमी पार्टी (आप) पहले ही सभी 70 विधानसभा सीटों के लिए अपने उम्मीदवारों की घोषणा कर चुकी है। भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) ने 59 सीटों पर अपने उम्मीदवारों की घोषणा कर दी है। नामांकन दाखिल करने की आखिरी तारीख 17 जनवरी है। नामांकन की जांच की तारीख 18 जनवरी है। उम्मीदवारी वापस लेने की आखिरी तारीख 20 जनवरी है।

## संक्षेप

### मां-बेटे से मारपीट के मामले में मुकदमा दर्ज, चार गिरफ्तार

अमन लेखनी समाचार

मोहनलालगंज। नेवलखेड़ा गांव निवासी चंद्रावती यादव ने पुलिस से लिखित शिकायत करते हुये बताया बुधवार की सुबह साढे दस बजे के करीब वो अपने खेत गयी तो वहा मौजूद विपक्षीगण जबर यादव निवासी मऊ व सुजीत यादव निवासी पदमिनखेड़ा मजरा हुलासखेड़ा, श्रीपाल विश्वकर्मा निवासी गोपालखेड़ा व बृजेश यादव एक राय होकर भद्दी भद्दी गालियां देना शुरू कर दिया जब मैने व मेरे बेटे ने विरोध किया तो उक्त सभी ने पिटाई कर दी ओर जान से मारने की धमकी देते हुये भाग निकले इंस्पेक्टर अमर सिंह ने बताया पीड़िता की तहरीर पर चार आरोपियो के विरूद्व मारपीट व जान से मारने की धाराओ में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गयी है।

### बीस लीटर अवैध कच्ची शराब के साथ एक गिरफ्तार

अमन लेखनी समाचार

निगोहां। पुलिस ने मगंलवार की देर रात 20ली०अवैध देशी कच्ची शराब के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया।पुलिस ने तस्कर के विरूद्व 60आबकारी अधिनियम की धारा में मुकदमा दर्ज कर चालान किया।थाना प्रभारी अनुज कुमार तिवारी ने बताया बीते मगंलवार की देर रात उपनिरीक्षक कुलदीप यादव पुलिस फोर्स के साथ क्षेत्र में गश्त पर थे तभी रंजीतखेड़ा गांव के पास तस्करी की? अवैध कच्ची देशी शराब बेचने के लिये ले जाये जाने की सूचना मिली,जिसके बाद पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर तस्कर को एक प्लास्टिक की पिपिया में भरी 20ली०अवैध देशी कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया।पुछताछ में तस्कर ने अपना नाम सूरज रावत निवासी जमादारखेड़ा थाना निगोहां बताया।

### रंजिश में युवक को रास्ते में घेरकर पीटा,केस दर्ज

अमन लेखनी समाचार

निगोहां। भद्दीखेड़ा निवासी आशाराम ने पुलिस को तहरीर देते हुये बताया बुद्ववार को अपनी बाइक से गांव के चौराहे से घर जा रहा था तभी पुरानी रंजिश में विपक्षी माता प्रसाद ने अपने भाई शत्रोहन व बेटे परीलाल के साथ मिलकर उसे जबरन रोक लिया ओर गाली-गालौज करते हुये ईट से हमला कर बुरी तरह पिटाई कर घायल कर दिया ओर जान से मारने की धमकी देते हुये मौके से भाग निकले।सूचना के बाद मौके पर पहुंचे परिजन उसे घायल अवस्था में इलाज के लिये लेकर गये।थाना प्रभारी अनुज कुमार तिवारी ने बताया पीड़ित की तहरीर पर तीन आरोपियो के विरूद्व मारपीट व जान से मारने की धमकी देने की धाराओ में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गयी है।

### जगह-जगह मनाया गया पूर्व मुख्यमंत्री का जन्मदिन

अमन लेखनी समाचार

माल।क्षेत्र के बहरौरा में पूर्व मुख्यमंत्री बहन कुमारी मायावती का जन्मदिन पर सैकड़ों कि संख्या में पहुंचे लोगों मनाया जन्मदिन बताते चलें पूर्व में रहीं मुख्यमंत्री बहन कुमारी मायावती के जन्म दिवस पर सर्व समाज के लोगों ने मायावती के चित्र को रखकर र केक काट कर मनाया जन्मोत्सव बांटी मिठाई और इसमें वरिष्ठ कार्यकर्ता पहुंचे जिला पंचायत सदस्य पद हेतु भावी प्रत्याशी नरेंद्र कुमार गौतम, डा0 शैलेन्द्र कुमार गौतम, चंदन राज बौद्ध, अयांश राव, राजेन्द्र गौतम सहित भारी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

### भारतीय सशस्त्र सेना भूतपूर्व सैनिक दिवस पर वीर नारियों को किया सम्मानित

बलिया। जिला सैनिक कल्याण एवं पुर्नवास कार्यालय में बुधवार को सशस्त्र सेना भूतपूर्व सैनिक (वेटरन्स) दिवस समारोह पूर्वक मनाया गया। जिला सैनिक कल्याण अधिकारी विंग कमांडर नरेंद्र कुमार सिंह के नेतृत्व में 9वां सशस्त्र सेना भूतपूर्व सैनिक (वेटरन्स) दिवस पर वीर सैनिकों को पुष्पचक्र अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई।

# 4000 लोगों को रोजाना भोजन : ताराशक्ति रसोई ने 19 महीनों में कायम की समाजसेवा की मिसाल

## डॉ. राजेश्वर सिंह की ताराशक्ति रसोई ने देशभर में कायम की समाजसेवा की मिसाल

- सेवा, सम्मान और समर्पण का प्रतीक है ताराशक्ति रसोई झ डॉ. राजेश्वर सिंह
- ताराशक्ति रसोई: देशभर में चर्चा का विषय बना मानवता का यह अभियान
- ताराशक्ति रसोई: 19 महीनों से हर दिन 4000 जरूरतमंदों को निशुल्क भोजन की सेवा
- मानवता और सेवा का अद्वितीय उदाहरण है ताराशक्ति रसोई झ डॉ. राजेश्वर सिंह

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। सरोजनीनगर विधानसभा क्षेत्र के विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह द्वारा शुरू की गई ताराशक्ति रसोई योजना ने मानवता और सेवा का एक नया अध्याय लिखा है। यह योजना कमजोर आर्थिक वर्ग और जरूरतमंद लोगों के लिए संजीवनी बन चुकी है। पिछले 19 महीनों से ताराशक्ति रसोई हर दिन 4000 से अधिक लोगों को स्वादिष्ट और पौष्टिक भोजन उपलब्ध करा रही है।

### तीन स्थानों से हर दिन हजारों चेहरों पर मुस्कान

सरोजनीनगर में लोकबन्धु अस्पताल, विधायक कार्यालय (पराग चौराहा), और बरबिरवा चौराहा पर संचालित ताराशक्ति रसोई के माध्यम से सुबह और शाम हजारों जरूरतमंदों को निशुल्क भोजन वितरित किया जाता है।18 जुलाई 2023 से शुरू हुई यह रसोई सेवा आज देशभर में चर्चा का विषय बन चुकी है।

### स्वच्छता और गुणवत्ता के साथ रोज बदलता मेन्यू

ताराशक्ति रसोई में भोजन की गुणवत्ता और स्वच्छता पर विशेष ध्यान दिया जाता है। पौष्टिक और विविधतापूर्ण भोजन मेन्यू रोज बदला जाता है ताकि लोगों को भोजन में नयापन और पोषण दोनों मिल सके। यह योजना प्रगति प्रयास फाउंडेशन के



सहयोग से संचालित की जा रही है। योजना का मुख्य उद्देश्य गरीब और बेसहारा लोगों को भूखमरी से बचाते हुए उनके आत्मसम्मान को बनाए रखना है।

### मां तारा सिंह जी की प्रेरणा से शुरू हुई सेवा की यह अलख

पूज्य मां तारा सिंह जी की प्रेरणा से प्रेरित होकर विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह ने इस पहल को मानवता की सेवा के प्रति समर्पित किया। डॉ. सिंह का कहना है, "गरीब और जरूरतमंदों की मदद करना हमारी सामाजिक जिम्मेदारी है। ताराशक्ति रसोई इसी दिशा में एक छोटा लेकिन सशक्त प्रयास है।

### स्थानीय लोगों की दिल छू लेने वाली प्रतिक्रियाएं

स्थानीय निवासियों ने ताराशक्ति रसोई को एक आशा की किरण बताया है। उनका कहना है कि यह योजना समाज में सेवा और एकजुटता का ऐसा उदाहरण पेश कर रही है, जो अन्यत्र देखने को नहीं मिलता। जरूरतमंदों के जीवन में सुखद बदलाव और आत्मसम्मान का संचार इस योजना की सबसे बड़ी उपलब्धि है।

### ताराशक्ति रसोई: प्रेरणा स्रोत बनी सरोजनीनगर की यह पहल

ताराशक्ति रसोई केवल एक योजना नहीं, बल्कि यह भूख और बेबसी को खत्म करने का मानवीय संकल्प है। इस पहल ने सरोजनीनगर को पूरे प्रदेश के लिए प्रेरणा का केंद्र बना दिया है। हर जरूरतमंद पेट भर भोजन और सम्मान के साथ वापस लौटता है।

ताराशक्ति रसोई आज समाजसेवा और जनकल्याण का प्रतीक बन चुकी है। यह योजना समाज के सबसे कमजोर तबके को आत्मसम्मान के साथ जीने का हक दिलाने का काम कर रही है। विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह की यह पहल न केवल सरोजनीनगर बल्कि पूरे प्रदेश में सेवा की एक नई प्रेरणा बन चुकी है।

# चलती कार में लगी आग, ड्राइवर की तत्परता से बची तीनों की जान

अमन लेखनी समाचार

बंथरा। बुधवार रात चलती स्कोडा कार में अचानक आग लग गई। कार सवार जब तक कुछ समझ पाते तब तक आग ने विकराल रूप ले लिया। ड्राइवर सहित तीन लोगों ने कूद कर जान बचाई। सूचना पाकर पहुंची पुलिस और स्थानीय लोगों ने आग पर काबू पाया। कानपुर नगर के केशव नगर, नियर फूल मंडी निवासी राजकुमार दुबे, उमंग दुबे और अजीत दुबे बुधवार रात अपनी स्कोडा कार (यूपी 78 सीयू 5643) से अमेठी से वापस अपने घर जा रहे थे। तभी रात करीब साढ़े आठ बजे कानपुर रोड पर बंथरा थाना क्षेत्र के बनी के पास सई नदी पुल पर पहुंचे तभी कार के इंजन से अचानक तेज धुआं निकलने लगा। उमंग ने कार को साइड में लगाकर देखा तो इंजन से आग की लपटें उठ रही थीं। इस पर सभी लोग घबरा गए और बाहर भाग खड़े हुए। आनन फानन इसकी



सूचना पुलिस को दी। सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से आग पर काबू पा लिया। हालाकि तब तक कार का इंजन जल गया। इस संबंध में बंथरा थाना प्रभारी निरीक्षक राम सिंह ने बताया कि कार में शार्ट सर्किट से आग लगी थी। घटना में कार के अगले हिस्सा जल गया। जबकि कार सवार तीनों लोग सुरक्षित हैं।

# सहयोगी अपने रूम पार्टनर का सारा सामान लेकर फरार

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ, कृष्णा नगर कोतवाली क्षेत्र में चार दिन पूर्व एक रूम पार्टनर अपने साथ में रहने वाले रूम का सारा सामान एवं हजारो रुपये नगदी लेकर फरार हो गयो काम से वापस लौटने पर पीड़ित को चोरी की जानकारी हुई जिसपर काफी खोजबीन के बाद स्थानीय कृष्णा नगर थाने पर नामजद शिकायत की हैं पुलिस ने चोरी की धारा में मुकदमा दर्ज कर लिया है कृष्णा नगर इंस्पेक्टर पी के सिंह के अनुसार स्नेह नगर बैंकुंठ धाम के पास किराये पर रहने वाला विद्यानन्द पान्डेय पुत्र विश्वनाथ पान्डेय के अनुसार उसके साथ में राजगीर मिस्त्री का काम करने वाला राजेश यादव रहता थो बीते 9 जनवरी की सुबह वह अपने काम पर चला गया था इस बिच राजेश उसका पुरा सामान दो कटर मसीन एक बालेन्डर मसीन ,एक प्रोन एक हेल्मेट,42 हजार रुपये नगद और सारे कपड़े खाने पिने की चीजे अन्य सामान लेकर फरार हो गयो मकान मालिक ने उसे रोका भी और सामानो को लेकर लेकिन बहाना बनाकर पुरा सामान लेकर चला गया, शाम समय जब वह वापस लौटा तो सारा सामान गायब देख अपने रूम सहयोगी को फोन किया लेकिन उसने फोन नहीं उठाया और उसका नंबर ब्लैक लिस्ट में डाल दिया काफी खोजबीन के बाद पीड़ित ने स्थानीय थाना कृष्णा नगर पहुँच पुलिस से नामजद लिखित शिकायत की हैं पुलिस मुकदमा दर्ज कर आरोपित की तलाश में जुटी हैं

# मकर संक्रांति के अवसर पर खिचड़ी भोज कार्यक्रम व कंबल हुआ वितरण

अमन लेखनी समाचार

मोहनलालगंज लखनऊ, बुधवार को पूर्व विधायक सपा अम्ब्रीश सिंह पुष्कर जी ने विधान सभा क्षेत्र मोहन लालगंज के अहिनिवार धाम निगोहां में परम श्रद्धेय स्वामी लखनानन्द सरस्वती महाराज जी द्वारा आयोजित मकर संक्रांति के उपलक्ष्य में खिचड़ी भोज कार्यक्रम में भाग लिया इस अवसर पर मुख्य अतिथि माननीय विधायक अम्ब्रीश सिंह पुष्कर ने गरीब महिलाओं को कंबल वितरण किया। कार्यक्रम में अधिवक्ता सभा के राष्ट्रीय सचिव श्रवण कुमार यादव विधान सभा अध्यक्ष उमाशंकर वर्मा नगर अध्यक्ष उमेश यादव जिला पंचायत सदस्य अरुण यादव पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष मनोज कुमार पाल ओमकार



लोधी सुनील कुमार लोधी आयोजक तारा यादव उर्फ शेरू भोला लोधी एस. बी. एन. इंटर कॉलेज के संस्थापक संतराम यादव प्रबंधक अमरेन्द्र यादव जिला उपाध्यक्ष नवनीत सिंह अशर्फी लाल धीमान मनोज पासवान जिला सचिव ज्ञानेन्द्र बहादुर सिंह लवकुश यादव कमलेश यादव हरीशंकर रावत ऋतिक यादव समेत बड़ी संख्या में गांव के लोग उपस्थित रहे।।

# सुनवाई नहीं होने पर विधानभवन आत्मदाह करने पहुंचा परिवार

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी वृद्ध महिला के खेत में पड़ोसी ने बिजली पोल गड़वा दिया। उपकेंद्र कर्मियों ने लाइन भी खींच दी। करीब 45 दिन तक महिला मलिहाबाद तहसील पर लाइन हटवाने के लिए धरना देती रही। सुनवाई नहीं होने पर वृद्धा परिवार के 14 सदस्यों के साथ मंगलवार को आत्मदाह करने के इरादे से हजरतगंज विधानभवन पहुंच गई। फुटपाथ के पास मौजूद परिवार को देख आत्मदाह दस्ते में लगे पुलिस कर्मियों को संदेह हुआ। पुलिस कर्मियों ने 14 लोगों को किसी तरह से रोकने के बाद मलिहाबाद पुलिस को सूचना दी। रहीमाबाद थाना क्षेत्र के ग्राम औलिया खेड़ा निवासी महाराजा ने बताया कि बेटियों की शादी करने के बाद से छह बीघे जमीन की मदद से गुजर बसर कर रही हूं। तभी गांव में रहने वाले एक व्यक्ति ने उनके खेत के ऊपर से तार बिछा कर ट्यूबल लगवाने लगे, उन्होंने विरोध किया तो गाली देकर भगा दिया। रहीमाबाद थाने पहुंची तो उन्होंने सुलह समझौता करवा दिया। दीपावली की रात चोरी छिपे तार बिछा दिया। इसके बाद फिर से थाने पहुंचे परिवार के लोगों के साथ धरना दिया, तो जल्द से जल्द हटवाने का आश्वासन दिया। नौ जनवरी को एसडीओ समेत अन्य लोगों से शिकायत की थी। फिर कोई सुनवाई नहीं की गई। रविवार को महिला ने बेटी संग खुद पर पेट्रोल डाल कर आत्मदाह का प्रयास किया था। जिन्हें मलिहाबाद पुलिस ने किसी तरह रोका था। इंस्पेक्टर हजरतगंज विक्रम सिंह ने बताया कि मंगलवार को महाराजा परिवार के 13 सदस्यों के साथ विधानभवन के आत्मदाह के इरादे से आई थी। जिन्हें समय पर रोका गया। अधीक्षण अभियंता, अमौसी मंडल लेसा भविष्य कुमार सक्सेना ने बताया कि दो पक्षों में बिजली लाइन को लेकर विवाद था। पूरे प्रकरण में एसडीएम और तहसीलदार की रिपोर्ट के अनुसार बिजली की लाइन सरकारी जमीन पर बनी है। जिसके बाद प्रकरण समाप्त हो गया।

# मण्डल के सभी जनपदों के प्रधानों का प्रशिक्षण का हुआ शुभारंभ

अमन लेखनी समाचार

मोहनलालगंज लखनऊ, मा० उच्च न्यायालय अनुपालन में लखनऊ मंडल के सभी जनपद लखनऊ उन्नाव हरदोई रायबरेली सीतापूर तथा खीरी के समस्त ग्राम प्रधान के प्रशिक्षण का शुभारम्भ दिनांक 15 जनवरी 2025 से 16 जनवरी 2025 को उप-निदेशक पं० लखनऊ मण्डल शाश्वत आनन्द सिंह के निर्देशन में ऑनलाइन जूम के माध्यम से कराया गया प्रशिक्षण मण्डलीय परियोजना प्रबन्धक वरूण श्रीवास्तव तथा वरिष्ठ फैकल्टी सह प्रबंधक रागिनी गिरि के द्वारा ग्राम प्रधानो को निम्नलिखित बिन्दुओं प्रशिक्षण प्रदान किया गया उत्तर प्रदेश पंचायती राज अधिनियम 1947 की धारा 15 के अनुसार ग्राम पंचायत के कार्य उत्तर प्रदेश पंचायती राज अधिनियम 1947 की धारा 95 (1) (छ) के प्राविधानुसार प्रधान को पद से हटाया जाना ग्राम प्रधान को स्वयं के आयकर रिर्टन दाखिल करने की जानकारी महिला ग्राम प्रधान को उनके अधिकारों और कर्तव्यों के संबंध में विशेष रूप से जानकारी दिये जाने हेतु मा० उच्च न्यायालय द्वारा अपेक्षा की गयी है ताकि प्रधानपति की अवधारणा को हतोत्साहित किया जा सके।

# महिला ने सूदखोर पर प्रताड़ना का आरोप लगा दर्ज कराया मुकदमा

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ, कृष्णा नगर कोतवाली क्षेत्र में रहने वाली एक पीड़िता लाखो रुपए सूदखोर को देने का बाद भी सूदखोरी से प्रताड़ित हो आत्महत्या के इरादे से संगम पहुँच गईं महिला के पति ने स्थानीय थाने पर पत्नी की गुमसुदगी दर्ज कराइ थी वहीं खोजबीन के बाद बरामद महिला ने पुलिस से अपनी पीड़ा व्यक्त की जिसपर कृष्णा नगर पुलिस ने सूदखोर के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है कृष्णा नगर इंस्पेक्टर पी के सिंह ने बताया कि थाना क्षेत्र के विनय नगर निवासी रिचा शुक्ला पत्नी अमित कुमार शुक्ला ने एक वर्ष पुर्व आकाश सोनकर नामक व्यक्ति से एक लाख रुपये बतौर कर्ज के रूप में लिया था जिसके एवज में करीब 6 लाख के जेवर रेहन के रूप में रखा था इस बीच उसने करीब दो लाख अस्सी हजार रुपए किस्तों में वापस भी किये लेकिन मूल रकम और ब्याज निरंतर उस पर बने हुए थे आरोप है कि जब उसने पैसे देने से मना कर किया तो आकाश सोनकर ने हमको मानसिक रूप से प्रताड़ित करने लगा तथा धमकी दी कि समाज और मोहल्ले मे बदनामी करेगा बदनामी की डर पीड़िता आत्महत्या के इरादे से घर से निकलकर संगम चली पत्नी के अचानक गायब होने पर पति अमित शुक्ला की शिकायत पर कृष्णानगर में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज की गई थी। इस दौरान परिवार वालो ने पीड़िता को खोज निकाला जिसके पश्चात लखनऊ लौटी पीड़िता ने कृष्णा नगर थाने पहुंची पीड़िता ने पुलिस को आपबीती बताई पीड़िता की आपबीती सुन कृष्णा नगर पुलिस ने मंगलवार को पीड़िता की शिकायत पर आरोपी सूदखोर के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही में जुटी हैं

# अन्न उत्पादक अब बनेंगे ऊर्जा उत्पादक

### कलेक्ट्रेट सभागार में हुआ किसान दिवस का आयोजन

अमन लेखनी समाचार

पडरौना। मुख्य विकास अधिकारी गुंजन द्विवेदी की अध्यक्षता में आज किसान दिवस माह जनवरी 2025 का आयोजन आज कलेक्ट्रेट सभागार आयोजित किया गया। इस अवसर पर यूपीनेडा के परियोजना अधिकारी गोविंद तिवारी ने किसानों के विद्युत चालित सिंचाई पंपों को सौर ऊर्जा चालित पंपों में बदलने की पीएम कुसुम सी०-1 सोलर पम्प योजना के बारे में विस्तृत जानकारी दी। योजना के अंतर्गत मुसहर, बनटगिया एवं अनुसूचित जाति के कृषकों को 100 प्रतिशत एवं अन्य कृषक बन्धुओं को 90 प्रतिशत की सब्सिडी प्रदान की जाती है किसान बंधु पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन करके अपने पंप से संबंधित दस्तावेज अपने लेखपाल व विद्युत विभाग के अवर अभियन्ता से सत्यापित कराकर अपलोड करके




कृषक अंश जमा करते हुए योजना का लाभ प्राप्त कर सकते है। तत्पश्चात पिछले किसान दिवस में प्राप्त प्रकरणों की निस्तारण आख्या उप कृषि निदेशक आशीष कुमार द्वारा पटल के सामने रखी गई। कृषक रामअधार कुशवाहा द्वारा बनरोज से फसलों के नुकसान की समस्या से समाधान हेतु अनुरोध किया गया। कृषक आनन्द तिवारी द्वारा तहसीलों के अभिलेखों में लिपिकीय त्रुटि के कारण किसानों को हो रही समस्या से अवगत कराया गया। राजेश कुशवाहा द्वारा प्रेसमड न मिलने एवं गन्ना पर्ची की समस्या बताई गयी जिसके क्रम में जिला गन्ना अधिकारी दिलीप कुमार सैनी द्वारा 30 जनवरी तक समस्याओं के समाधान के लिए आश्वस्त किया गय, किसान दिवस में मुख्य पशु चिकित्साधिकारी, जिला गन्ना अधिकारी, जिला कृषि अधिकारी डॉक्टर मेनका, यू०पी० नेडा परियोजना अधिकारी, सहायक अभियन्ता सिचाई खण्ड द्वितीय समेत अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# कल्ली ब्रदर्स ने उतरांवा तो भावाखेड़ा ने सिसेंडी को हराया

अमन लेखनी समाचार

निगोहां। बुधवार को निगोहां प्रीमियम लीग क्रिकेट टूनामेंट का शुभारम्भ सपा प्रवक्ता अनुराग भदौरिया व वरिष्ठ सपा नेता अमर पाल सिंह ने फीता काटकर किया। टूनामेंट में लखनऊ, रायबरेली सहित 16 टीमो ने हिस्सा लिया। टूनामेंट का फाइनल मैच 22 जनवरी को खेला जाएगा।टूनामेंट में पहले दिन दो लीग मैच हुए। पहला लीग मैच लखनऊ कल्ली ब्रदर्स टीम और उतरावां टीम के बीच हुआ।जिससे कल्ली ब्रदर्स ने टास जीतकर पहले फिल्डिंग करने का फैसला लिया। वहीं पहले बैटिंग करते हुए उतरावां इलेवन स्टार की टीम ने 10.5 ओवर में 10 विकेट खोकर 57 रनों का लक्ष्य रखा।इस लक्ष्य का पीछा करते हुए कल्ली ब्रदर्स ने 7 विकेट खोकर 9 ओवर में ही 63 रन बना कर जीत हासिल की। वहीं दूसरा लीग मैच सिसेंडी स्पार्टन और भावाखेड़ा टाइगर्स के बीच हुआ। जिसमें सिसेंडी ने 15 ओवर में 6 विकेट खोकर 125 रनों के लक्ष्य रखा। वहीं भावाखेड़ा टाइगर्स ने 5 विकेट खोकर 12 ओवर में ही 127 रन बनाकर जीत हासिल की। टूनामेंट के आयोजक सपा नेता शैलेन्द्र सिंह दीपू ने बताया टूनामेंट का फाइनल मैच 22जनवरी को खेल जायेगा।इस मौके पर भाकियू नेता रिशी मिश्रा, पूर्व प्रधान अजय सिंह, पूर्व प्रधान नीशू मिश्रा, नवीन मिश्रा, मिंटू बाजपेई, चन्दन सिंह, दूर्गेश सिंह दीपू, अर्चना रावत, विकास सिंह, दानिश खान, आतिफ अख्तर, देवेश बाजपेयी, मिंटू सिंह सहित खिलाड़ी व ग्रामीण मौजूद रहें।

# निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन कर बांटी मुफ्त दवाएं

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ।रायबरेली रोड के साउथ सिटी कॉलोनी में मकर संक्रांति के उपलक्ष में स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ० निरुपमा मिश्रा के नेतृत्व में दो दिवसीय मुफ्त चिकित्सा शिविर व महावारी स्वच्छता अभियान का आयोजन किया गया । आयोजन में गाइनेकोलॉजिस्ट डॉ० निरुपमा मिश्रा ने साउथ सिटी व आसपास के इलाकों में रहने वाली महिलाओं को सर्वाइकल कैंसर के प्रति जागरूक कर कार्यक्रम में मौजूद महिलाओं की निःशुल्क जांच कर रोग के निदान व समाधान की सलाह प्रदान कर बच्चों की भी मुफ्त जांच कर दवाएं दी और बालिकाओं को पर्सनल हाइजीन की जानकारी साझा कर



सेनेटरी पैड वितरित किया ।आयोजन में मौजूद शिक्षिका व समाज सेविका रीना त्रिपाठी ने कार्यक्रम में मौजूद बच्चियों को शिक्षा के प्रति जागरूक करते हुए स्वस्थ शरीर में स्वस्थ मस्तिष्क के निवास की व्याख्या देते हुए स्वास्थ्य की आवश्यक देखभाल पर बल दिया ।रीना त्रिपाठी ने लड़कियों को मेंस्ट्रूअल साइकिल की समुचित जानकारी व डॉक्टर द्वारा बताई गई विधि से निजी अंगों की साफ सफाई पर विशेष ध्यान रखने को कहा ।इस मौके पर आयोजित प्रतियोगिता में विजेता बच्चों को सम्मानित किया गया ।

# स्कूल वैन चालक ने पेड के सहारे दुपट्टा से फांसी लगा गवाई जान

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ।कृष्णा नगर कोतवाली इलाके में किराए के मकान में रहने वाले एक स्कूल वैन चालक ने अपने घर में लगे पेड़ में दुपट्टा के सहारे मंगलवार देर शाम संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी लगा ली।वहीं चालक को पेड से लटक देख पत्नी चीख पुकार कर रोने लगी। रोने की आवाज सुन मकान मालिक सहित पड़ोसी एकत्र हो गए। वहीं सूचना पर पहुंची स्थानीय कृष्णा नगर पुलिस ने चालक को फंदे से उतार नजदीकी लोकबंधु अस्पताल पहुंचाया जहां जांच के बाद डाक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।कृष्णा नगर कोतवाली प्रभारी पी के सिंह ने बताया कि मूल रूप से उन्नाव के औरास के राई गांव के रहने वाले रिशु रावत (27) लखनऊ में पत्नी प्रीति एवं अपनी डेढ़ वर्ष की बेटी और अनुष्का के साथ कृष्णा नगर स्थित मानस नगर में बी एल शर्मा के मकान में किराए पर रहकर स्कूल वैन चलाने का काम करता था। मृतक की पत्नी प्रीति के अनुसार मंगलवार रात वह खाना बना रही थी इसी बीच पति बाहर चले गए काफी देर तक जब वह वापस नही लौटे तो बाहर जाकर देखा तो पति को मफलर पेड़ के सहारे लटके हुए थे।पुलिस के अनुसार मृतक के शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। मौत का कारण स्पष्ट नहीं है। पोस्ट मार्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत का कारण स्पष्ट हो सकेगा।

## संक्षेप

### संदिग्ध परिस्थितियों में महिला की हुई मौत

उन्नाव। गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के गोताखोर मोहल्ले में किराए पर रहने वाली विवाहिता की मंगलवार रात संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। मायके पक्ष ने दहेज हत्या का आरोप लगाते हुए पुलिस को सूचना दी। सूचना पर पुलिस और फॉरेंसिक टीम ने मौके पर पहुंचकर जांच की और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा।राजीव नगर निवासी शबनम का निकाह तीन साल पहले गोताखोर निवासी नफीस से हुआ था। दंपति की डेढ़ साल की बेटी भी है। जानकारी के अनुसार, पति-पत्नी के बीच लंबे समय से विवाद चल रहा था। मायके पक्ष का आरोप है कि नफीस, उसके पिता शरीफ और मां अफसाना ने दहेज में एक लाख रुपये और बाइक की मांग की थी। मांग पूरी न होने पर शबनम को प्रताड़ित किया जाता था।मृतका की मां गुड़िया ने तहरीर में आरोप लगाया कि दहेज की मांग को लेकर उनकी बेटी की हत्या की गई। पुलिस ने नफीस और शरीफ को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। कोतवाली प्रभारी अनुराग सिंह ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है, जिससे मौत के सही कारणों का पता चलेगा। मृतका के भाई रेहान ने बताया कि शबनम और नफीस का तलाक हो चुका था। इसके बावजूद दोनों ने फिर से साथ रहना शुरू कर दिया था। दोनों के बीच अक्सर झगड़ा होता था।पुलिस ने दहेज हत्या का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। वही सूचना पर को सिटी सोनम सिंह और फोरेंसिक की टीम भी मौके पर पहुंची जहां टीम ने साक्ष्य संकलित किए हैं। गुड़िया की तहरीर पर तीन लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

### हनुमान जी मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा में शामिल हुए राज्य मंत्री

उन्नाव। आदर्श विद्या मंदिर स्कूल परिसर में हनुमान जी की मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा समारोह के दौरान लोक निर्माण विभाग के राज्यमंत्री ब्रजेश सिंह ने समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव पर तीखा प्रहार किया। मिल्कीपुर विधानसभा उपचुनाव को अखिलेश यादव द्वारा हिंदुत्व और समाजवाद के बीच की लड़ाई बताए जाने पर राज्यमंत्री ने कड़ी प्रतिक्रिया दी।राज्यमंत्री ने कहा, ₹जो लोग खुद को समाजवाद से जोड़ते हैं, वे हिंदुत्व की परिभाषा तक नहीं जानते। हिंदुत्व भारत की विचारधारा और सवा सौ करोड़ भारतीयों की प्राणधारा है।₹ उन्होंने महाकुंभ का उदाहरण देते हुए कहा कि वास्तविक समाजवाद और सामाजिक समरसता को समझने के लिए इस तरह के आयोजनों से सीखना चाहिए, जहां दो दिनों में करोड़ों भक्तों ने डुबकी लगाई। उन्होंने स्पष्ट किया कि हिंदुत्व और समाजवाद को अलग-अलग दिखाने का प्रयास भारतीय संस्कृति के विरुद्ध है।कार्यक्रम में सीएम योगी आदित्यनाथ के सलाहकार अवनीश अवस्थी, एमएलसी डॉ. अरुण पाठक, डीएम गौरांग राठी और एसपी दीपक भूकर सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। भाजपा नेता वेणुरंजन भदौरिया द्वारा आयोजित इस समारोह में अतिथियों का स्वागत परंपरागत रूप से गदा भेंटकर किया गया। राज्यमंत्री के इस बयान से आगामी उपचुनावों में राजनीतिक माहौल के गरमाने की संभावना बढ़ गई है।

# राज्य महिला आयोग की उपाध्यक्ष ने जिला अस्पताल का किया निरीक्षण

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। उन्नाव में राज्य महिला आयोग की उपाध्यक्ष अपर्णा यादव ने अखिलेश यादव के महाकुंभ और संगम स्नान पर दिए गए बयान को लेकर प्रतिक्रिया दी। अपर्णा यादव ने कहा कि गंगा में स्नान करना हर व्यक्ति के लिए शुभ और महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा, ₹यह अखिलेश यादव का निजी निर्णय है कि वह हरिद्वार गए। हर व्यक्ति अपनी आस्था और सोच के अनुसार स्थान चुनता है।₹अपर्णा यादव ने यह भी कहा कि वह आगामी महाकुंभ मेले में जाएंगी और गंगा स्नान करेंगी। उन्होंने यह भी कहा कि वह राज्य महिला आयोग के सदस्यों को भी महाकुंभ में ले जाने का प्रयास करेंगी ताकि वे इस पवित्र आयोजन का अनुभव कर सकें।अपर्णा यादव अपने उन्नाव दौरे के दौरान जिला महिला अस्पताल का निरीक्षण करने भी पहुंचीं। उन्होंने अस्पताल की व्यवस्थाओं का जायजा लिया और मरीजों से बातचीत कर उनकी समस्याएं सुनीं। अस्पताल के निरीक्षण के दौरान उन्होंने चिकित्सा सुविधाओं और सेवाओं को और बेहतर बनाने के निर्देश दिए।उन्होंने अस्पताल प्रबंधन से साफ-सफाई और मरीजों के इलाज में किसी भी तरह की लापरवाही न बरतने की हिदायत दी। उन्होंने कहा कि महिला अस्पतालों को सुरक्षित और बेहतर बनाने के लिए राज्य सरकार प्रतिबद्ध है।अपर्णा यादव ने महिलाओं की सुरक्षा और उनके अधिकारों को लेकर सरकार के प्रयासों का उल्लेख करते हुए कहा कि राज्य महिला आयोग महिलाओं की समस्याओं के समाधान के लिए लगातार काम कर रहा है। उन्होंने महिलाओं से अपील की कि वे अपने अधिकारों के प्रति जागरूक रहें और किसी भी समस्या के समाधान के लिए आयोग से संपर्क करें।उन्नाव दौरे के दौरान उन्होंने स्थानीय प्रशासन और अधिकारियों के साथ बैठक भी की। बैठक में महिलाओं की सुरक्षा, स्वास्थ्य सेवाओं और कल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन पर चर्चा हुई। अपर्णा यादव ने कहा कि महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए आयोग हर संभव कदम उठाएगा।

# विशेष अभियान चलाकर वाहनों में लगवाए गए रिफ्लेक्टर टेप

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। ठंड और घने कोहरे के चलते सड़क दुर्घटनाओं की बढ़ती घटनाओं को रोकने के लिए प्रशासन ने सतर्कता बढ़ाई है। जिला प्रशासन और परिवहन विभाग द्वारा एक विशेष अभियान चलाया गया, जिसमें चौपहिया और भारी वाहनों पर रिफ्लेक्टर टेप लगाए गए। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य कोहरे के दौरान सड़क सुरक्षा को बढ़ावा देना है।जिलाधिकारी गौरांग राठी और पुलिस अधीक्षक दीपक भूकर ने इस अभियान में सक्रिय भागीदारी निभाई। उनके साथ सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी (ARTO) प्रतिभा गौतम और श्वेता वर्मा भी मौजूद रहीं। इन अधिकारियों ने गदन खेड़ा चौराहे पर दो दर्जन से अधिक निजी और वाणिज्यिक वाहनों पर रिफ्लेक्टर टेप लगाए।रिफ्लेक्टर टेप कोहरे के दौरान सड़क पर चल रहे वाहनों को स्पष्ट रूप से देखने में मदद करता है। यह टेप दूर से चमकता है, जिससे वाहन चालकों को अन्य गाड़ियों का पता चल जाता है और दुर्घटनाओं की संभावना कम हो जाती है। प्रशासन ने इस टेप को सभी वाहनों पर अनिवार्य रूप से लगाने की सलाह दी है।इस अभियान के तहत चौपहिया और भारी वाहनों पर विशेष ध्यान दिया गया। निजी और कॉमर्शियल दोनों प्रकार के वाहनों पर रिफ्लेक्टर टेप लगाए गए। अधिकारी वाहन मालिकों को सड़क सुरक्षा के महत्व के बारे में जागरूक करते नजर आए। यह अभियान उन्नाव सदर कोतवाली क्षेत्र के गदन खेड़ा चौराहे पर चलाया गया। सुबह के समय कोहरे की स्थिति को ध्यान में रखते हुए यह अभियान आयोजित किया गया, ताकि वाहन चालकों को इसका सीधा लाभ मिल सके।अधिकारियों ने जनता से अपील की कि वे अपने वाहनों पर रिफ्लेक्टर टेप जरूर लगवाएं और कोहरे के दौरान धीमी गति से वाहन चलाएं। यह अभियान अन्य क्षेत्रों में भी चलाने की योजना है ताकि जिले भर में सड़क दुर्घटनाओं को कम किया जा सके।

## 6 गौतस्करों पर गैंगस्टर एक्ट के तहत की गई कार्यवाही

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। गौतस्करों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान में पुलिस ने सख्त रुख अपनाते हुए कई बड़े कदम उठाए हैं। एसपी दीपक भूकर के निर्देश पर जिले के विभिन्न थानों में गो-तस्करों पर कार्रवाई तेज कर दी गई है। इस कड़ी में थाना कोतवाली सदर पुलिस ने 6 अभियुक्तों के खिलाफ गैंगस्टर एक्ट के तहत कार्रवाई की है। इसके अलावा, जिले के 17 अन्य थानों द्वारा कुल 23 अभियुक्तों के खिलाफ बीएनएसएस के तहत कठोर कार्रवाई की गई है।थाना कोतवाली सदर पुलिस ने 6 अभियुक्तों के खिलाफ गैंगस्टर एक्ट की कार्रवाई की है। यह कदम जिले में संगठित अपराध और गो-तस्करी पर लगाम लगाने के लिए उठाया गया है। गैंगस्टर एक्ट के तहत की गई कार्रवाई से तस्करों के मनोबल को तोड़ने का प्रयास किया गया है।जिले के 17 थानों में गो-तस्करों के खिलाफ बीएनएसएस एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है। इनमें थाना सफीपुर, सोहरामऊ और बांगरमऊ पुलिस ने 3-3 अभियुक्तों के खिलाफ कार्रवाई की है। वहीं, थाना बिहार, बारासगवर, असोहा और माखी पुलिस ने 2-2 अभियुक्तों पर कार्रवाई की है। इसके अतिरिक्त, थाना आसीवन, हसनगंज, अजगैन, मौरावां, अचलगंज और बीघापुर पुलिस ने 1-1 अभियुक्त पर शिकंजा कसा है।एसपी दीपक भूकर ने कहा कि अपराधियों के खिलाफ लगातार अभियान चलाया जा रहा है। जिले में संगठित अपराध और गो-तस्करी में लिप्त लोगों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने जनता से अपील की कि वे गो-तस्करी जैसी अवैध गतिविधियों की सूचना पुलिस को दें। पुलिस द्वारा दी गई इस सख्ती का उद्देश्य अपराधियों में डर पैदा करना और समाज में शांति व कानून-व्यवस्था को बनाए रखना है।

## पड़ाव/ टैक्सी अड्डों को लेकर की गई समीक्षा

अमन लेखनी समाचार




उन्नाव। जनपद के समस्त नगर क्षेत्रों एवं जिला पंचायत क्षेत्र के अन्तर्गत संचालित किए जा रहे पडाव/टैक्सी अड्डों में शासन द्वारा जारी की गयी मानक संचालन प्रक्रिया का पालन किया जा रहा है या नहीं, की पन्नालाल सभागार में जिलाधिकारी गौरांग राठी की अध्यक्षता में समीक्षा की गयी। समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने कहा कि नगर क्षेत्रों एवं जिला पंचायत क्षेत्र के अन्तर्गत जो भी पहले से संचालित पडाव/अड्डे हैं उनमें प्रकाश, पार्किंग, वाहनों का सुलभ तरीके से प्रवेश व निकास, यात्रियों हेतु मूलभूत सुविधाएं, फूड कोर्ट एवं कैंटीन, यात्रियों के बैठने हेतु पर्याप्त सीट/बैंच, शेड, समुचित कूडादान, दिव्यांगजनों के लिए रैम्प, व्हील चेयर, विश्रामकक्ष आदि पर्याप्त सुविधाएं हैं या नहीं, इसकी जांच कर ली जाए। और जहां पर नए अड्डों के लिए भूमि का चिन्हीकरण किया जाना है उनकी उपयुक्तता की जांच उप जिलाधिकारी एवं क्षेत्राधिकारी द्वारा सामुहिक रूप से कर ली जाए। उन्होने कहा कि सभी पडाव एवं अड्डों पर पेयजल एवं महिला/पुरूष के लिए शौचालय की व्यवस्था अनिवार्य रूप से होनी चाहिए। पडाव अड्डों पर यात्रियों के बैठने के लिए पर्याप्त आरामदायक कुर्सियां/शीट/बैंच आदि की समुचित व्यवस्था होनी चाहिए ताकि यात्री गण अपनी टैक्सी के आने तक प्रतीक्षा कर सके। उन्होने नगर निकाय क्षेत्रों के समस्त अधिशाषी अधिकारियों को निर्देश दिए कि नगरीय निकायों में पडाव अड्डों का स्थल चयन, नीलामी शर्तों व नीलामी प्रक्रिया का निर्धारण कराएं जाने के संबंध में मानक संचालन प्रक्रिया का पालन सुनिश्चित कराया जाए। बैठक में अपर जिलाधिकरी न्यायिक विकास कुमार सिंह, सिटी मजिस्ट्रेट राजीव राज, डीपीएम कोमल शर्मा, ईओ उन्नाव एस0के0 गौतम, ईओ0 गंगाघाट मुकेश कुमार मिश्र सहित अन्य नगर निकायों के अधिशाषी अधिकारी गण आदि मौजूद रहे।

## हनुमान मंदिर के वार्षिक उत्सव में कलाकारों ने भक्तों का मोहामन

अमन लेखनी समाचार

सुमेरपुर, उन्नाव। तहसील बीघापुर क्षेत्र के गांव देवारा में हनुमान मंदिर के वार्षिक उत्सव पर आयोजित जगराते एवं कथक नृत्य में कलाकारों ने भक्ति रूपी गंगा में श्रद्धालुओं को पूरे समय डुबकी लगवाया। भीषण ठंड में भी उन्हें थिरकने के लिए मजबूर कर दिया।हनुमान मंदिर के वार्षिकोत्सव मंगलवार को प्रातः मंदिर का भव्य श्रृंगार कर सुंदरकांड का पाठ उसके बाद हवन पूजन हुआ। तत्पश्चात भंडारा शुरू हुआ जो देर रात तक चलता रहा। दिन में रायबरेली से आए कथक कलाकार अयोध्या शरण मिश्रा ने रामचरितमानस पर सुंदर प्रस्तुतीकरण एवं अपने भजनों से लोगों का मन मोह लिया। रात में लालगंज रायबरेली से आये जागरण मंडल ने अपना कार्यक्रम प्रस्तुत किया। जागरण का शुभारंभ अनामिका शुक्ला एवं अंजलि ने सरस्वती वंदना कर किया उसके बाद गणेश जी की झांकी आई। सुनील सरगम एवं दीपा ने अपने भजनों से लोगों को झूमने के लिए मजबूर कर दिया। जगराते में हनुमान जी की झांकी, फूलों की होली, शिव तांडव आदि मनोहारी झांकियां प्रस्तुत कर लोगों का मन मोह लिया।संयोजक स्वामी घनश्याम दास तिवारी ने आए हुए श्रद्धालुओं के प्रति आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन पूर्व प्रधान लक्ष्मी नारायण ने किया।इस मौके पर योगेंद्र सिंह, मुन्ना सिंह, सुरेंद्र सिंह, शुभम द्विवेदी, भगत, शिवलाल, लक्ष्मी नारायण, रिंकू सिंह, गुरुचरण, गौरव त्रिपाठी, सत्यम दीक्षित, राम बिलास आदि मौजूद थे। इस मौके पर मेला भी लगा जिसमें ग्रामीणों ने जमकर खरीद दारी किया।

## प्रेस क्लब आफ उत्तर प्रदेश के द्वारा जिला अस्पताल एवं हनुमान मंदिर में जरूरतमंदों को बांटे कंबल

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। प्रेस क्लब ऑफ उत्तर प्रदेश के जिला अध्यक्ष अनुराग त्रिवेदी की अध्यक्षता में उन्नाव जिला अस्पताल एवं हनुमान मंदिर में बैठे जरूरतमंदों को ठंड से राहत दिलाने के लिए वितरण किए गए कंबल प्रेस क्लब आप उत्तर प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष एस एन पांडे के द्वारा अनुराग त्रिवेदी को प्रेस क्लब ऑफ उत्तर प्रदेश का उन्नाव जिला अध्यक्ष बनाया गया जिसको लेकर अनुराग त्रिवेदी ने प्रेस क्लब आफ उत्तर प्रदेश के संगठन को विस्तार कर उन्नाव में सदस्यता अभियान चलाकर एक मजबूत संगठन खड़ा किया है जिसको लेकर आज संगठन के पदाधिकारी एवं सदस्यों के द्वारा आपस में सहयोग कर एक नेक कार्य की शुरूआत की गई जिसमें उन्नाव जिला अस्पताल में महिला वार्ड में जरूरतमंद महिलाओं को कंबल वितरण किए गए उसके बाद हनुमान मंदिर में बैठे बुजुर्ग लाचार महिला एवं पुरुषों को भी कंबल दिए गए आपको बता दें की प्रेस क्लब ऑफ उत्तर प्रदेश के जिला अध्यक्ष अनुराग त्रिवेदी ने एक नेक कार्य की शुरूआत की है जिसको लेकर बुजुर्गों महिलाओं के द्वारा उनको आशीर्वाद मिल रहा है और उन्होंने मीडिया से बात चीत में बताया की प्रेस क्लब ऑफ उत्तर प्रदेश संगठन के जितने भी पदाधिकारी हैं वह एक दायरे में रहकर काम कर रहे हैं इस कार्यक्रम में वरिष्ठ उपाध्यक्ष अनूप त्रिवेदी, महामंत्री सत्येंद्र सिंह, उपाध्यक्ष शिवम शुक्ला, संगठन मंत्री आदित्य बाजपेई , मंत्री सूरज मिश्रा, विधिक सलाहकार प्रशांत मिश्रा, विशाल त्रिवेदी सदस्य, रितेश कुमार सदस्य ,मिश्रा विनय मिश्रा सदस्य, राहुल सिंह सदस्य, राजू सैनी सदस्य , मो जीशान सदस्य ,राजेश कुमार कार्यकारणी सदस्य, गिरजा शंकर सदस्य के साथ आधा सैकड़ा सदस्य व पदाधिकारी मौजूद रहे।

## खेत पर जाते समय कटीले तार की चपेट से किसान की मौत

अमन लेखनी समाचार



बीघापुर, उन्नाव। कोतवाली क्षेत्र के अकवाबद में खेतों की रखवाली करने गए किसान की खेत में जाते समय कटीले तार की चपेट में आने से मौत हो गयी। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा दिया है।जानकारी के अनुसार बीघापुर थाना क्षेत्र के अकवाबाद निवासी 28 वर्षीय सचिन कुमार की खेत की रखवाली के दौरान मौत हो गई। सचिन मजदूरी का काम करता था, बीती रात खेत में फसल की रखवाली करने गया था। इस दौरान वह ब्लेड वाले काटे की चपेट में आ गया।परिजनों ने उसे गंभीर स्थिति में सीएचसी (सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र) पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार करते हुए उसे टिटनेस का इंजेक्शन लगाया और जिला अस्पताल रेफर कर दिया। जिला अस्पताल पहुंचने पर डॉक्टरों ने सचिन को मृत घोषित कर दिया। इस घटना की जानकारी मृतक के बड़े भाई विपिन कुमार ने दी। विपिन ने बताया कि सचिन दो भाइयों में छोटे थे। उनकी अचानक मौत से परिवार में मातम छा गया है।परिजनों का कहना है कि सचिन रोजाना खेतों की रखवाली के लिए जाते थे। घटना के वक्त वह खेत के पास घूम रहे थे, तभी पैर ब्लेड वाले काटे पर पड़ गया। समय पर सही इलाज नहीं मिलने के कारण उनकी स्थिति बिगड़ गई। सचिन के पिता सर्वेश कुमार बेटे की मौत से सदमे में हैं।परिवार का कहना है कि सचिन घर का मुख्य सहारा थे और मजदूरी कर परिवार का भरण-पोषण करते थे। उनकी मौत के बाद परिवार आर्थिक संकट का सामना कर रहा है। बीघापुर थाना पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया है।

## मकर संक्रांति पर खिचड़ी भोज का किया गया आयोजन



अमन लेखनी समाचार

फतेहपुर चौरासी, उन्नाव। स्थानीय क्षेत्र मे आज मकर संक्रांति पर्व के उपलक्ष्य मे क्षेत्र मे लोगों ने हर्षोल्लास के साथ खिचडी भोज कर मकर संक्रांति मनाई।प्रति वर्ष की भांति ऊगू के काली माता मंदिर पर खिचडी भोज का आयोजन हुआ जिसमें सैकड़ो लोगो ने प्रसाद ग्रहण किया।काली माता मंदिर पर आयोजित खिचडी भोज में सार्वजनिक सहयोग से नगर वासियों लोगों को खिचड़ी खिलाई गई। जिसका आयोजन हर्ष शुक्ला पप्पू कस्यप सुशील कस्यप अंशू कस्यप विकास कस्यप सूरज विशाल तिवारी आदि ने किया। इस अवसर पर आर पी एस समाचार चैनल के संपादक रघुनाथ प्रसाद शास्त्री के द्वारा गरीब तथा दिब्यांगो को और जरूरत मंद लोगों को भीषण सर्दी के मौसम में गरीबों को कंबल भी वितरित किये तथा पत्रकारों को एक एक डायरी और कलेडंर देकर संम्मानित किया।

## प्रदेश के आबकारी मंत्री के सामने सड़क निर्माण में हो रही लापरवाही का मामला उठा

अमन लेखनी समाचार




बांगरमऊ, उन्नाव। प्रदेश के मद्य एवं आबकारी मंत्री नितिन अग्रवाल का एक निजी कार्यक्रम में आज बांगरमऊ नगर में आना हुआ। व्यापार मण्डल के प्रतिनिधियों के बीच लोगों ने उनके सम्मुख सड़क निर्माण कराए जाने की मांग रखी। सड़क निर्माण शुरू होने के बाद काम रुक जाने की शिकायत नागरिकों ने की। इस पर आबकारी मंत्री ने सड़क निर्माण में आने वाली समस्याओं को दूर कराकर सड़क जल्द बनेगी का भरोसा उन्होंने नागरिकों को दिलाया।

मालूम हो कि व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष शरद अग्रवाल की माता जी स्व तारा देवी अग्रवाल जो नितिन अग्रवाल की दादी थी का बीते दिवस देहावसान हो गया था। जिसमें मंत्री जी शरीक नहीं हो पाए थे। दिवंगत के परिजनों को ढाढस बंधाने आज वह शरद अग्रवाल के हरदोई रोड स्थित प्रतिष्ठान पर पहुंचे। अपनी शोक संवेदना व्यक्त करने के साथ उन्होंने परिवारिक चर्चा भी की। इसी बीच नगर के नागरिकों से भेंट भी की। व्यापारी नेता शरद अग्रवाल व पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष इजहार खा गुड्डू ने बाई पास से नई पानी की टंकी वाली को जाने वाली रोड के निर्माण कराए जाने का मामला उठाया। साथ ही अति शीघ्र बनवाने का निवेदन भी किया। मंत्री नितिन अग्रवाल ने सड़क निर्माण में आने वाली दिक्कतों का हल जिलाधिकारी के माध्यम से तत्काल कराए जाने की बात कही। इस मौके पर ब्लॉक प्रमुख अर्जुन लाल दिवाकर, व्यापारी नेता रविकांत गुप्ता ,अंबर अग्रवाल ,अंकित अग्रवाल , अतुल रस्तोगी ,अमित अग्रवाल, सुधीर कुमार मिश्रा सद्धू,सी ओ अरविन्द चौरसिया व कोतवाली प्रभारी राजेश पाठक मौजूद रहे।

## ठंड, शीत लहर के दृष्टिगत राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ ने अवकाश हेतु दिया पत्र



अमन लेखनी समाचार

बाबागंज, बहराइच। राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ जिलाध्यक्ष बहराइच आनन्द मोहन मिश्र ने जिलाधिकारी मोनिका रानी व जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी आशीष कुमार सिंह को पत्र देकर जिले में खराब मौसम, कड़ाके की ठंड,शीत लहर, अत्यधिक कोहरे से न्यूनतम दृश्यता एवं न्यूनतम तापमान के कारण विद्यालयों में अवकाश घोषित करने की मांग की है।उन्होंने कहा कि बहराइच में भीषण ठंड,शीत लहर,गलन के कारण घर से निकलना दुष्कर है,अधिकांश छात्र छात्राओं के भीषण ठंड,गलन से बचाव के लिए उपयुक्त गर्म कपड़े भी नही है, अधिकांश शिक्षक, शिक्षिकाएं ग्रामीण क्षेत्र के आवागमन के साधन होने के कारण अपने मोटरसाइकिल तथा स्कूटी से विद्यालय आते जाते है अत्यधिक कोहरे के कारण कम दृश्यता तथा अधिक ठंड के कारण उन्हें भी काफी समस्या हो रही है। खराब मौसम के कारण राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ-बहराइच ने छात्रहित /जनहित में जनपद के परिषदीय विद्यालयों (1-8) में अवकाश किए जाने की मांग की है।

# कोहरे व ठंड ने जनपद में ढाया सितम

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव।बुधवार को कोहरे और सर्दी ने उन्नाव समेत पूरे क्षेत्र में जनजीवन को बुरी तरह प्रभावित कर दिया। सुबह से ही कोहरे की धनी चादर ने पूरे इलाके को अपनी गिरफ्त में ले लिया। न्यूनतम तापमान 8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जबकि अधिकतम तापमान 19 डिग्री तक ही पहुंच सका। ठंड और कोहरे के चलते रेल संचालन, यातायात व्यवस्था और आम जीवन पर बड़ा असर पड़ा।घने कोहरे के कारण रेल संचालन पर बड़ा असर पड़ा। लंबी दूरी की एक्सप्रेस और मेल ट्रेनों का संचालन तीन से चार घंटे तक विलंबित रहा। यात्री ठंड में ठिठुरते हुए स्टेशनों पर ट्रेनों का इंतजार करते नजर आए। कई लोगों को अपने गंतव्य तक पहुंचने में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा। दूसरी ओर, सड़क यातायात पर भी कोहरे का असर दिखा। दृश्यता बेहद कम होने के कारण वाहन चालकों को धीमी गति से वाहन चलाने पड़े। खासकर, दोपहिया वाहन चालक और साइकिल सवार ठंड से कांपते हुए सड़कों पर चलते दिखे।मंगलवार की शाम से शुरू हुई बर्फीली हवाओं ने ठंड को और बढ़ा दिया। रात में गलन इतनी अधिक थी कि लोगों को रजाई और अलाव का सहारा लेना पड़ा। जगह-जगह लोग अलाव जलाकर ठंड से बचने की कोशिश करते दिखे। ठिठुरन के चलते कई लोग घरों से बाहर निकलने से बचते नजर आए। ठंड ने मजदूर वर्ग और सड़क पर काम करने वाले लोगों की परेशानियों को और बढ़ा दिया।सर्दी और कोहरे के कारण बाजारों में गर्म कपड़ों की खरीदारी में तेजी देखी गई। ऊनी कपड़े, स्वेटर, जैकेट, टोपी और दस्तानों की बिक्री में इजाफा हुआ है। दुकानदारों का कहना है कि ठंड के बढ़ते प्रकोप केइजाफा हुआ है। दुकानदारों का कहना है कि ठंड के बढ़ते प्रकोप के कारण ग्राहक बड़ी संख्या में गर्म कपड़े खरीदने आ रहे हैं। रजाई और कंबल की दुकानों पर भी भीड़ देखी जा रही है।बर्फीली हवाओं और गलन ने बाहर काम करने वाले मजदूरों की मुश्किलें बढ़ा दी हैं। अलाव का सहारा ले रहे हैं। राहगीर और दैनिक यात्री भी इस मौसम में खासी दिक्कतें झेल रहे हैं। बच्चों और बुजुर्गों के लिए ठंड बेहद चुनौतीपूर्ण साबित हो रही है। अस्पतालों में सर्दी-जुकाम और सांस से जुड़ी बीमारियों के मरीजों की संख्या में इजाफा हुआ है।प्रशासन ने लोगों को ठंड से बचने और सतर्क रहने की सलाह दी है। खासकर, स्कूलों में बच्चों को ठंड से बचाने के लिए छुट्टी का ऐलान किया गया है। जरूरतमंदों को कंबल बांटने और अलाव की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। वहीं, मौसम विभाग ने अगले कुछ दिनों में ठंड और कोहरे के और बढ़ने की संभावना जताई है।

## सम्पादकीय

# इकोनॉमी व ईकोसिस्टम में सुधार से युवा होंगे सशक्त

युवा देश की ताकत हैं, उनमें देश को बदलने व नई दिशा देने की ऊर्जा व क्षमता है। बिना युवाओं के योगदान के विकसित भारत का लक्ष्य हासिल नहीं किया जा सकता है। करोड़ों युवाओं के प्रेरणास्त्रोत स्वामी विवेकानंद की जयंती पर देश के युवाओं से पीएम नरेन्द्र मोदी का संवाद करना इन्हीं ताकत को एड्रेस करना व प्रेरित करना है। युवा शक्ति के साथ इस संवाद में पीएम ने लक्ष्य के साथ जीने, काबिल बनने, विकसित भारत पर बात की। युवाओं को प्रेरित करने के लिए विवेकानंद जयंती के अवसर का चयन भी सराहनीय है और उनके समक्ष विकसित भारत के ध्येय व राष्ट्र के भविष्य को संवारने का संकल्प दोहराना भी अच्छा आइडिया है, लेकिन देश के सामने अनेक चुनौतियां हैं, जिन्हें सरकार द्वारा एड्रेस किए बिना विकसित भारत का लक्ष्य वर्ष 2047 तक हासिल नहीं किया जा सकता है। पीएम के विचार में विकसित भारत की संकल्पना में ऐसा भारत है जो आर्थिक, सामरिक, सामाजिक और सांस्कृतिक रूप से सशक्त होगा, जहां अर्थव्यवस्था (इकोनॉमी) भी बुलंद होगी और राष्ट्र का ईकोसिस्टम (परिस्थितिकी) भी शानदार होगा। भारत विश्व में सर्वाधिक युवाओं वाला देश है, इसी के साथ देश के अधिकांश युवाओं के सामने अनेक बाधाएं हैं और राष्ट्र का ईकोसिस्टम ही खंडित, भ्रमित, भ्रष्ट और विभाजनकारी है। इसके भी कई कारण हैं। चौदह वर्ष तक निःशुल्क व अनिवार्य शिक्षा व्यवस्था और शिक्षा के अधिकार के बावजूद देश में करोड़ों बच्चे नियमित स्कूल से दूर हैं। नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति के बावजूद अभी भी प्राथमिक शिक्षा के प्रति कोई राष्ट्रीय अवधारणा और मॉडल नहीं है। एक देश एक चुनाव की बात तो होती है, पर एक देश एक शिक्षा बोर्ड और एक पाठ्यक्रम की बात नहीं होती है। स्कूली शिक्षा के अलग-अलग बोर्ड व अलग-अलग पाठ्यक्रम के चलते जीवन, परिवार, समाज व राष्ट्र के बारे में अलग-अलग दृष्टिकोण व बोध के साथ बच्चे युवा अवस्था में पहुंचते हैं। ऐसे में युवाओं में भारतीयता व भारतीय संस्कृति से पूर्ण राष्ट्रीय बोध विकसित नहीं हो पाता है। सामाजिक और आर्थिक सुरक्षा का ईकोसिस्टम भी देश में विकसित नहीं हो सका है। सभी संवैधानिक अधिकार के बावजूद देश में अनेक स्तर पर भेदभाव का ईकोसिस्टम है। युवाओं के सामने रोजगार व रोजी-रोटी की बड़ी समस्या है। गरीबी, बीमारी की चुनौती देश के सामने है। सभी के लिए अनिवार्य स्वास्थ्य सेवा का अभाव है। देश में एक लाख से भी कम सरकारी व निजी अस्पताल हैं। पेयजल, बिजली, ट्रांसपोर्ट आदि की सुविधाएं भी सभी तक नहीं हैं। डार्क वेब, क्रिप्टो, डिजिटल रीच नई चुनौतियां हैं। आतंकवाद, अलगाववाद, उग्रवाद व नक्सलवाद से देश पहले से जूझ रहा है। फ्रीबिज कल्चर से वोट बैंक साधे जा रहे हैं। जिस देश में करीब 81 करोड़ लोगों को पांच किलोग्राम प्रतिमाह मुफ्त अनाज दिया जा रहा है, उस देश के ऐसे युवा विकसित भारत की यात्रा में कैसे भागीदार होंगे? बेशक देश प्रगतिपथ पर है, पर रेवड़ी कल्चर, जातिवादी व विभाजनकारी राजनीति से देश का ईकोसिस्टम खराब ही हो रहा है। इसको सुधारे बिना हम विकसित भारत की कल्पना कैसे कर सकते हैं? डा. भीमराव आंबेडकर के सोशल व इकोनोमिक डेमोक्रेसी भी लागू करने होंगे। प्रशासनिक, पुलिस, राजनीतिक, न्यायिक सुधार भी करने होंगे। सबके लिए समान आर्थिक अवसर का ईकोसिस्टम भी बनाना होगा और आर्थिक सुधार के अगले चरण भी करने होंगे।



हिंसा

प्रमोद भार्गव

# नक्सलवाद का खात्मा बड़ी चुनौती

केंद्र सरकार ने 2026 तक नक्सलवाद का पूर्ण सफाया करने का संकल्प लिया हुआ है। लेकिन नक्सलियों का अस्तित्व अब तक बना है तो इसलिए क्योंकि कुछ देश विरोधी ताकतें उन्हें धन, विस्फोटक और उत्तम गुणवत्ता की संचार प्रणाली उपलब्ध करा रहे हैं। यह वाकई चिंता का विषय है कि नक्सली अपने विरुद्ध चल रहे सुरक्षाबलों के अभियानों को निशाना बनाने में बार-बार क्षति पहुंचाने में सफल हो जाते हैं। अतएव लगता है कि सजातीय वनवासियों और ग्रामीणों पर उनकी पकड़ अभी भी बनी हुई है। वही सुरक्षाबलों की मुखबिरी करके सटीक जानकारी पहुंचाते हैं। नक्सली हिंसा लंबे समय से देश के अनेक प्रांतों में आंतरिक मुसीबत बनी हुई है।

छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिला मुख्यालय से 55 किमी दूर अंबेली गांव के पास नक्सलियों द्वारा बिछाए गए अति तीव्र विस्फोटक की चपेट में आकर एक आरक्षित गार्ड समेत आठ जवान शहीद हो गए। विस्फोटक इतना तीव्र था कि जवानों के वाहन स्कार्पियो के परखच्चे उड़ गए। नक्सलियों की यह चुनौती उस समय मिली है, जब नक्सलियों के संगठनों के खत्म होने की उम्मीद की जा रही है, लेकिन इस चुनौती ने साफ कर दिया है कि नक्सलियों का वैसा दमन अब तक नहीं हो सका है, जैसी उम्मीद की जा रही है। हालांकि केंद्र सरकार ने 2026 तक नक्सलवाद का पूर्ण सफाया करने का संकल्प लिया हुआ है। लेकिन नक्सलियों का अस्तित्व अब तक बना है तो इसलिए क्योंकि कुछ देश विरोधी ताकतें उन्हें धन, विस्फोटक और उत्तम गुणवत्ता की संचार प्रणाली उपलब्ध करा रहे हैं।

यह वाकई चिंता का विषय है कि नक्सली अपने विरुद्ध चल रहे सुरक्षाबलों के अभियानों को निशाना बनाने में बार-बार क्षति पहुंचाने में सफल हो जाते हैं। अतएव लगता है कि सजातीय वनवासियों और ग्रामीणों पर उनकी पकड़ अभी भी बनी हुई है। वही सुरक्षाबलों की मुखबिरी करके सटीक जानकारी पहुंचाते हैं। नक्सली हिंसा लंबे समय से देश के अनेक प्रांतों में आंतरिक मुसीबत बनी हुई है। वामपंथी उग्रवाद कभी देश की आंतरिक सुरक्षा के लिए बड़ा खतरा माना जाता रहा है। लेकिन चाहे जहां रक्तपात की नदियां बहाने वाले इस उग्रवाद पर लगभग नियंत्रण किया जा चुका है। नई रणनीति के अंतर्गत अब सरकार की कोशिश है कि सीआरपीएफ की तैनाती उन सब अज्ञात क्षेत्रों में कर दी जाए, जहां नक्सली अभी भी ठिकाना बनाए हुए हैं। इस नाते केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) छत्तीसगढ़ के बस्तर जिले में सबसे अधिक नक्सल हिंसा प्रभावित क्षेत्रों में 4000 से अधिक सैन्यबल तैनात करने जा रहा है। केंद्र सरकार की कोशिश है कि 31 मार्च 2026 तक इस क्षेत्र को पूरी तरह नक्सलवाद से मुक्त कर दिया जाए। इतनी बड़ी संख्या में सैन्यबलों की अज्ञात क्षेत्र में पहुंच का मतलब है कि अब इस उग्रवाद से अंतिम लड़ाई होने वाली है। मजबूत और कठोर कार्य योजना को अमल में लाने का ही नतीजा है कि इस साल सुरक्षाबलों के साथ मुठभेड़ में 153 नक्सली मारे जा चुके हैं। शाह का कहना है कि 2004-14 की तुलना में 2014-24 के दौरान देश में नक्सली हिंसा की घटनाओं में 53 प्रतिशत की कमी आई है। 2004-14 में नक्सली हिंसा की 16,274 वारदातें दर्ज की गई थीं, जबकि नरेंद्र मोदी के प्रधानमंत्री बनने के बाद 10 सालों में इन घटनाओं की संख्या घटकर 7,696 रह गई। इसी अनुपात में देश में माओवादी हिंसा के कारण होने वाली मौतों की संख्या 2004-14 में 6,568 थीं, जो पिछले दस साल में घटकर 1990 रह गई है और अब सरकार ने जो नया संकल्प लिया है, उससे तय है कि जल्द ही इस समस्या को निर्मूल कर दिया जाएगा। जिस तरह से नरेंद्र मोदी सरकार ने जम्मू-कश्मीर से आतंक और अलगाववाद खत्म करने की निर्णायक लड़ाई लड़ी थी, वैसी ही स्थिति अब छत्तीसगढ़ में अनुभव होने लगी है। इसमें कोई दो राय नहीं कि छत्तीसगढ़ में नक्सली तंत्र



कमजोर हुआ है, लेकिन उसकी शक्ति अभी शेष है। अब तक पुलिस व गुप्तचर एजेंसियां इनका सुराग लगाने में नाकाम होती रही थीं, लेकिन नक्सालियों पर शिकंजा कसने के बाद से इनको भी सूचनाएं मिलने लगी हैं। इसी का नतीजा है कि सैन्यबल इन्हें निशाना बनाने में लगातार कामयाब हो रहे हैं। छत्तीसगढ़ के ज्यादातर नक्सली आदिवासी हैं और इनका कार्यक्षेत्र वह आदिवासी बहुल इलाका है, जिससे ये खुद आकर नक्सली बने हैं। इसलिए इनका सुराग सुरक्षाबलों को लगा पाना मुश्किल होता है। लेकिन ये इसी आदिवासी तंत्र से बने मुखबिरों से सूचनाएं आसानी से हासिल कर लेते हैं। दुर्गम जंगली क्षेत्रों के मार्गों, छिपने के स्थलों और जल स्त्रोतों से भी ये खूब परिचित हैं। इसलिए ये और इनकी शक्ति लंबे समय से यहीं के खाद-पानी से पोषित होती रही है।

हालांकि अब इनके हमलों में कमी आई है। दरअसल इन वनवासियों में अर्बन माओवादी नक्सलियों ने यह भ्रम फैला दिया था कि सरकार उनके जंगल, जमीन और जल-स्त्रोत उद्योगपतियों को सौंपकर उन्हें बेदखल करने में लगी है, इसलिए यह सिलसिला जब तक थमता नहीं है, विरोध की मुहिम जारी रहनी चाहिए। सरकारें इस समस्या के निदान के लिए बातचीत के लिए भी आगे आईं, लेकिन कामयाबी नहीं मिली। इन्हें बंदूक के जरिए भी काबू में लेने की कोशिशें हुई हैं। लेकिन नतीजे अनुकूल नहीं रहे। एक उपाय यह भी हुआ है कि जो नक्सली आदिवासी समर्पण कर मुख्यधारा में आ गए उन्हें बंदूकें देकर नक्सलियों के विरुद्ध खड़ा करने की रणनीति भी अपनाई गई। इस उपाय में खून-खराबा तो बहुत हुआ, लेकिन समस्या बनी रही। गोया, आदिवासियों को मुख्यधारा में लाने से लेकर विकास योजनाएं भी इस क्षेत्र को नक्सल मुक्त करने में अब तक सफल नहीं हो पाई हैं। बस्तर के इस जंगली क्षेत्र में नक्सली नेता हिडमा का बोलबाला रहा है।

वह सरकार और सुरक्षाबलों को लगातार चुनौती दे रहा है, जबकि राज्य एवं केंद्र सरकार के पास मोदी सरकार से पहले रणनीति और दृढ़ इच्छा षक्ति की हमेशा कमी रही थी। तथाकथित शहरी माओवादी बौद्धिकों के दबाव में भी मनमोहन सिंह सरकार रही। इस कारण भी इस समस्या का हल दूर की कौड़ी बना रहा। यही वजह थी कि नक्सली क्षेत्र में जब भी कोई विकास कार्य या चुनाव प्रक्रिया संपन्न होती थी तो नक्सली उसमें रोड़ा अटका देते थे। नक्सली समस्या से निपटने के लिए राज्य व केंद्र सरकार दावा कर रही हैं कि विकास इस समस्या का निदान है। यदि छत्तीसगढ़ सरकार के विकास संबंधी विज्ञापनों में दिए जा रहे आंकड़ों पर भरोसा करें तो छत्तीसगढ़ की तस्वीर विकास के मानदण्डों को छूती दिख रही हैं, लेकिन इस अनुपात में यह दावा बेमानी है कि समस्या पर अंकुश विकास की धारा से लग रहा है ? क्योंकि इसी दौरान बड़ी संख्या में महिलाओं को नक्सली बनाए जाने के प्रमाण भी मिले हैं। जब किसी भी किस्म का चरमपंथ राष्ट्र-राज्य की परिकल्पना को चुनौती बन जाए तो जरूरी हो जाता है कि उसे नेस्तनाबूद करने के लिए जो भी कारगर उपाय उचित हों, उनका उपयोग किया जाए ? हालांकि देश में तथाकथित शहरी बुद्धिजीवियों का एक तबका ऐसा भी रहा है, जो माओवादी हिंसा को सही ठहराकर संवैधानिक लोकतंत्र को मुखर चुनौती देकर नक्सलियों का हिमायती बना हुआ था। इसे विडंबना ही कहा जाएगा कि जब ये राष्ट्रघाती बुद्धिजीवी पुख्ता सबूतों के आधार पर गिरफ्तार किए गए तो बौद्धिकों और वकीलों के एक गुट ने देश के सर्वोच्च न्यायालय को भी प्रभाव में लेने की कोशिश की और गिरफ्तारियों को गलत ठहराया था। लेकिन अब इस चरमपंथ पर अंकुश लगाना जरूरी है।

## आस्था

प्रत्यूष शर्मा



# पोषण की देवी का उत्सव है शाकंभरी पूर्णिमा

शाकंभरी पूर्णिमा एक महत्वपूर्ण हिंदू त्योहार है। यह सौभाग्यशाली दिन पौष महीने की पूर्णिमा के दिन मनाया जाता है, जो आमतौर पर जनवरी महीने में आता है। इस दिन, भक्त पोषण प्रदान करने के लिए देवी को अपनी कृतज्ञता व्यक्त करते हैं। पौष पूर्णिमा के दिन ही शाकंभरी जयन्ती मनायी जाती है। पौष पूर्णिमा 13 जनवरी 2025 को सुबह 05 बजकर 03 मिनट पर शुरू होगी और अगले दिन 14 जनवरी 2025 को सुबह 3 बजकर 56 मिनट पर इसका समापन होगा। भागवत पुराण में वर्णित शाकंभरी देवी के बारे में कहा जाता है कि वे असुर दुर्गम द्वारा फैलाए गए भयंकर सूखे को रोकने के उद्देश्य से पृथ्वी पर अवतरित हुई थीं। ब्राह्मणों और पीड़ित प्राणियों की प्रार्थना के परिणामस्वरूप, शाकंभरी देवी संतुलन और समृद्धि को बहाल करने के इरादे से प्रकट हुईं। देवी मां ने वनस्पति उत्पादों की एक किस्म का निर्माण करके यह सुनिश्चित किया कि पृथ्वी पर सभी जीवित प्राणियों को पोषण मिले। इसी कारण देवी शाकंभरी को 'पोषण की देवी' कहा गया। देवी महात्म्य में उल्लेख है कि सौ साल के सूखे के बाद देवी दुर्गा शाकंभरी माता के रूप में प्रकट हुईं। सभी पौधे सूख गए थे और खाने के लिए कुछ भी नहीं था। शाकंभरी माता ने लोगों की भूख मिटाने के लिए अपने शरीर से फल, फूल, सब्जियां और जड़ी-बूटियां उत्पन्न कीं। शाकंभरी पूर्णिमा आठ दिवसीय शाकंभरी नवरात्रि उत्सव का समापन है। शाकंभरी नवरात्रि अष्टमी को शुरू होती है और पूर्णिमा को समाप्त होती है, जबकि अन्य नवरात्रि उत्सव शुक्ल प्रतिपदा को शुरू होते हैं। शाकंभरी देवी के प्रति अपनी श्रद्धा प्रकट करने के लिए भक्त शाकंभरी नवरात्रि के दौरान कई धार्मिक अनुष्ठानों में भाग लेते हैं।



वे सुबह जल्दी उठते हैं, स्नान करते हैं और देवी की पूजा करते हैं। आरती की जाती है, देवी को फूल और मिठाई अर्पित की जाती है और दीये जलाए जाते हैं। शाकंभरी देवी का आशीर्वाद लेने के साथ, भक्त दुर्गा चालीसा का भी पाठ करते हैं। शाकंभरी देवी का सबसे प्रसिद्ध मंदिर उत्तर प्रदेश के सहारनपुर जिले में स्थित है। शाकंभरी पूर्णिमा के दौरान बड़ी संख्या में भक्त देवी की कृपा पाने के लिए इस मंदिर में आते हैं। शाकंभरी माता की जयंती के उपलक्ष्य में एक भव्य मेला आयोजित किया जाता है, जिसमें पूरे देश से लाखों श्रद्धालु आते हैं। शाकंभरी नवरात्रि सहारनपुर के अलावा भारत के कई क्षेत्रों में मनाई जाती है। राजस्थान, कर्नाटक, महाराष्ट्र और तमिलनाडु के कुछ क्षेत्रों में भक्त बनशंकरी देवी सहित विभिन्न नामों से देवी की पूजा करते हैं। कर्नाटक के बादामी में बनशंकरी मंदिर में भक्त देवी की पूजा करने के लिए इकट्ठा होते हैं। शाकंभरी नवरात्रि के दौरान बड़ी संख्या में भक्त शाकंभरी देवी का आशीर्वाद प्राप्त करने के लिए उपवास रखते हैं। यह व्रत शरीर और मन को शुद्ध करके भक्तों को देवी की सकारात्मक और दिव्य ऊर्जा का अनुभव करने में सक्षम बनाता है। उपवास की प्रक्रिया सुबह जल्दी उठने के साथ शुरू होती है, जिसके बाद स्नान किया जाता है। भक्ति क्षेत्र को शुद्ध करने के बाद, देवता को गंगाजल चढ़ाया जाता है। प्रसाद, ताजे फल, सब्जियां और फूल पूजा स्थल में रखे जाते हैं। शाकंभरी देवी के आशीर्वाद प्राप्त करने के लिए भक्त बनशंकरी मंत्र, प्रार्थनाएं और मंत्र पढ़ते हैं। सनातन धर्म में पूजा के संदर्भ में मंत्रों का बहुत महत्व है। ऐसा माना जाता है कि शाकंभरी देवी से जुड़े मंत्रों का जाप करने से आध्यात्मिक उन्नति और जातक का कल्याण होता है। शाकंभरी देवी की पूजा 'ॐ शाकंभरी-देव्यै नमः' के जाप के माध्यम से की जाती है, जो मुख्य मंत्र है, जिसका उपयोग देवी की कृपा प्राप्त करने के लिए किया जाता है। देवी शाकंभरी का नाम बागवानी, फलों और हरी-भरी पत्तियों के प्रति उनके लगाव को दर्शाता है। पोषण की देवी के रूप में, वो सभी जीवों के लिए पर्याप्त मात्रा में पोषण देती हैं। कमल उनके ऊपरी दाहिने हाथ में है

# नए दिन को देखने की कोशिश



संकलित

दर्शन

ओसो कहते हैं, हम वर्ष में कभी-कभी नए दिन को देखने की कोशिश करते हैं। जिसके पास ताजा मन हो, वह हर चीज को ताजी और नई कर लेता है। लेकिन ताजा मन हमारे पास नहीं है, तो हम चीजों को नया करते हैं। नए की खोज जरूर है मन में, होनी भी चाहिए। दो तरह की नए की खोज होती है। एक तो स्वयं को नया करने की खोज होती है। जो आदमी स्वयं को नया कर लेता है, उसके लिए कभी कोई चीज पुरानी होती ही नहीं। जो अपने मन को रोज नया कर लेता है, उसके लिए हर चीज रोज नई हो जाती है, क्योंकि वह आदमी रोज नया हो जाता है। जो अपने को नया नहीं कर पाता उसके लिए सब चीजें पुरानी ही होती हैं। दूसरे, लोग स्वयं को नया नहीं करते, बल्कि चीजों को नया करते हैं, इसलिए उनके लिए रोज नया नहीं होता, कभी-कभी नया होता है। दुनिया में दो तरह के लोग हैं- एक वे, जो अपने को नया करने का राज खोज लेते हैं। दूसरे वे, जो अपने को पुराना बनाए रखते हैं और चीजों को नया करने में लगे रहते हैं। इन्हें भौतिकतावादी कहना चाहिए, जो चीजों को नया करने की तलाश में है। भौतिकतावादी और अध्यात्मवादी में एक ही फर्क है। अध्यात्मवादी रोज अपने को नया करने की चिंता में संलग्न है। उसका कहना यह है कि अगर मैं नया हो गया तो इस जगत में मेरे लिए कुछ भी पुराना न रह जाएगा। क्योंकि, जब मैं ही नया हो गया तो पुराने का स्मरण करनेवाला भी नहीं बचा, पुराने को देखनेवाला भी नहीं बचा, हर चीज नई हो जाएगी।

# विवेकानंद जब काली मां के पास गए



संकलित

प्रेरणा

विवेकानंद के जीवन में एक बहुत अद्भुत घटना घटी। एक बार उनकी मां बहुत बीमार थीं और मृत्युशैय्या पर थीं। विवेकानंद के पास पैसे नहीं थे कि वह अपनी मां के लिए दवा और खाना ला सकें। यह सोचकर उन्हें अपने पर बहुत गुस्सा आया कि वह अपनी बीमार मां का ध्यान भी नहीं रख सकते। वह रामकृष्ण के पास गए। उन्होंने रामकृष्ण से कहा, इन सारी फालतू चीजों, इस आध्यात्मिकता से मुझे क्या लाभ है। अगर मेरे पास कोई नौकरी होती तो मैं काम करता और अपनी मां का खयाल रख पाता। मैं उसे भोजन दे पाता। उसके लिए दवाई ला पाता। रामकृष्ण काली के उपासक थे। उनके घर में काली का मंदिर था। वह बोले, क्या तुम्हारी मां को दवा और भोजन की जरूरत है? जो भी तुम्हें चाहिए, वह तुम मां से क्यों नहीं मांगते? विवेकानंद को यह सुझाव पसंद आया और वह मंदिर में गए। एक घंटे बाद जब वह बाहर आए तो रामकृष्ण ने पूछा, क्या तुमने मां से अपनी मां के लिए भोजन, पैसा और बाकी चीजें मांगीं? विवेकानंद ने जवाब दिया, नहीं, मैं भूल गया।' रामकृष्ण बोले, 'फिर से अंदर जाओ और मांगो।' विवेकानंद फिर से मंदिर गए और चार घंटे बाद वापस लौटे। रामकृष्ण ने उनसे पूछा, 'क्या तुमने मां से मांगा?' विवेकानंद बोले, 'नहीं, मैं भूल गया।' रामकृष्ण फिर से बोले, 'फिर अंदर जाओ।' विवेकानंद लगभग आठ घंटे बाद बाहर आए। रामकृष्ण ने पूछा, 'क्या तुमने मां से वे चीजें मांगीं?' विवेकानंद बोले, 'नहीं, अब मैं नहीं मांगूंगा। मुझे मांगने की जरूरत नहीं है।' रामकृष्ण ने जवाब दिया, 'यह अच्छी बात है।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### शादियों में दिखावा गरीबों के लिए मुसीबत

हमारे देश में लोगों में दिखावे की भावना बहुत बढ़ गई है। लगभग हर त्योहार, सामाजिक और धार्मिक समारोहों में भी दिखावा किया जा रहा है। यह दिखावा हमारा आर्थिक नुकसान ही नहीं करवाता है, बल्कि हमारी मानसिक शांति भी भंग करता है, खास तौर पर उनके लिए यह दिखावा मुसीबत बनता है जो अपनी हैसियत से ज्यादा खर्चा करते हैं। त्योहारों के साथ-साथ अब शादियों का मौसम भी शुरू हो गया है। हमारे देश में शादी समारोह में भी फिजूलखर्ची लोक दिखावे के लिए होने लगी है। लोक दिखावे के लिए लोग अपने पैर चादर से बाहर भी पसार देते हैं। इसके कारण अनेक समस्याएं, गरीबों के सामने पैदा होती हैं। दिखावे की बढ़ती परंपरा पर रोक लगनी चाहिए।

*-मनहरण साहू, दुर्ग*

## ट्रेंड

### विश्व के मार्गदर्शक स्वामी



सनातन संस्कृति को वैश्विक पटल पर पुनर्स्थापित करने वाले महान युवा संन्यासी, स्वामी विवेकानंद ने विश्व को यह दिखाया कि हिंदू धर्म मानवता का सच्चा मार्गदर्शक है। आइए, उनके विचारों को आत्मसात कर राष्ट्र निर्माण हेतु संकल्पित हों।

-योगी आदित्यनाथ,सीएम, उप्र

### हादसे की जिम्मेदार भाजपा



कन्नौज के रेलवे विभाग का हादसा भाजपा के महा भ्रष्टाचार के महा लालच के कारण हुआ है। जब सारे ठेके कमीशन लेकर दिए जाएंगे और ठेकेदार भी किसी और को ठेके पर देकर, अपना लाभ काम किए बिना कमाकर निकल जाएगा तो ऐसे ही थर्ड क्लास जानलेवा निर्माण कार्य होंगे।

-अखिलेश यादव, सपा सांसद

### ग्लोबल कल्चरल डेस्टिनेशन



लंदन स्थित अनिल अग्रवाल रिवरसाइड स्टूडियोज आने वाले समय में न सिर्फ ग्लोबल कल्चरल डेस्टिनेशन सिद्ध होगा, बल्कि यह 'इंडिया-यूके' के रिश्तों का एक नया डायमेंशन बन कर उभरेगा!

-अनिल अग्रवाल, उद्योगपति

### फिल्म खुद को खोजे



बर्लिन में 'मासूम' की स्क्रीनिंग के दौरान दर्शकों से, जो अभी भी अपने आँसू पोंछ रहे थे, मैंने कहा 'एक निर्देशक के तौर पर मैं फिल्म नहीं बनाता। मैं एक फिल्म को खुद को खोजने की इजाजत देता हूं।

-शेखर कपूर, फिल्मकार

## करंट अफेयर

# किसानों को मौसम संबंधी सलाह देने स्थायी ढांचा की योजना

केंद्र सरकार उन जिला कृषि मौसम विज्ञान इकाइयों (डीएएमयू) के कामकाज को जारी रखने के लिए एक स्थायी ढांचा स्थापित करना चाहती है जो पिछले साल बंद होने तक तदर्थ तरीके से काम कर रही थीं। पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय के सचिव एम. रविचंद्रन ने यह जानकारी दी। पिछले साल अगस्त में खबर दी थी कि सरकार का इरादा डीएएमयू को पुनर्जीवित करने का है, जो नीति आयोग की सिफारिशों के परिणामस्वरूप पिछले साल बंद होने से पहले लाखों किसानों को प्रखंड-स्तरीय मौसम संबंधी जानकारी प्रदान करती थीं। पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय और कृषि मंत्रालय ने 'पायलट प्रोजेक्ट' के हिस्से के रूप में किसानों को मौसम की जानकारी प्रदान की।



## ऑफ बीट

# बाहर खाना खाने पर फूड पॉयजनिंग का डर ज्यादा

बाहर खाना खाते समय मैं शायद ही कभी खुले में खाना खाता हूँ - चाहे पिकनिक हो या बारबेक्यू - क्योंकि बाहर खाना खाने पर फूड पॉइजनिंग का खतरा बढ़ जाता है। भोजन खाते समय अपने हाथ साफ रखना बीमार न होने की कुंजी है, लेकिन पार्क या समुद्र तट पर आपको कितनी बार गर्म बहता पानी और साबुन मिलता है? आप अल्कोहल हैंड जैल का उपयोग कर सकते हैं (वे कुछ नहीं से बेहतर हैं), लेकिन वे सभी कीटाणुओं को नहीं मारते हैं। इसके अलावा, भोजन मक्खियों, ततैया और चींटियों जैसे उड़ने वाले और रेंगने वाले जीवों को आकर्षित करता है,



## संक्षेप

## एक ही वार में काट दी थी युवती की गर्दन

### पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट में खुलासा, अमरोहा में गंगा में मिला था सिर कटा शव

संवाददाता

अमरोहा, गजरौला में एक हैरान करने वाला मामला सामने आया है। पांच दिन पहले तिगरी गांव की गंगा में एक बोरे में मिली युवती की लाश का पोस्टमार्टम रिपोर्ट में चौंकाने वाला खुलासा हुआ है। रविवार को हुए पोस्टमार्टम में पता चला कि अज्ञात हत्यारों ने धारदार हथियार से एक ही वार में युवती की गर्दन को धड़ से अलग कर दिया था। घटना की जानकारी के अनुसार, बीते बुधवार की रात को तिगरी गांव के पास गंगा में एक बोरा बहता हुआ दिखा। ग्रामीणों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। जब पुलिस ने बोरे की जांच की तो उसमें लगभग 25 वर्षीय एक युवती का सिर कटा शव बरामद हुआ। युवती का सिर शव के साथ नहीं मिला। गजरौला के इंस्पेक्टर सनोज प्रताप सिंह ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट से स्पष्ट है कि हत्या बेहद क्रूरता से की गई है। पुलिस युवती की पहचान के लिए आसपास के जिलों की पुलिस से संपर्क कर रही है। यह भी आशंका जताई जा रही है कि युवती की हत्या कहीं और की गई और शव को बोरे में बंद कर गंगा में बहा दिया गया। पुलिस मामले की गंभीरता को देखते हुए हर पहलू पर जांच कर रही है।

## छात्र ने शिक्षक को मारा थप्पड़ फिर सिर फोड़ा

### लहूलुहान होकर गिरे, हसनपुर में शिक्षकों ने एफआईआर की मांग की

संवाददाता

हसनपुर, श्रीमती सुखदेवी इंटर कॉलेज में एक गंभीर घटना सामने आई है। 10 जनवरी को कक्षा में पढ़ाते समय एक छात्र ने शिक्षक आलोक कुमार सिंह पर जानलेवा हमला कर दिया। छात्र ने पहले शिक्षक के गाल पर थप्पड़ मारा और फिर कुर्सी से हमला कर उनका सिर फोड़ दिया, जिससे वे लहूलुहान होकर गिर पड़े। गंभीर चोटों के कारण शिक्षक को मेरठ के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनका इलाज चल रहा है। इस घटना के बाद शिक्षक समुदाय में आक्रोश फैल गया है। सोमवार को छुट्टी के बाद दर्जनों शिक्षक और विद्यार्थी कोतवाली पहुंचे। उन्होंने क्राइम इंस्पेक्टर बालेन्द्र कुमार यादव से आरोपी छात्र के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की। शिक्षकों ने बताया कि वे स्कूल में खुद को असुरक्षित महसूस कर रहे हैं। पुलिस ने घायल शिक्षक को मेडिकल परीक्षण के लिए भेजा है। अपराध निरीक्षक बालेंद्र सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार पर मामले में मुकदमा दर्ज किया जाएगा। इस विरोध प्रदर्शन में सचिन कुमार, श्री नारायण यादव, ललित सारस्वत समेत कई प्रमुख शिक्षक शामिल रहे।

# पोषण पोटली भेंट कर क्षय रोगियों की बढ़ाई स्वस्थ होने की उम्मीद

## 2025 तक नहीं, बल्कि 2025 में ही होगा टीबी उन्मूलन: आनंद गौड़

अमन लेखनी समाचार



बहराइच। जनपद में 100 दिवसीय क्षय रोग उन्मूलन अभियान के तहत सीएमओ सभागार में एक महत्वपूर्ण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में सांसद आनंद गौड़ और एमएलसी प्रज्ञा त्रिपाठी ने टीबी उन्मूलन के प्रयासों को तेज करने और 2025 तक जनपद को टीबी मुक्त बनाने की योजनाओं पर चर्चा की। कार्यक्रम का सञ्चालन जिला स्वास्थ्य ,शिक्षा एवं सुचना अधिकारी बृजेश ने किया ।कार्यक्रम के दौरान सांसद और एमएलसी ने 15 क्षय रोगियों को गोद लिया। इन मरीजों में बच्चे, बुजुर्ग और महिलाएं शामिल थीं। उन्हें पोषण पोटली भेंट कर उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की गई। इसके अतिरिक्त, सांसद ने निक्षय वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया, जो जनपद में टीबी जागरूकता और स्क्रीनिंग के कार्य को और प्रभावी बनाएगा। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ संजय शर्मा ने बताया कि इस वर्ष 1 जनवरी से अब तक 123618 संभावित मरीजों की स्क्रीनिंग की गई, जिनमें से 2723 मरीजों का एक्स-रे किया गया और 750 नए क्षय रोगियों का पता चला। जनपद में वर्तमान में कुल 4500 क्षय रोगी हैं, जिनमें से 1235 निक्षय मित्रों ने 3900 मरीजों को गोद लिया है। शेष मरीजों को गोद लेने की प्रक्रिया जारी है ।सांसद आनंद गौड़ ने टीबी उन्मूलन के लिए अपने सुझाव साझा किए। उन्होंने कहा कि ब्लॉक स्तर की बैठकों में ग्राम प्रधानों और निजी चिकित्सकों को शामिल किया जाना चाहिए ताकि अधिक से अधिक लोग इस अभियान से जुड़ सकें। उन्होंने सुझाव दिया कि जनपद की औद्योगिक इकाई के सीएसआर फंड से भी पोर्टेबल एक्स-रे मशीन की उपलब्धता सुनिश्चित करायी जा सकती है। इसके लिए उन्होंने जिलाधिकारी से अनुरोध करने के लिए निर्देशित किया। इसके साथ ही, उन्होंने ग्राम प्रधान, जिला पंचायत सदस्य और अन्य जन प्रतिनिधियों से टीबी मरीजोकार्यक्रम के अंत में एमएलसी डॉ प्रज्ञा त्रिपाठी ने कहा कि सरकारी योजनाओं के साथ-साथ सामाजिक सहयोग से ही 2025 तक टीबी मुक्त भारत का सपना साकार किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि 100 दिवसीय सघन टीबी अभियान न केवल जागरूकता का माध्यम बने, बल्कि समाज के हर वर्ग को इस अभियान का हिस्सा बनने के लिए प्रेरित किया जाय ताकि हमारा जनपद ही नहीं बल्कि प्रदेश और देश टीबी मुक्त हवा में सांस ले सके। इस मौके पर विश्व स्वास्थ्य संगठन के प्रतिनिधि, जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ एम एल वर्मा, उप जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ संदीप मिश्रा, टीबी यूनिट से एसटीएस व एसटी एलएस व सभी ब्लाकों के सीएचओ सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# ओवरलोड गन्ना के ट्रक दुर्घटनाओं को दे रहे दावत, जिम्मेदार अनजान

- थाना मोतीपुर के रामपुर धोबिया सड़क मार्ग से निकलते हैं सैकड़ो ओवरलोड ट्रक
- ट्रकों पर गन्ना व ट्रैक्टर ट्रालियों पर ओवरलोड ईट की ढुलाई से बढ़ रही दुर्घटनाएं

अमन लेखनी समाचार



मोतीपुर, बहराइच। जनपद में इन दिनों सड़क दुर्घटनाओं में काफी इजाफा हुआ है इसका कारण जहां कोहरा बताया जा रहा है वही इसका मुख्य कारण एक और है गन्ने की कटाई और ढुलाई का काम इस समय जोरों पर चल रहा है ओवरलोड ट्रक और ट्रैक्टर ट्रॉली दुर्घटनाओं का सबक बनती जा रही है वही ओवर लोग ट्रक और ट्रैक्टर ट्रालियों को रोकने की जिम्मेदारी निभाने वालों की लापरवाही के चलते आए दिन सड़क दुर्घटनाएं हो रही है लेकिन इस पर कोई कार्यवाही नहीं हो रही है । गन्ना लदे ओवरलोड ट्रक व ईंट भट्ठों से ईंट ढुलाई करने वाली ओवरलोड ट्रैक्टर ट्राली भी दुर्घटनाओं की संख्या में इजाफा कर रही है। तहसील मिहींपुरवा क्षेत्र के अंतर्गत थाना मोतीपुर क्षेत्र में मिहींपुरवा तथा रामपुर धोबिया सड़क मार्ग से सैकड़ो की संख्या में प्रत्येक दिन ट्रक व ट्रैक्टर ट्रालियों में गन्ने की ढुलाई होती है ट्रक व ट्रैक्टर ट्रालियों में अधिक भाड़े की लालच में ओवरलोड किया जाता है जिससे रास्ते से निकलने वाले राहगीर भी सुरक्षित महसूस नहीं कर पाते हैं। कई बार ट्रैक्टर ट्राली व ट्रक ओवरलोड की वजह से पलट जाते हैं जिससे जनहानि भी होती है। 13 जनवरी को धौरहरा थाना क्षेत्र में ओवरलोड गन्ना लदा ट्रक पलट गया जिसमें तीन मासूम बच्चों की मौत हो गई थी जिसमें एक बच्चा थाना मोतीपुर क्षेत्र का भी शामिल रहा था। यदि ओवरलोड ट्रक व ट्रैक्टर ट्रालियों पर लगाम नहीं लगाया गया तो जनपद में कई बड़ी सड़क दुर्घटनाएं हो सकती हैं जिसमें जनहनिया भी हो सकती है इनको रोकने के लिए जिम्मेदारों को कुंभकरण की नींद से जागना होगा। इन ओवरलोड वाहनों को या तो रिश्वतखोरी के चक्कर में चलाया जाता है या फिर इन पर नजर ही नहीं डाली जाती है। जिससे ट्रक व ट्रैक्टर ट्राली ओवरलोड करके बेधड़क सड़कों पर दौड़ती दिखाई दे रही है।

# उत्तर प्रदेश अपराध निरोधक समिति द्वारा जेल में हुआ कंबल वितरण




अमन लेखनी समाचार

बहराइच। मकर संक्रांति के पर्व पर जिला कारागार बहराइच में कैदियों को उत्तर प्रदेश अपराध निरोधक समिति एवं मानव उत्थान सेवा समिति ने कंबल वितरण किया। कमलेश श्रीवास्तव समिति के दिशा निर्देशन पर शेरसिंह कसौधन जिला उपाध्यक्ष, केशव कुमार मौर्य जिला सचिव उत्तर प्रदेश अपराध निरोधक समिति /जेल विजिटर जिला कारागार बहराइच के कुशल ने नेतृत्व में और जिला कारागार जेल अधीक्षक राजेश यादव बहराइच के द्वारा सतपाल जी महाराज की फोटो पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम की शुरूआत की गई ।उत्तर प्रदेश अपराध निरोधक समिति मानव धर्म मंदिर / मानव उत्थान सेवा समिति द्वारा 101 असहाय कैदियों कों ठंड में कंबल वितरण का कार्यक्रम किया गया जिसमे 101 कैदियों को कंबल वितरण हुआ।

# मां के साथ खेत गई मासूम को तेंदुए ने हमला कर मारा डाला

## ककरहा रेंज के उर्रा तमोलीपुरवा गाँव का मामला

अमन लेखनी समाचार



मोतीपुर, बहराइच। कतर्निया घाट वन्य जीव प्रभाग क्षेत्र में जंगली हिंसक वन्यजीवों के हमले रुकने का नाम नहीं ले रहे है। ककरहा रेंज में एक मासूम बालिका को तेंदुए ने हमला कर मार दिया बालिका अपनी मां के साथ सरसों के खेत में गई हुई थी शाम 4 के आसपास हुई घटना से क्षेत्र में दहशत फैल गई ग्रामीणों ने वन विभाग से पिंजरा लगाकर तेंदुए को पकड़ने की मांग की है। ककरहा रेंज के अंतर्गत ग्राम पंचायत उर्रा के मजरा तमोली पुरवा गांव में बैजनाथ की 8 वर्षीय पुत्री शालिनी अपनी मां के साथ घर के किनारे सरसों के खेत में गई हुई थी इसी इसी बीच घात लगाकर पहले से बैठे तेंदुए ने मासूम बालिका पर अचानक हमला कर दिया। मां ने बालिका को तेंदुए से छुड़ाने का काफी प्रयास किया हल्ला मचाया जब तक आसपास के लोग दौड़े तब तक तेंदुए ने मासूम बालिका को मौत के घाट उतार दिया। बालिका की मौत से परिजनों में कोहराम मचा हुआ है। वहीं सूचना पाकर मौके पर पहुंची थाना मोतीपुर की पुलिस व रेंज ककरहा की वन विभाग की टीम ने मृतक बालिका को कब्जे में ले लिया है । वहीं पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए शव का पंचनामा करवाने में जुट गई है। ग्रामीणों की माने तो यहां पर तेंदुए का आना जाना रहता है। कई बार वन विभाग से इस संबंध में शिकायत भी की गई लेकिन वन विभाग ने सूचना को नजर अंदाज किया वन विभाग यदि पहले से सक्रिय होता तो शायद एक घटना नहीं घटती। इस संबंध में वन क्षेत्राधिकारी धर्मेंद्र कनौजिया ने बताया कि तेंदुए के हमले में बालिका की मौत हुई है मौके पर वन विभाग की टीम मौजूद है। नियमानुसार मुआवजा दिया जाएगा वन विभाग की टीम को गस्त के लिए लगा दिया गया है

# अधूरे डामर निर्माण को लेकर ग्रामीणों ने किया विरोध



अमन लेखनी समाचार

बाबागंज, बहराइच। विकास खंड नवाबगंज के बनकुरी-भटपुरवा मुख्य मार्ग का निर्माण कई महीनों से अधूरा होने से आक्रोशित ग्रामीणों ने बुधवार को सड़क पर एकत्रित होकर विरोध करते हुए विभाग व ठेकेदार के खिलाफ जमकर नारे बाजी की। मिली जानकारी के मुताबिक अंतराष्ट्रीय राजमार्ग से लगी डामर सड़क जो बनकुरी होते हुए भटपुरवा गांव कों जोड़ती है। ग्रामीणों ने बताया है कि ठेकेदार द्वारा डामर सड़क की रिपेरिंग हेतु जेसीबी से सड़क खोदने एवं अधूरा सड़क निर्माण कार्य कों छोड़ दिया गया है। लगभग छः माह से भी ज्यादा समय हो चुका है। इससे ग्रामीणों और वाहनों कों चलने में काफी दिक्कते हो रही है। आये दिन लोग गिर कर चोटिल भी हो रहे है। ग्रामीण मतलू खान, जमादार, जिलेदार, जोरदार, नंबरदार, साहबूद्दीन, फरहान, फैयाज, गुलाम नवी आदि ने कहा है कि समय रहते अगर सड़क का निर्माण शुरू नहीं किया गया तो हम सभी उग्र धरना के लिए बाध्य होंगे।

# ठंड से बचाव के लिए 70 वन कर्मियों को मकर संक्रांति पर मिली गरम जैकेट

### चकिया रेंज में वन क्षेत्राधिकारी विजय मिश्रा ने वन कर्मियों को भेंट की जैकेट

अमन लेखनी समाचार

मिथिलेश जायसवाल



मोतीपुर, बहराइच। ठंड में घने जंगलों में गस्त कर वन तथा वन्यजीवों की सुरक्षा में लगे वन कर्मियों को रेंजर ने गरम जैकेट उपहार स्वरूप भेंट कर उन्हें सम्मानित किया तथा उनका उत्साह वर्धन करते हुए कहा कि वन एवं वन्यजीवों की सुरक्षा में लगे कर्मचारियों का योगदान बहुत ही महत्वपूर्ण है उन्हें ठंड से बचाव के लिए जैकेट भेंट की गई है जैकेट पहनकर ठंड में भी आसानी से गस्त कर वनकर्मी जंगल व जंगली जानवरों की सुरक्षा में योगदान देंगे। वन प्रभाग बहराइच के रेंज चकिया में प्रभागीय वनाधिकारी अजीत प्रताप सिंह के नेतृत्व में वन क्षेत्राधिकारी विजय कुमार मिश्रा ने ठंडी से बचाव के लिए मकरसंक्रांति पर्व पर मंगलवार को 70 वन कर्मियों को गरम जैकेट उपहार स्वरूप भेंट किया। जैकेट प्राप्त करने वालों में वन दरोगा, फारेस्ट गार्ड, वाचर सहित दैनिक वेतन भोगी कर्मचारी शामिल रहे। रेंजर विजय कुमार मिश्रा ने बताया कि मकर संक्रांति के अवसर पर 70 वन कर्मियों को गर्म जैकेट भेंट किया गया है।

# पत्रकार के साथ दुर्व्यवहार कर एसएसबी कर्मी खुद बन बैठे न्यायाधीश

## जांच के नाम पर खानापूर्ति खुद ही कर डाला फैसला

अमन लेखनी समाचार

रुपईडीहा, बहराइच। भारत-नेपाल सीमा पर तैनात एसएसबी 42वीं वाहिनी के सहायक उप निरीक्षक पर पत्रकार से दुर्व्यवहार और मारपीट की कोशिश के आरोपों ने नया मोड़ ले लिया है। इस मामले में एसएसबी ने जल्दबाजी में जांच पूरी करते हुए अपने कर्मी को क्लीन चिट देकर दोषों कों छुपा कर खुद न्यायाधीश बन बैठे और खुद को निर्दोष साबित करने के लिए एड़ी से चोटी का जोर लगा रहे हैं जिसकों लेकर रूपईडीहा पत्रकार संघ ने गहरी नाराजगी जताई है। संघ ने इस जांच को अधूरी और पक्षपाती बताते हुए कहा है कि यदि नशे कि हालत का आरोप लगा था तो मेडिकल टेस्ट क्यों नहीं कराया गया। बिना जाँच के प्रेस विज्ञप्ति जारी करना सेवा सुरक्षा बंधुत्व का मजाक उड़ाना है।

### अधूरी जांच और पक्षपात पर भड़का पत्रकार संघ

रूपईडीहा पत्रकार संघ ने तीन प्रमुख बिंदुओं पर निष्पक्ष जांच की मांग की है। संघ का कहना है कि एसएसबी द्वारा जारी रिपोर्ट में तथ्यों की अनदेखी की गई है और पूरी जांच प्रक्रिया एकतरफा लगती है। मामले को सुलझाने की बजाय इसे उलझाने की कोशिश की गई है, जिससे संघ संतुष्ट नहीं है। संघ ने इस पर कड़ी आपत्ति जताते हुए निष्पक्ष जांच के लिए तीन मांगें उठाई हैं।

### सीसीटीवी फुटेज की जांच

घटना स्थल पर लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज की निष्पक्ष जांच की जाए, ताकि सच्चाई सामने आ सके।

### मेडिकल परीक्षण

सहायक उप निरीक्षक के नशे में होने की आशंका की पुष्टि के लिए तत्काल मेडिकल परीक्षण कराया जाए।

### स्वतंत्र एजेंसियों से जांच

गृह मंत्रालय से अपील की गई है कि भारत-नेपाल सीमा पर तैनात अन्य एजेंसियों के माध्यम से घटना की स्वतंत्र जांच कराई जाए, जिससे दूध का दूध और पानी का पानी हो सके। पत्रकार संघ का कहना है कि एसएसबी का ?सेवा, सुरक्षा और बंधुत्व? का नारा इस तरह के व्यवहार से कमजोर होता है। इसके अलावा, सीमा पर तैनात एजेंसियों की विश्वसनीयता पर भी सवाल उठने लगते हैं। संघ ने यह भी आरोप लगाया कि एसएसबी की रिपोर्ट पत्रकार को ही गलत साबित करने का प्रयास करती है, जो न केवल दुर्भाग्यपूर्ण है बल्कि मामले की गंभीरता को कम करके आंकने जैसा है। पत्रकार संघ ने दोहराया कि वह तब तक संतुष्ट नहीं होगा, जब तक निष्पक्ष और तथ्यपरक जांच के बाद सच्चाई सामने नहीं आ जाती। गौरतलब है कि एसएसबी कर्मियों पर पहले भी इस तरह के दुर्व्यवहार के आरोप लगते रहे हैं। इस घटना ने फिर से सीमा पर तैनात सुरक्षाकर्मियों की कार्यप्रणाली और व्यवहार को लेकर सवाल खड़े कर दिए हैं।

# हसनपुर में टिकैत गुट ने जलाई प्रतिलिपियां

## भ्रष्टाचार पर जताई आपत्ति, एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

अमन लेखनी समाचार



हसनपुर, अमरोहा के हसनपुर तहसील परिसर में भारतीय किसान यूनियन (टिकैत गुट) के किसानों ने सरकार की कृषि विपणन एवं बाजार नीति के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन किया। किसानों ने इन नीतियों की प्रतिलिपियां जलाकर अपना विरोध दर्ज कराया और एसडीएम को संबोधित ज्ञापन तहसीलदार को सौंपा। किसान नेताओं ने अपनी प्रमुख मांगों में स्वामीनाथन रिपोर्ट के अनुसार एमएसपी की कानूनी गारंटी, आंदोलन के दौरान किसानों पर दर्ज मुकदमों की वापसी और किसानों के कर्ज माफी को शामिल किया। साथ ही, गन्ने का मूल्य शीघ्र घोषित करने, आवारा पशुओं की समस्या से निजात दिलाने और नई नहरों में पानी छोड़ने की मांग की गई। किसानों ने तहसील क्षेत्र में व्याप्त भ्रष्टाचार पर भी चिंता जताई और इस पर तत्काल कार्रवाई की मांग की। उन्होंने किसानों के लिए मुफ्त बिजली की मांग भी रखी। प्रदर्शन में संजीव बालियान, महेश ठाकुर, कालें सिंह, दया प्रकाश, जितेंद्र ठाकुर समेत कई प्रमुख किसान नेता मौजूद रहे।

किसानों ने चेतावनी दी कि यदि उनकी मांगें नहीं मानी गईं तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा।

# फर्नीचर की दुकान से 5 लाख की चोरी

- दुकानदार ने बैंक से लिया है 3 लाख का लोन, गांव के कई लोगों का भी है कर्ज

अमन लेखनी समाचार

सुलतानपुर, कामतागंज बाजार में एक फर्नीचर की दुकान से पांच लाख रुपये की कथित चोरी का मामला सामने आया है। कोतवाली देहात क्षेत्र के बभनगंवा रोड पर बैंक ऑफ बड़ौदा से मात्र 50 मीटर की दूरी पर स्थित रमापति विश्वकर्मा की फर्नीचर की दुकान में यह घटना हुई। सुबह दुकान के तीन शटर के ताले टूटे मिले और कीमती मशीनें गायब थीं। जांच में पता चला कि चोरों ने दुकान के बाहर शराब का सेवन किया, जिसके प्रमाण के रूप में खाली बोतलें और अन्य सामान मौके पर मिले।



दुकान मालिक का दावा है कि चोरों ने महंगी मशीनें और फर्नीचर का सामान चुराया है, जिसकी कीमत लगभग 5 लाख रुपये है। हालांकि, स्थानीय लोगों ने कुछ महत्वपूर्ण जानकारी साझा की है। दुकान मालिक ने बैंक से लगभग 3 लाख रुपये का कर्ज ले रखा है और गांव के कई लोगों से भी ब्याज पर पैसे उधार लिए हैं। इन तथ्यों के कारण स्थानीय लोग इस चोरी की घटना को संदिग्ध मान रहे हैं। कोतवाली देहात पुलिस और फॉरेंसिक टीम ने मौके का निरीक्षण किया और सबूत एकत्र किए हैं। देहात कोतवाल सतेंद्र कुमार सिंह के अनुसार, पुलिस हर पहलू से मामले की जांच कर रही है। शिकायत के आधार पर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

# भीड़ देख केबिन से बाहर आए एसपी, सुनीं फरियाद

## खड़े होकर समस्या सुनने के बाद निस्तारण के दिए निर्देश

अमन लेखनी समाचार



अमरोहा, चार दिन पहले ही अमरोहा जिले के एसपी का चार्ज लेने वाले आईपीएस अमित कुमार आनन्द अमरोहा वासियों के दिल में एक अलग ही जगह बनाते हुए दिखाई दे रहे है। आज जन सुनवाई के दौरान वह अपने ऑफिस से बाहर आ गए। जहां उन्होंने ऑफिस के बाहर बैठे सभी फरियादियों की फरियाद खड़े होकर सुनी। सभी फरियादियों की फरियाद को एक एक कर सुना। इतना ही नहीं फरियादियों के सामने ही संबंधित को फोन लगाकर तुरंत मामले में कार्यवाही करने के आदेश दिए। जहां नए एसपी के मधुर रवैया को देखकर कई फरियादी भी उनकी तारीफ करते दिखाई दिए। उधर एसपी ने बताया कि जो भी फरियादी उनसे मिलने आते है, वह उनसे मिलते जरूर है। आज भीड़ ज्यादा थी, इसलिए ऑफिस से बाहर आकर ही उन्होंने शिकायतों को सुना। आगे भी उनकी यही कोशिश रहेगी कि कोई भी फरियादी बिना मिले जाने न पाए। आपको बता दें कि शासन ने बीते मंगलवार को अमरोहा एसपी कुंवर अनुपम सिंह का जिला सुल्तानपुर तबादला कर दिया था। साथ ही कन्नौज जिले के एसपी अमित कुमार आनन्द को अमरोहा जिले की कमान सौंपी थी। जिसके बाद आईपीएस अमित कुमार आनन्द ने गुरुवार शाम अमरोहा एसपी का चार्ज ग्रहण किया। आईपीएस अमित कुमार आनन्द अपने कार्य के प्रति कितने सतर्क है। इसका अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि उन्होंने गुरुवार शाम को चार्ज लेने के कुछ घंटे बाद ही यानी आधी रात होते ही वह जिले की कानून व्यवस्था का जायजा लेने निकल पड़े थे। उन्होंने नेशनल हाईवे 9 पर स्थित डिडौली थाने का औचक निरीक्षण किया था। साथ ही जरूरी दिशा निर्देश दिए थे। लेकिन आज यानी सोमवार को एसपी अमित कुमार आनन्द ने अपने व्यवहार और अपनी कार्यशैली का परिचय देते हुए एक अलग पहचान साबित कराई।

## संक्षेप

### गूगल मैप की गलत लोकेशन बनी हादसे का कारण

**यमुना एक्सप्रेसवे पर दिल्ली के युवक की कार डिवाइडर से टकराई, एयरबैग ने बचाई जान**

अमन लेखनी समाचार

जेवर, यमुना एक्सप्रेसवे पर तड़के भीषण सड़क हादसा हुआ। जिसमें दिल्ली का रहने वाला एक युवक घायल हो गया। हादसा होने की वजह गूगल मैप बताई जा रही है। मथुरा के वृंदावन से दिल्ली लौट रहे सौरभ नाम के युवक की नेक्सन कार गूगल मैप की गलत लोकेशन के कारण दनकौर क्षेत्र में सर्विस रोड पर पहुंच गई। जहां अंधेरे में डिवाइडर से टकराकर क्षतिग्रस्त हो गई। हादसा सुबह करीब 4 बजे का है। सौरभ अकेले कार में सवार थे। गूगल मैप पर लोकेशन डालने के बाद वह यमुना एक्सप्रेसवे के कट से दनकौर की तरफ सर्विस रोड पर आ गए। अंधेरे में डिवाइडर न दिख पाने के कारण तेज रफ्तार कार उससे टकरा गई। हादसे में युवक का पैर चोटिल हो गया। लेकिन कार के एयरबैग खुलने से उन्हें अन्य गंभीर चोटों से बचा लिया। राहत की बात यह रही कि वहां से गुजर रहे कुछ लोगों ने कार में फंसे युवक को बाहर निकाला और उसे ग्रेटर नोएडा के एक अस्पताल में भर्ती कराया। जहां उसका इलाज जारी है। पुलिस ने कार के नंबर के आधार पर पीड़ित से संपर्क किया। हालांकि अभी तक इस बारे में कोई औपचारिक शिकायत दर्ज नहीं की गई है।

### यूपी की बेटियों ने नेटबॉल में दिखाया दम

**अनूपशहर में कॉलेज की दो छात्राओं ने अंतरविश्वविद्यालय प्रतियोगिता में जीता गोल्ड**

अमन लेखनी समाचार

अनूपशहर, कॉलेज की छात्राएं कंचन वर्मा और दिव्या चौधरी ने अखिल भारतीय अंतरविश्वविद्यालय नेटबॉल प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक जीता। चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय का प्रतिनिधित्व करते हुए इन छात्राओं ने जयपुर में आयोजित इस प्रतियोगिता में अपनी टीम को जीत दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई ।शारीरिक शिक्षा विभाग के प्रमुख प्रो. सीमांत दुबे और डॉ. शैलेन्द्र कुमार सिंह के मार्गदर्शन में 12 सदस्यीय टीम ने देश भर की 80 टीमों को पछाड़ते हुए यह उपलब्धि हासिल की। टीम ने पूरी प्रतियोगिता में एक भी मैच नहीं हारा और अजेय रहते हुए स्वर्ण पदक अपने नाम किया। महाविद्यालय में लौटने पर प्राचार्य प्रो. जी.के. सिंह ने विजेता खिलाड़ियों और कोच का भव्य स्वागत किया। उन्होंने कहा कि महाविद्यालय खिलाड़ियों को हर संभव सुविधाएं प्रदान कर रहा है और आशा जताई कि छात्र इसी लगन से अभ्यास करते हुए अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी सफलता हासिल करेंगे। इस गौरवशाली क्षण में महाविद्यालय के सभी प्राध्यापक, कर्मचारी और खिलाड़ी मौजूद रहे।

## इंडिया बुक आफ रिकाड्र्स द्वारा आईजीएल के उत्पाद बंटी बबली दूसरी बार चयनित किया गया

अमन लेखनी समाचार



गोरखपुर। गीडा थाना क्षेत्र स्थित के इण्डिया ग्लाईकॉल्स लिमिटेड के बिजनेस हेड के नेतृत्व में कंपनी के उत्पाद बंटी बबली को भारत में सर्वाधिक बिकने वाले ब्रांड के तौर पर इंडिया बुक आफ रिकॉर्ड द्वारा लगातार दूसरी बार चयनित किया गया बताते चले की पिछले वर्ष आईजीएल ने अपने सबसे लोकप्रिय ब्रांड बंटी बबली की एक करोड़ एकहत्तर लाख लाख से अधिक पेटियों का विक्रय किया था जो की अब तक का भारतवर्ष में उत्पादन एवं विक्रय का सर्वाधिक रिकॉर्ड है, और आईबीआर द्वारा सभी दस्तावेजों को सत्यापित करने के बाद अपने रिकार्ड में चयन किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सांसद रवि किशन शुक्ल रहे और विशिष्ट अतिथि विधायक प्रदीप शुक्ल रहे। सर्वप्रथम गोरखपुर के सांसद रवि किशन शुक्ल का अभिनंदन और स्वागत किया गया तत्पश्चात उनकी गरिमामयी उपस्थिति में कार्यक्रम को संचालित किया गया। मुख्य अतिथि ने कहा की आईजीएल के उत्पाद को आईबीआर में दर्ज किया जाना गोरखपुर के लिए बड़ी उपलब्धि है और इससे यह सिद्ध होता है की पूर्वांचल में अपार सम्भावनाये है और आईजीएल के लोगो की कार्यकुशलता विश्व भर में सबसे उत्तम है। इसके साथ ही इस उपलब्धि हेतु मुख्य अतिथि ने बिजनेस हेड एस के शुक्ल को सीएसआर के क्षेत्र में किये गए उत्कृष्ट कार्यों हेतु मोमेन्टो देकर सम्मानित किया, इसके साथ प्लांट हेड शैलेन्द्र पाण्डेय के साथ सेल्स हेड अतुल पांडेय, बॉटलिंग हेड धर्मेन्द्र मलिक, लेखा प्रबन्धक जीतेन्द्र कोंटे को भी उत्कृष्ट कार्यों हेतु सम्मानित किया गया। तथा मुख्य अतिथि ने एस के शुक्ल को विकास पुरुष बताया, और कहा की आपने जिस तरह से आईजीएल के सीएसआर कार्यो को अंतिम छोर तक पहुचाये है उसके लिए पूरा आईजीएल परिवार बधाई के पात्र है तथा विशिष्ट अथिति प्रदीप शुक्ल ने आईजीएल द्वारा इस बेहतरीन प्रदर्शन कर यह आईबीआर खिताब लेकर सहजनवा और गोरखपुर का नाम पुरे भारत में रोशन करने के लिए बधाई दिया और सभी कर्मयोगियों को धन्यवाद एवं आभार दिया। आईबीआर के तरफ से उपस्थित जूरी मेंबर पुष्कर कुमरा ने गोल्ड मैडल, आईबीआर बुक्स और खिताब एवं पत्र बिजनेस हेड एस के शुक्ल को सांसद जी द्वारा उनकी गरिमामयी उपस्थिति में सौपा और आईबीआर के रिजल्ट्स को भी सबके सामने पढ़ा, इसके साथ ही उन्होंने आईजीएल कंपनी को शुभकामना दिया। बिजनेस हेड एस के शुक्ल ने इस उपलब्धि हेतु कंपनी के चेयरमैन की नीतिया और दूरदर्शिता के परिणाम बताये और उन्होंने इसका श्रेय गोरखपुर यूनिट के सभी कमर्चारियों को दिया और कहा की निसंदेह हम कुछ ही दिनों में नया कीर्तिमान स्थापित करेंगे, इसके साथ ही उन्होंने सांसद रवि किशन शुक्ल एवं विधायक प्रदीप शुक्ल को बधाई दिया और कहा की आपके नेतृत्व में गोरखपुर विकास की ओर और गिड़ा के विकास के साथ साथ अन्य क्षेत्रों में भी निरन्तर विकास के नए आयामों को स्थापित कर रहा है और आगे करता रहेगा। प्लांट हेड शैलेन्द्र पांडेय ने कहा की हम सब बिजनेस हेड के नेतृत्व में आईजीएल को सर्वोत्तम शिखर पर ले जाने हेतु दृढ़ संकल्पित है। प्लान्ट हेड शैलेन्द्र पांडेय ने मुख्य अतिथि, विशिष्ट अथिति तथा उपस्थित सभी अधिकारियो, कर्मचारियों के प्रति आभार जताया। सहायक महा प्रबन्धक मानव संशाधन एवं प्रशाशन दशरथ मिश्र द्वारा आईबीआर द्वारा इस प्रशस्ति पत्र को प्राप्त करने हेतु निरंतर सामंजस्य स्थापित कर इस योजना को पूर्ण किया गया। कार्यक्रम की व्यवस्था अखिलेश शुक्ल, साक्षी, सुगन्धा, महिमा, ज्योति एवं सब्बीर ने किया । उपस्थित अधिकारियो के नाम आशीष गुप्ता, एके सिंह, शैलेश चंद, रजनीकांत पांडेय , विष्णु पांडेय, सुनील कुमार, शिवानी शर्मा, अमित कश्यप, जगदीश धाकड़, अरुण चतुर्वेदी, रणधीर सिंह, संजय मिश्र, मनीष शाही, राजीव त्रिपाठी, पी वी कुनहपन इत्यादि के साथ भारी संख्या में आईजीएल के कर्मयोगी उपस्थित रहे।

## वृद्धाश्रम पर हुआ सुन्दरकाण्ड का पाठ और पौधरोपण



अमन लेखनी समाचार

गोरखपुर। पिपरौली ब्लॉक अंतर्गत क्षेत्र के छपिया में स्थित गुरु गोरखनाथ वृद्धाश्रम पर मकर संक्रांति के शुभ अवसर पर सुंदरकांड का पाठ और पौधरोपण का आयोजन किया गया। संस्था के अध्यक्ष सुशील कुमार शाही ने बताया कि आश्रम पर समय समय पर ऐसे आयोजनों को करके आश्रम पर रहने वाले लोगों को समाज की मुख्य धारा से जोड़ने का एक सराहनीय प्रयास किया जाता है ।जिससे वृद्ध लोगों को घर जैसा माहौल मिल सके। आश्रम की प्रबंधक डॉक्टर विजेता पांडेय ने बताया कि ऐसे आयोजनों से आश्रम पर रह रहे वृद्ध लोगों को मनोरंजन के साथ ही समाज के पर्व और त्योहारों की अनुभूति कराई जाती है ।कार्यक्रम के अंत में एक भंडारे का आयोजन किया गया ।वृद्धाश्रम के परिसर में फलदार और छायादार पौधरोपण भी किया गया ।जिससे अकेलापन न महसूस होने पाए। डॉक्टर ए के सिंह ने कहाकी आश्रम पर हमेशा ऐसे आयोजन होते रहते है ।जिससे सभी लोग व्यस्त रहते है। इस दौरान डॉ एके सिंह, पार्वती देवी, शशिकांत सिंह, फणींद्र प्रताप सिंह, सत्य प्रकाश सिंह आदि लोग उपस्थित रहे।

## गरीब और असहाय लोगों को समाजसेवी ने बांटा कंबल

अमन लेखनी समाचार

गोरखपुर। सहजनवा तहसील अंतर्गत विकासखंड पाली क्षेत्र स्थित के ग्राम सभा भिटहा निवासी बृजेश पांडेय ने सौजन्य से गरीबों को उबरा हूं के दर्द को भली-भांति जानता हूं। लोगों के आशीष से आज इस लायक हो पाया हूं कि लोगों के गरीबी तो नहीं लेकिन जरूरतमंदों की मदद कर उनके जीवन में कुछ खुशहाली लाने का प्रयास करता रहूंगा। उक्त बातें सहजनवां तहसील पाली ब्लाक के अन्तर्गत ग्राम भिटहां निवासी बृजेश पांडेय ने शाहपुर,भिटहां के गरीब,असहाय जरूरतमंदों में कंबल वितरण के दौरान कहा। उन्होंने कहा कि अगर नीयत में सच्ची समाजसेवा करने की इच्छा हो तो बिना किसी पद के भी समाज का सेवा किया जा सकता है। मैं अपने ग्राम सभा के हर उन गरीब, जरूरतमंदों की सेवा आजीवन करता रहूंगा जिन्हें वास्तव में जैसे ठंड में कंबल, बीमार होने पर दवा तथा बेटी की शादी आदि मुख्य जरूरत में सहयोग करता रहूंगा। कंबल पाने वालों में असगर अली, सुबराती, अकरम, झीनक, धर्मदेव, विनोद, फूलदेव,



जगरनाथ, राम करन, श्यामदेव, भीमशंकर, बोतल सहित लगभग तीन सौ लोगों को में वितरण किया गया। वहीं कंबल पाकर लोगों के चेहरे खुशी से खिल उठे। इस अवसर त्रिभुवन चौबे, बेदनाथ चौबे, गिरीश चौबे, चन्द्रिका यादव, दयाराम यादव, फड़िन्द्र पाल आदि मौजूद रहे।

## सुपीरियर इंडस्ट्रीज लिमिटेड को बेहतर प्रबंधन के लिए मिला अंतरराष्ट्रीय मानकीकरण संगठन

अमन लेखनी समाचार



सुपीरियर इंडस्ट्रीज लिमिटेड के चेयरमैन के मार्गदर्शन एवं प्रबंध निदेशक मनीष अग्रवाल के नेतृत्व में बेहतर प्रबंधन प्रणाली को लागू करने एवं नीतियां बनाने हेतु मिला इन्टरनैशनल ऑगेर्नाइजेशन फॉर स्टैंडर्डाइजेशन (आईएसओ), प्रमाण पत्र। गुणवत्ता के क्षेत्र में सभी मानकों को अपनाकर सुपीरियर इंडस्ट्रीज लिमिटेड को आईएसओ 9001:2015 प्रमाण पत्र तथा पर्यावरण संरक्षण एवं संवर्धन को लेकर बनाई गई नीतियां एवं संचालन हेतु आईएसओ 14001: 2015 प्रमाण पत्र ,विश्व स्तरीय स्वास्थ्य और सुरक्षा प्रबंधन प्रणाली (OHSMS) के बेहतर ढंग से अपनाने हेतु आईएसओ 45001 के साथ ही आईएसओ 22000 खाद्य सुरक्षा प्रबंधन प्रणाली (FSMS) के अनुपलान हेतु प्राप्त हुए इसके साथ आईएसओ 27001 इन्फॉर्मेशन सिक्योरिटी मैनेजमेंट सिस्टम (आईएसएमएस) प्राप्त करने वाली ही उत्तर प्रदेश की पहली डिस्टिलरी बनी ।प्रबंध निदेशक मनीष अग्रवाल के नेतृत्व में कंपनी द्वारा समुचित सरकारों द्वारा अधिकृत सभी मानकों के साथ साथ सामाजिक उत्तरदायित्वों का निर्वहन भी तेजी से कराया जाता है, तथा उन्ही कार्यो के कारण कंपनी को SA 8000 (सामाजिक उत्तरदायित्व) मानक जो की वैश्विक अग्रणी सामाजिक प्रमाणन है, जिसे 1989 में सोशल अकाउंटेबिलिटी इंटरनेशनल द्वारा बनाया गया था तथा सभी मानकों को सुपीरियर इंडस्ट्रीज लिमिटेड द्वारा अपनाया गया है ,और एलएमएस तथा क्यूआरओ द्वारा सत्यापन के बाद यह प्रामण पत्र कंपनी को प्राप्त हुए। प्रबंध निदेशक ने इसकी जिम्मेदारी कॉर्पोरेट हेड एचआर, प्रशासन ,विधि , सीएसआर ,एवं जनसम्पर्क डॉ सुनील कुमार मिश्रा को दिया था जिन्होंने इस ऑडिट को लीड करते हुए सभी प्रमाण पत्र प्राप्त किये। ऑडिट की रुपरेखा और निगरानी का कार्य निदेशक अमित महर्षि तथा निदेशक हिमांशु अग्रवाल के देखरेख में हुवा, एवं नीतियों को बनाने एवं स्थापित करने की जिम्मेदारी एसोसिएट उपाध्यक्ष शांतनु वसु ,एवं फाइनांस हेड मोहित त्यागी ,रितेश , साकेत ने किया। प्रमणपत्र प्राप्त होने पर सभी ने प्रसन्नता जाहिर किया और प्रतिबद्धतता दोहराते हुए कहा की चेयरमैन के मार्गदर्शन एवं प्रबंध निदेशक मनीष अग्रवाल के नेतृत्व में कंपनी सदैव नित नए आयामों को स्थापित करेगी। डॉ सुनील कुमार मिश्रा ने सभी के प्रति आभार जताया।

## सात दिन बाद लापता युवक की मिली लाश

**मृतक के परिवार वालों ने लगाया पुलिस पर लापरवाही का आरोप**

**परिजनों का कहना था अगर समय से पुलिस जुटी होती छानबीन में तो बच जाता मेरे भाई का जान**


अमन लेखनी समाचार

गोरखपुर। सहजनवां थाना क्षेत्र के ग्राम सभा उसरी निवासी एक 22 वर्षीय युवक बुधवार को सुबह में घर से निकला था। जो देर रात घर वापस नहीं आया था भाई की तहरीर पर सहजनवा पुलिस ने गुमशुदगी का केस भी दर्ज कर लिया था लेकिन हैरानी वाली बात यह है की गायब होने के एक दिन बाद गीडा पुलिस ने गाहासांड ओवर ब्रिज के इर्द-गिर्द गायब युवक की गाड़ी को भी बरामद कर लिया था। उसके बाद पुलिस के द्वारा छानबीन शुरू हो गया था लेकिन 8 दिन बीत जाने के बाद दिनांक 15/1/25 को गीडा थाना क्षेत्र के जीरो प्वाइंट स्थित राप्ती नदी के किनारे गायब युवक की लाश को गीडा पुलिस ने बरामद कर लिया वही मौत की सूचना मिलते ही मृतक के परिजनों में हड़कंप मच गया और घर में कोहराम मच गया और क्षेत्र में मातम का माहौल देखने को मिला मृतक युवक के परिवार वालों ने सहजनवा पुलिस पर लापरवाही करने का गंभीर आरोप भी लगाए अगर पुलिस सक्रियता दिखाई होती तो आज हमारे बीच हमारा भाई मौजूद होता। *उक्त संदर्भ में*.. वही गीडा सीओ रत्नेश्वर सिंह ने बताया की शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद गहन जांच करा कर आरोपियों के खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाएगी। वही मिली जानकारी के अनुसार उसरी निवासी रामलाल उर्फ लाला 22 वर्ष पुत्र छोटेलाल बुधवार दिनांक 8/01/25 सुबह 7 बजे घर से निकला था। जो देर रात घर वापस नहीं लौटा।

## अवैध अंतरराष्ट्रीय टेलीफोन एक्सचेंज पकड़ा

- पुलिस ने राष्ट्रीय सुरक्षा खतरे के इनपुट पर लिया एक्शन, 1300 नंबर का मिसयूज

अमन लेखनी समाचार



नोएडा, सेक्टर 63 थाना पुलिस ने दूरसंचार विभाग की लाइसेंस सर्विस एरिया (एलएसए) व दूरसंचार कंपनियों के अधिकारियों के साथ छापेमारी कर जी ब्लाक में चल रहे अवैध अंतरराष्ट्रीय टेलीफोन एक्सचेंज को पकड़ा। मौके से कंपनी निदेशक व प्रबंधक को गिरफ्तार किया। टीम ने राष्ट्रीय सुरक्षा को खतरा और राजस्व नुकसान के इनपुट पर कार्रवाई की। छह माह से संचालित एक्सचेंज से दो सप्ताह में 70-75 लाख तक काल की जा रही थीं। इससे हवाला व धमकी देने वाले काल भी किये जाने के इनपुट मिले हैं। पुलिस व दूर संचार अधिकारियों के मुताबिक एक सप्ताह पहले डिजिटल इंटेलिजेंस यूनिट को इनपुट मिला कि सेक्टर 63 थाना क्षेत्र में फर्जी टेलीफोन एक्सचेंज का संचालन हो रहा है। टेलीकाम, रिलायंस व वोडाफोन कंपनी के पदाधिकारियों को लेकर जी ब्लाक में किस्वा वेंचर्स प्राइवेट लिमिटेड पर छापा मारा गया। मौके से प्रबंधक शिवम कुमार व निदेशक देवकी नंदन को दबोच लिया। साइट पर डिवाइस और सेटअप समेत एसबीसी सर्वर, दो सीपीयू, दो एयरटेल इंटरनेट राउटर, एक अज्ञात इंटरनेट राउटर, आरजेआईएल एसआईपी ट्रंक (1350 टेलीफोन नंबर) मिले। दो कंपनी के 600-600 नंबर भी मिले। पूछताछ में दोनों आरोपितों ने बताया कि उनके पास टेलीफोन एक्सचेंज चलाने के लिये दूरसंचार विभाग (डीओटी) से 2.5 करोड़ रुपए फीस का वैध लाइसेंस नहीं था। फर्जी एक्सचेंज से दुबई, सऊदी, आस्ट्रेलिया आदि देश से काल को देश में लेकर वार्ता कराई जा रही थी। इससे कंपनियों को 10 रुपए तक और सरकार को सात पैसे प्रति काल का नुकसान हो रहा था।

अमूमन इन काल का प्रयोग सस्ती होने के साथ हवाला, नारकोटिक्स व धमकी देने वालों में किया जा रहा था। इन काल को कोई रिकार्ड नहीं होने के कारण कानून प्रवर्तन एजेंसियों द्वारा वापस खोजना व ट्रैक करना भी मुश्किल है। इससे राष्ट्रीय सुरक्षा को गंभीर खतरा पैदा हो रहा था।

## आत्मा कहां जाती है, सर्च कर छात्र ने सुसाइड किया

**खुद को गोली मारने से पहले गरुड़ पुराण भी सुना, मेरठ की घटना**

अमन लेखनी समाचार



मेरठ, नौवीं के छात्र ने खुद को गोली मारकर सुसाइड कर लिया। इससे पहले उसने यूट्यूब और गुगल पर सर्च किया कि आत्महत्या करने के बाद क्या होता है। आत्मा कहां जाती है, सुसाइड करने से क्या सजा मिलती है। इसके अलावा गरुड़ पुराण से जुड़ी बातें पढ़ीं। पुलिस ने छात्र के मोबाइल की हिस्ट्री सर्च की तो इसका खुलासा हुआ। पुलिस ने छात्र का मोबाइल जब्त कर लिया है। तमंचा कहां से आया, इस एंगल पर भी जांच कर रही है। बुलंदशहर निवासी महिला यहां मेडिकल कॉलेज में नर्स हैं। गढ़ रोड स्थित एपेक्स कॉलोनी में परिवार के साथ रहती हैं। एक साल पहले उनके पति की मौत हो गई थी। उनके दो बेटे हैं, बड़ा बेटा 17 साल और छोटा 15 साल का था। 6 माह पहले ही मकान खरीदा था। रात करीब आठ बजे नर्स की ड्यूटी खत्म होने के बाद वह बाइक से बड़े बेटे के साथ घर पहुंचीं। छोटा बेटा घर की बालकनी में खड़ा था। मां और बड़े भाई ने गलत लड़कों के साथ रहने पर उसे फटकार लगाई। इसके बाद वह कमरे में चला गया और दरवाजा बंद कर लिया। कुछ देर बाद कमरे से गोली चलने की आवाज आई। मां और बड़ा बेटा दौड़कर कमरे की ओर भागे। दरवाजा अंदर से बंद था। खिड़की तोड़कर वे कमरे में दाखिल हुए तो वहां छात्र लहूलुहान पड़ा था। पड़ोसियों की मदद से उसे अस्पताल पहुंचाया। जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। घटना स्थल से तमंचा और छात्र का मोबाइल जब्त कर लिया।

पुलिस के मुताबिक छात्र गलत संगत में पड़ गया था। 2024 में नौवीं की पढ़ाई छोड़ दी। इससे परिजन नाराज थे। छात्र ने अपनी बुलेट बाइक भी बेच दी थी। छात्र की मौत की जानकारी मिलने पर उसके गांव से परिवार के लोग मेरठ आ गए। पोस्टमॉर्टम के बाद रात में ही शव को पैतृक गांव ले जाकर अंतिम संस्कार कर दिया। परिजनों ने बताया कि एक वर्ष में परिवार में तीन मौत हो गई। कुछ महीने पहले छात्र के पिता की मौत हुई थी, इसके बाद उसकी दादी का निधन हो गया। अब छात्र ने खुदकुशी कर ली।

## टीचर के घर लूट करने वाले 2 आरोपी अरेस्ट

**तीसरे से पुलिस की मुठभेड़, पैर में गोली लगने से घायल; 2 पहले ही गिरफ्तार**

अमन लेखनी समाचार



मेरठ, एक टीचर के घर हुई 40 लाख रुपए की लूट का मामला पुलिस ने सुलझा लिया है। मेडिकल थाना क्षेत्र में 10 जनवरी को हुई इस वारदात में बदमाशों ने टीचर रविंद्र अग्रवाल की 15 वर्षीय बेटी को बंधक बनाकर लूटपाट की थी। पुलिस ने अब तक तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस और तीसरे आरोपी निशु के बीच मुठभेड़ हुई, जिसमें बदमाश के पैर में गोली लगी। घायल अवस्था में उसे मेडिकल अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इससे पहले पुलिस ने एक अन्य आरोपी विशाल को मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार किया था। एक नाबालिग आरोपी को भी पुलिस पहले ही हिरासत में ले चुकी है। एसपी सिटी आयुष विक्रम सिंह के अनुसार, घटना की जांच के लिए सीओ सिविल लाइन के नेतृत्व में तीन टीमों का गठन किया गया था। जांच में एक दर्जन से अधिक सीसीटीवी फुटेज की जांच की गई, जिससे अब्दुल्लापुर निवासी विशाल की पहचान हुई। घटना में बदमाश संदली खरीदने के बहाने घर में घुसे थे। पुलिस ने आरोपियों से लूटी गई नकदी और सोने-चांदी के जेवरात भी बरामद कर लिए हैं।

## यमुना एक्सप्रेस-वे पर सब्जियों से भरा ट्रक पलटा

**कोलकाता से दिल्ली जा रहा ट्रक डिवाइडर से टकराया, दो लोग गंभीर रूप से घायल**

अमन लेखनी समाचार



जेवर, ग्रेटर नोएडा में यमुना एक्सप्रेसवे पर देर शाम एक बड़ा हादसा हुआ। कोलकाता से दिल्ली की आजादपुर मंडी जा रहा सब्जी से भरा ट्रक इकोटेक प्रथम कोतवाली क्षेत्र में डिवाइडर से टकराकर पलट गया। हादसे में ट्रक चालक भूपेंद्र उर्फ भोला (हाथरस निवासी) और उनका हेल्पर रामकुमार (एटा निवासी) घायल हो गए। हादसा इतना भीषण था कि ट्रक बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और सब्जी एक्सप्रेसवे पर बिखर गई। इससे वहां से गुजर रहे वाहनों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को ट्रक से निकालकर तत्काल अस्पताल में भर्ती कराया। कोतवाली प्रभारी अनुज कुमार ने बताया कि ट्रक के असंतुलित होने से हादसा हुआ। पुलिस ने एक्सप्रेसवे से क्षतिग्रस्त ट्रक और बिखरी हुई सब्जी को हटवाकर यातायात सुचारू करवाया। घायलों का अस्पताल में इलाज जारी है।

## पुलिस का 'ऑपरेशन पहचान' अभियान

**कुंभ, गणतंत्र दिवस और चुनाव के मद्देनजर हो रहा वेरीफिकेशन, 7 टीमें गठित**

अमन लेखनी समाचार



नोएडा, पुलिस ने नया अभियान शुरू किया है। इसका नाम ऑपरेशन पहचान रखा गया है। दिल्ली में चुनाव और प्रयागराज में कुंभ के चलते इस अभियान को शुरू किया गया है। इस अभियान के तहत नोएडा और ग्रेटर नोएडा में रहने वाले लाखों लोगों की पहचान की जाएगी। ये वो लोग हैं, जो झुग्गी झोपड़ी और कॉलोनी में रहते हैं। इनका सत्यापन करने के लिए सात टीम का गठन किया गया है। नोएडा के डीसीपी रामबदन सिंह ने बताया कि मकान मालिकों और अन्य लोगों से अपील की गई है कि कोई भी किराएदार बिना डॉक्यूमेंट सत्यापन के नहीं रहना चाहिए। अगर ऐसे में जांच के दौरान कोई भी किराएदार बिना डॉक्यूमेंट सत्यापन के मिला तो उसके साथ मकान मालिक के खिलाफ भी कानूनी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने बताया है कि इस ऑपरेशन पहचान के तहत झुग्गी-झोपड़ियां, किराएदार, कॉलोनी, होटल, ओयो और ढाबे में रहने वाले लोगों की पहचान की जाएगी। इसके लिए 7 टीमों का गठन किया गया है। डीसीपी ने राम बदन सिंह ने बताया कि इस अभियान की शुरूआत नोएडा की झुग्गियों से की गई है। इसमें खास तौर पर खोड़ा और गाजियाबाद दिल्ली से सटे बार्डर इलाकों में जांच अभियान तेज हो गया है। आगामी 26 जनवरी गणतंत्र दिवस और दिल्ली में होने वाले चुनाव को लेकर इस अभियान की शुरूआत की गई है। डीसीपी ने बताया कि अभी सात टीमों को लगाया गया है। टीमों को और बढ़ाया जाएगा। यहां एक पुलिस कर्मी के साथ दो लोग लगाए गए है। जिसमें एक दस्तावेज पूरा करेगा और बाकी पूछताछ और वेरिफिकेशन करेंगे। ऐसे में आगामी समय में टीमों और ज्यादा बढ़ा दिया जाएगा।

## संक्षेप

### दुष्कर्म के आरोपी को पुलिस ने भेजा जेल

अमन लेखनी समाचार

भरुआ सुमेरपुर। कस्बे के एक होटल में दुष्कर्म की घटना को अंजाम देकर वीडियो बनाने वाले युवक को पुलिस ने जेल भेजा है। 4 दिन पूर्व कस्बे की एक युवती ने आरोपी सहित अन्य परिजनों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया था। थानाध्यक्ष अनूप कुमार सिंह ने बताया कि दुष्कर्म के आरोपी शुभम सिंह को गिरफ्तार करके जेल भेजा गया है।

### घरेलू कलह से तंग आकर युवक ने लगाई फांसी

अमन लेखनी समाचार

भरुआ, सुमेरपुर। बीती रात क्षेत्र के ग्राम टेढ़ा में घरेलू कलह से परेशान होकर युवक ने कमरा बंद करके फांसी लगा ली। अचानक हुई इस घटना से परिवार में कोहराम मच गया है। परिजनों ने पुलिस को सूचित किये बगैर मृतक का अंतिम संस्कार कर दिया है। मृतक मजदूरी करके भरणपोषण करता था। टेढा गांव निवासी रजत वर्मा 26 वर्ष ने बीती रात गृह कलह के चलते फांसी लगा ली। मृतक की शादी एक वर्ष पूर्व पड़ोसी गांव की इसौली निवासी संध्या वर्मा से हुई थी। मृतक के बच्चे नहीं है। मृतक मजदूरी करके परिवार का भरण पोषण करता था।परिजनों ने पुलिस को सूचित किये बगैर मृतक का अंतिम संस्कार कर दिया। अचानक हुई घटना से परिजनों में कोहराम मच गया है।

### ब्लाक प्रमुख ने ग्रामीणों को दिलाई नशामुक्त की शपथ

अमन लेखनी समाचार

भरुआ, सुमेरपुर। मानव कल्याण समिति के अखंड दुर्गा चालीसा पाठ के समापन पर पहुंचे ब्लॉक प्रमुख ने मुंडेरा के सैकड़ों ग्रामीणों को नशा मुक्ति की शपथ दिलाकर शराब मांस का सेवन न करने का आह्वान किया। सिमनौडी निवासी लालाराम यादव ने क्षेत्र के ग्राम मुंडेरा में चौबीस घंटे का अखंड दुर्गा चालीसा पाठ का आयोजन कराया था। बुधवार को समापन पर पहुंचे ब्लाक प्रमुख जयनरायन सिंह यादव ने मुंडेरा के एक सैकड़ा लोगों को नशा मुक्त जीवन जीने की शपथ दिलाई और नशा एवं मांस से दूरी बनाने का आह्वान किया।

# पुलिस को समर्पित कार्यक्रम एक शाम खाकी के नाम का हुआ भव्य आयोजन

**समाजसेवा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य हेतु पुलिस उप महानिरीक्षक द्वारा डॉ० संदीप को किया गया सम्मानित**

अमन लेखनी समाचार/ हेमन्त यादव

झाँसी। एसआर ग्रुप ऑफ इंस्टिट्यूशन एवं नाहर इंटरटेनमेंट के संयुक्त तत्वाधान में झांसी दुर्ग के समीप स्थित दीनदयाल सभागार में पुलिस को समर्पित कार्यक्रम ₹एक शाम खाकी के नाम₹ का भव्य आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के प्रेरणा स्त्रोत पंडित दीपेंद्र अड़जरिया है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पुलिस उपमहानिरीक्षक झाँसी परिक्षेत्र केशव कुमार चौधरी एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सुधा सिंह एवं संघर्ष सेवा समिति के संस्थापक डॉ० संदीप सरावगी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों के साथ डीवाईओ विशाल सिंह, एसआरजीआई के एमडी अभिनव राय, वीसी नीरज अत्री द्वारा दीप प्रज्वलित कर विधिवत कार्यक्रम की शुरूआत की गई। कार्यक्रम में बुंदेली रॉकस्टार कविता शर्मा, वरिष्ठ बुंदेली गायिका अनीता सक्सेना, बुंदेली ओज कवि पंकज पंडित, क्लासिकल डांसर नैना, मैजिशियन फारूक जादूगर, बॉलीवुड गायक परफॉर्मर कामिनी ठाकुर, बॉलीवुड गायक रवि शेखर, बॉलीवुड गायक भैरवी पाटिल, इंडियन आईडल फेम राहुल जोशी, वायलिन प्लेयर बिट्टू निलेश टिकरिया, बांसुरी वादक विक्रम कनेरिया, देव कनेरिया द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों का शानदार प्रस्तुतिकरण हुआ जिसकी कार्यक्रम में उपस्थित सभी दर्शकों ने करतल ध्वनि के साथ सराहना की। आगे के क्रम में पुलिस उपमहानिरीक्षक झाँसी परिक्षेत्र केशव कुमार चौधरी द्वारा समाजसेवी डॉ० संदीप सरावगी को समाजसेवा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने हेतु सम्मानित किया गया। यह कार्यक्रम झाँसी पुलिस द्वारा कोरोना महामारी के समय किए गए सराहनीय कार्य एवं सामाजिक सुरक्षा के उपलक्ष्य में पुलिस को समर्पित था। इस आयोजन में पुलिस का सम्मान, प्रोत्साहन एवं मनोरंजन करने के साथ पुलिस में कार्यरत खिलाड़ियों एवं पुलिस परिवार की मेधावी बच्चों को भी सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य जनता और पुलिस के बीच एक मैत्रीपूर्ण संबंध स्थापित करना था। इस अवसर पर डॉ० संदीप ने कहा जिस तरह देश की सीमा पर सुरक्षा के लिए सेना कार्य करती है उसी तरह आंतरिक सुरक्षा का कार्य पुलिस का होता है। देश पर तैनात दुश्मन तो प्रत्यक्ष दिखाई देते हैं लेकिन देश के अंदर आमजन की शक्ल में छिपे मुजरिमों को पहचानना आसान कार्य नहीं होता। पुलिस अपनी जान दांव पर लगाकर हमारी सुरक्षा करती है कई बार अपनी जान भी गंवानी पड़ती है लेकिन हमारी पुलिस अपने साथियों को श्रद्धांजलि अर्पित कर अगली सुबह पुनः समाज की सुरक्षा में जुट जाती है। पुलिस शब्द एक समूह वाचक संज्ञा है इसीलिए कुछ एक लोगों के अनैतिक कार्यों के कारण सभी को बदनाम होना पड़ता है लेकिन वास्तव में आज भी हमारी पुलिस पूर्ण तत्परता एवं मनोयोग से कार्य करती है जिस कारण हम स्वयं को सुरक्षित महसूस कर रहे हैं। इसमें हमारी प्रदेश सरकार का भी अहम योगदान है जिन्होंने हमारी पुलिस को बिना दबाव के कार्य करने की स्वीकृति दे रखी है। कार्यक्रम का संचालन बुंदेली कलाकार बेबी इमरान ने किया। इस कार्यक्रम के प्रोडक्शन पार्टनर ईएम एंटरटेनमेंट के विवेक गोस्वामी, डिजिटल एंड स्ट्रीमिंग पार्टनर वशिष्ठ राज करोसिया, ग्राफिक पार्टनर ए एण्ड एम से अमित व म्यूजिकल पार्टनर नीरज म्यूजिकल इवेंट्स रहे।

## पूर्व विधायक ने गरीब और असहाय लोगों को कम्बल किए वितरित

अमन लेखनी समाचार

गरौठा। गरीब निर्धन एवं असहाय वर्ग के लोगों को सर्दी से बचाने के लिए पूर्व विधायक बृजेंद्र कुमार व्यास उर्फ डमडम महाराज नें 500 कंबलों का निशुल्क वितरण कराया। कंबल पाने की चाहत में बडी संख्या में लोग वार संघ कार्यालय पहुँचे जहाँ एडीजे राकेश वर्मा, एसीजेएम रामगोपाल यादव, जेएम निदा जैदी, उपजिला धिकारी अवनीश कुमार तिवारी, वार संघ अध्यक्ष रामसेवक पाठक की मौजूदगी में कंबलो का निशुल्क वितरण कराया गया। कंबल पाकर गरीब, असहाय वर्ग के लोगों के चेहरे ?खिल उठे। इस मौके पर एडीजे राकेश कुमार वर्मा ने कहा है कि समाज सेवा से बड़ा कोई धर्म नही है। गरीब, असहाय वर्ग के लोंगो को सर्दी से बचाव के लिए जो कार्य पूर्व विधायक के द्वारा कराया गया है वह एक पुनीत कार्य है। ऐसे कार्यो के लिए लोंगो को बढ चढकर हिस्सा लेना चाहिए ताकि लोंगो को सर्दी से बचाया जा सके। पूर्व विधायक डमडम महाराज नें कहा है बढती सर्दी से निर्धन, लाचार, असहाय लोगो की जान न जाए इसको देखते हुए मैनें निशुल्क कंबल वितरण करने का निर्णय लिया। इस मौके पर एसीजेएम रामगोपाल यादव, जेएम निदा जैदी, उपजिला ?धिकारी अवनीश कुमार तिवारी नें पूर्व विधायक द्वारा कराए गए निशुल्क कंबल वितरण की सराहना की। इस मौके पर महामंत्री विवेक त्रिपाठी, ओमप्रकाश खरे, गिरीश खरे, विपिन द्विवेदी, अवधेश प्रताप सिह परिहार, शीलू पाठक, सोनू विश्वकर्मा, राजेंद्र बुंदेला, राजीव कौ?शिक, राजेश सिंह परिहार, संजय रिछारिया, कमल सिंह, रेनू बुंदेला, मुकेश पाठक, अवधेश विश्वकर्मा, सभासद हारून खाँन, नूर अली, फईन राईन, सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

## कमिश्नर ने की एनआईसी रूम की शुरूआत

**फार्मर आईडी और सर्वर की समस्या पर फीडबैक से दूर होंगी**

अमन लेखनी समाचार

सुल्तानपुर पहुंचे अयोध्या मंडल के कमिश्नर गौरव दयाल ने बुधवार को सुल्तानपुर कलेक्ट्रेट का दौरा किया। उन्होंने गार्ड ऑफ ऑनर की सलामी लेने के बाद नवनिर्मित एनआईसी (नेशनल इन्फॉर्मेटिक्स सेंटर) रूम का उद्घाटन किया। इस अवसर पर डीएम कृतिका ज्योत्सना, एसपी कुंवर अनुपम सिंह और मुख्य विकास अधिकारी अंकुर कौशिक ने पुष्पगुच्छ देकर उनका स्वागत किया।कमिश्नर दयाल ने बताया कि पुराने एनआईसी रूम की स्थिति और लोकेशन उपयुक्त नहीं थी। नए भवन में रिव्यू बैठकें और कानून व्यवस्था संबंधी मीटिंग्स बेहतर तरीके से आयोजित की जा सकेंगी। उन्होंने इस पहल के लिए डीएम की सराहना करते हुए कहा कि इससे प्रशासन के साथ-साथ आम जनता को भी लाभ मिलेगा।

# राज्य महिला आयोग की सदस्य ने की जनसुनवाई, पीड़ित महिलाओं की सुनी समस्याएं

अमन लेखनी समाचार




हमीरपुर। उत्तर प्रदेश, राज्य महिला आयोग की माननीय सदस्या पूनम द्विवेदी के द्वारा जिले में महिला उत्पीड़न की घटनाओं पर प्रभावी रोकथाम लगाये जाने, पीड़ित महिलाओं को त्वरित न्याय दिलाये जाने एवं प्रदेश के विभिन्न विभागों द्वारा महिला के कल्याणार्थ चलायी जा रही योजनाओं का लाभ दिलाये जाने के साथ ही महिलाओं को उनके विधिक अधिकारो की जानकारी दिलाये जाने हेतु समय-समय पर जिले में महिला जनसुनवाई, विधिक जागरूकता कार्यक्रम एवं अन्य महत्वपूर्ण कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में आज राज्य महिला आयोग की सदस्य ने कलेक्ट्रेट सभागार में जनसुनवाई कर विभिन्न प्रकार के उत्पीड़न से उत्पीड़ित महिलाओं की समस्याओं को सुनकर उनके निराकरण हेतु सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया। इस मौके पर कुल 17 शिकायतें प्राप्त हुई ज्यादातर शिकायतें विभिन्न थानों से संबंधित रही। इन सभी समस्याओं को राज्य महिला आयोग की सदस्य ने प्राथमिकता के साथ निस्तारण हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि महिला उत्पीड़न से संबंधित शिकायतों को प्राथमिकता के साथ निस्तारित किया जाए इसमें किसी भी तरह की शिथिलता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि ऐसी जरूरतमंद /पात्र महिलाएं जिन्हें सरकार द्वारा उनके कल्याण एवं उत्थान हेतु संचालित की जा रही योजनाओं के कार्यक्रमों के बारे में जानकारी नहीं है उनको विभिन्न लाभार्थीपरक योजनाओं के बारे में आच्छादित करने हेतु तथा उनको योजनाओं के बारे में जानकारी दिए जाने हेतु प्रभावी प्रयास किए जाएं। कहा कि प्रदेश सरकार बेटियों एवं महिलाओं के उत्थान हेतु प्रतिबद्ध है, महिलाओं को विभिन्न योजनाओं में लाभान्वित भी किया जा रहा है।

राज्य महिला आयोग की सदस्य ने कहा कि जिन्होंने अभी तक मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना में आवेदन नहीं किया है उनका अनिवार्य रूप से आवेदन लेकर पात्र लोगों को इससे लाभान्वित किया जाए। कहा कि प्रत्येक पात्र परिवार को आयुष्मान भारत योजना से जोड़ा जाए ताकि वे निशुल्क चिकित्सा का लाभ ले सके।

सदस्या ने 1090 (वूमेन पॉवर लाइन), 181 (महिला हेल्प लाइन), 108 (एम्बुलेंस सेवा), 1076 (मुख्यमंत्री हेल्पलाइल), 112 (पुलिस आपतकालीन सेवा), 1098 (चाइल्ड लाइन), 102 (स्वास्थ्य सेवा) के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। इस मौके पर एसडीएम व सीओ सदर, जिला प्रोबेशन अधिकारी राजीव सिंह सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

## इंडियन बैंक में असामाजिक तत्वों द्वारा गुंडागर्दी पर बैंक आफीसर एसोसिएशन ने एसपी को सौंपा ज्ञापन

अमन लेखनी समाचार

हमीरपुर। इंडियन बैंक की एक शाखा में कुछ असमाजिक तत्वों द्वारा गुंडागर्दी कर बैंक की छवि खराब करने वाले वीडियो वायरल करने व जान माल की धमकी देने पर बैंक आफीसर एसोसिएशन ने पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंपकर कार्यवाही की मांग की है। बैंक आफीसर एसोसिएशन बांदा के मंडल सचिव सुनील कुमार यादव द्वारा दी गयी जानकारी में बताया गया कि जनपद की गोहांड शाखा में कुछ असमाजिक तत्वों द्वारा लगातार वहां के प्रबंधक, अधिकारी व कर्मचारियों पर अनुचित कार्य हेतु दबाव बनाए जाने से वहां के अधिकारी कर्मचारी खुद को असुरक्षित महसूस कर रहे हैं। बताया कि वहां के दबंग राजकुमार द्वारा फर्जी वीडियो वायरल कर बैंक प्रबंधक और बैंक का छवि खराब करने का प्रयास किया गया है। इस संबंध में गालीगलौज व जान मॉल की धमकी देने पर बैंक ऑफिसर एसोसिएशन ने गंभीरता से लिया और एसोसिएशन के मण्डल अध्यक्ष विनीत सिंह, सचिव सुनील कुमार यादव, उप सचिव राममिलन आदि ने अन्य पदाधिकारियों के साथ जाकर सरकारी कार्य में बाधा, गुंडई, धमकी व बैंक जैसे संवेदनशील जगह का वीडियो बनाकर छवि खराब करने की शिकायत कर पुलिस अधीक्षक डा. दीक्षा शर्मा को ज्ञापन सौंपा है। जिस पर पुलिस अधीक्षक ने तत्काल जरिया थानाध्यक्ष को कार्यवाही करने के निर्देश दिये हैं। इस प्रकरण पर एसोसिएशन की राज्य इकाई व केंद्रीय इकाई ने भी स्पष्ट किया है कि कार्यवाही न होने पर राज्य स्तर पर ज्ञापन दिया जायेगा। इसके बाद भी उचित कार्यवाही न होने पर माननीय न्यायालय की शरण ली जायेगी। इस मौके पर हरीश, चंद्रशेखर राजपूत, वेद वीर सिंह, सौरभ सचान, निशांत यादव, नंदकिशोर, रवि, राजेश तिवारी, विनय मिश्रा, गुरविंदर सिंह, महेंद्र सहित अनेक पदाधिकारी मौजूद रहे।

## तमंचा कारतूस के साथ युवक गिरफ्तार



अमन लेखनी समाचार

जनपद अमेठी में अपराध एवं अपराधियों के धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में उ0नि0 चन्द्रशेकर यादव थाना बाजार शुक्ल मय हमराह द्वारा देखभाल क्षेत्र, चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन के दौरान मुखबिर की सूचना पर अभियुक्त अशरफ पुत्र अनीस निवासी ग्राम मकदूमपुरकला थाना बाजारशुक्ल के शेखपुर मोड से बजे सुबह में गिरफ्तार किया गया गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे से देशी तमंचा जिन्दा कारतूस बरामद हुआ गिरफ्तारी एवं बरामदगी के संबंध में थाना बाजार शुक्ल पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है।

## विकासखंड स्तरीय ग्रामीण खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन

**खंड विकास अधिकारी ने बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना की**

अमन लेखनी समाचार





अमेठी युवा कल्याण एवं प्रादेशिक विकास दल विभाग द्वारा जनपद में आज विकासखंड स्तरीय ग्रामीण खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन डॉक्टर भीमराव अंबेडकर स्टेडियम अमेठी में किया गया। उपरोक्त खेल प्रतियोगिता में उत्तर प्रदेश ग्रामीण खेल लीग के अंतर्गत सब जूनियर, जूनियर तथा सीनियर वर्ग में पुरुष तथा महिला की एथलेटिक्स, कबड्डी, वॉलीबॉल, फुटबॉल, कुश्ती, भारोत्तोलन, जूडो एवं बैडमिंटन की प्रतियोगिता कराई गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि खंड विकास अधिकारी अमेठी विनय कुमार वर्मा द्वारा फीता काटकर खेल प्रतियोगिता का शुभारंभ किया गया तथा कबड्डी व दौड़ की प्रतियोगिता को हरी झंडी दिखाई गई। खंड विकास अधिकारी ने उपस्थित खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए बच्चों को उत्कृष्ट प्रदर्शन करने की अपील किया और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। प्रतियोगिता की समाप्ति पर पवन कुमार वर्मा अधिशासी अधिकारी द्वारा विजयी खिलाड़ियों को प्रमाण पत्र व मेडल/शील्ड देकर सम्मानित किया गया। प्रतियोगिता के खेलों में विनोद कुमार, सीपी सिंह यादव, एसपी सिंह, श्याम जी यादव, नीलम सोनी निर्णायक के रूप में कार्य किया तथा मंच का संचालन चंद्रपाल यादव के द्वारा किया गया। उक्त प्रतियोगिता रागिनी पांडे क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी अमेठी की देखरेख में संपन्न कराई गई। इस अवसर पर मोहम्मद शमीम उपक्रीड़ाधिकारी सहित अन्य संबंधित उपस्थित रहे। खेल प्रतियोगिता में 100 मीटर बालक सब जूनियर वर्ग में नरसिंह गुप्ता प्रथम, जगनंदन द्वितीय, 100 मी बालिका सब जूनियर वर्ग में गौरी मोदन प्रथम, करिश्मा द्वितीय, 800 मी बालिका सब जूनियर वर्ग में गौरी मोदन प्रथम, आराध्या मिश्रा द्वितीय, 1500 मीटर बालक जूनियर वर्ग में प्रियांशु प्रथम, मोहम्मद आसिफ द्वितीय, बैडमिंटन सीनियर वर्ग बालक में आलोक अग्रहरि प्रथम, जूनियर वर्ग बालक में आशुतोष प्रथम, वॉलीबॉल बालक सीनियर वर्ग में अगहर की टीम विजेता तथा गोसाईगंज की टीम उपविजेता रही।

## तमंचा कारतूस के साथ अभियुक्त गिरफ्तार



अमन लेखनी समाचार

जनपद अमेठी में अपराध एवं अपराधियों के धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में उ0नि0 शिवमूर्ति यादव थाना कमरौली मय हमराह द्वारा देखभाल क्षेत्र, चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन के दौरान पर अभियुक्त अल्ताफ पुत्र गुलाम मोईन उर्फ लड्डन निवासी ग्राम पूरे लाल मजरे रसूलपुर थाना कमरौली लोहिया पुल फौजी ढ़ाबा के पास से गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे से देशी तमंचा दो कारतूस बरामद हुआ गिरफ्तारी एवं बरामदगी के संबंध में थाना कमरौली पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है।

# हेडमास्टर ने स्कूल में महिला शिक्षक से की छेड़छाड़

**BSA ने किया सस्पेंड**

**पीड़िता ने एसपी से लगाई न्याय की गुहार**

अमन लेखनी समाचार




सुल्तानपुर के एक प्राइमरी स्कूल में महिला शिक्षक के साथ छेड़छाड़ का मामला सामने आया है। राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के ब्लॉक अध्यक्ष और स्कूल के हेडमास्टर अजीत सिंह पर सहायक अध्यापिका ने गंभीर आरोप लगाए हैं।पीड़िता के अनुसार, 22 सितंबर 2023 से स्कूल में कार्यरत महिला शिक्षक के साथ 25 नवंबर को पहला दुर्व्यवहार हुआ, जब हेडमास्टर ने उनके बाल खींचे। इसके बाद उन्होंने महिला शिक्षक का हाथ पकड़ने का प्रयास किया। 7 दिसंबर को स्थिति और गंभीर हो गई जब आरोपी ने पीड़िता की पीठ पर हाथ रखकर थपथपाया और विरोध करने पर फर्जी मुकदमे में फंसाने की धमकी दी।

### हेल्पलाइन पर की थी शिकायत

पीड़िता ने 23 दिसंबर को 1076 हेल्पलाइन पर शिकायत दर्ज कराई। 27 दिसंबर को कुड़वार थाने के सिपाही ने फोन पर जानकारी ली और 30 दिसंबर को आईजीआरएस पर रिपोर्ट दर्ज की गई। हालांकि, पुलिस ने आरोपी के पक्ष में रिपोर्ट लगा दी। 31 दिसंबर को थाने में की गई शिकायत पर भी कोई कार्रवाई नहीं हुई।

### प्रधान की शिकायत पर हुई निलंबन की कार्रवाई

मामले की गंभीरता को देखते हुए स्कूल के ग्राम प्रधान ने बीएसए उपेंद्र गुप्ता को पत्र के माध्यम से सूचित किया। बीएसए ने तत्काल कार्रवाई करते हुए हेडमास्टर को निलंबित कर दिया और एबीएसए मोतिगरपुर को जांच सौंप दी है। पीड़िता ने न्याय के लिए 4 जनवरी को एसपी से गुहार लगाई है। मामले की जांच जारी है।

### फर्जी हस्ताक्षर बनाकर शिकायत का आरोप, शपथ पत्र से हुई पुष्टि

बता दें कि बीते 11 दिसंबर को आरोपी हेड मास्टर ने क्षेत्र के फरीद अहमद के नाम से एक शिकायत बीएसए के यहां इस आशय से कराया की सहायक महिला शिक्षिका ने उसके दो बच्चों को पीटा है। इस मामले में फरीद ने 28 दिसंबर को एफिडेविड दिया की मेरी में फर्जी हस्ताक्षर बनाकर शिकायत की गई है।

### प्रधान ने बीएसए को पत्र लिखा

असरोगा प्रधान ने बीएसए को बीएसए को पत्र लिखा 11 दिसंबर को आरोपी हेड मास्टर ने क्षेत्र के फरीद अहमद के नाम से एक शिकायत बीएसए के यहां इस आशय से कराया कि सहायक महिला शिक्षिका ने उसके दो बच्चों को पीटा है। इस मामले में फरीद ने 28 दिसंबर को एफिडेविड दिया की मेरी में फर्जी हस्ताक्षर बनाकर शिकायत की गई है।

## हत्या के चार आरोपियों को आजीवन कारावास




अमन लेखनी समाचार/ हेमन्त यादव

झांसी। झांसी जिला के थाना ककरवई अंतर्गत ग्राम कचीर में पिता की हत्या के जुर्म में उसके पुत्रों, पत्नी व बहू को न्यायालय द्वारा आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई। दिनांक 03 जून 2022 को वादी द्वारा दी गई तहरीर के आधार पर थाना ककरवई में धारा 302/201/34 के तहत दर्ज मुकदमे में झांसी पुलिस व सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता द्वारा माननीय न्यायालय में प्रभावी पैरवी की जा रही थी। उक्त मामले में ए०डी०जे० गरौठा द्वारा अभियुक्तगण सुरेन्द्र कुमार व कौशल कुमार उर्फ छोटू पुत्रगण स्व० खुशीराम, शांति देवी पत्नी खुशीराम व धनकुंवर पत्नी सुरेन्द्र कुमार निवासी ग्राम कचीर, थाना ककरवई जिला झांसी को आजीवन कारावास व 20-20 हजार रुपए अर्थदंड से दंडित किया गया। दंडित करने में ए० डी० जी० सी० संजय देव शर्मा, उपनिरीक्षक राजपाल सिंह, कोर्ट मुहर्रिर महिला। कांस्टेबल रत्ना सिंह व पैरोकार दीपक कुमार थाना ककरवई का विशेष योगदान रहा।

**अमन लेखनी (हिन्दी दैनिक)**

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक श्रीमती अखिलेश सिंह द्वारा अवध एक्सप्रेस प्रकाशन, 434, सिविल लाइन, जेल रोड, उन्नाव, उत्तर प्रदेश से मुद्रित और ग्राम व पोस्ट-बनी, थाना- बन्थरा, लखनऊ-226401 (उ.प्र.) से प्रकाशित।

**सम्पादक– श्रीमती अखिलेश सिंह**

**समाचार सम्पादक – रुद्र प्रताप सिंह**

समाचार से संबंधित सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र लखनऊ होगा।

मो. – 9838159555, 9935457982

E-mail address amanlekhaninews@gmail.com




# महाकुंभ में शुरू हुई 'अखंडा 2' की शूटिंग

**नई दिल्ली।** साउथ सुपरस्टार नंदमुरी बालकृष्ण और निर्देशक बोयापति श्रीनु ने साथ मिलकर तीन ब्लॉकबस्टर फिल्में दी हैं। तीनों फिल्में- सिम्हा, लीजेंड और 'अखंडा' बॉक्स ऑफिस पर छा गईं। इसके बाद बोयापति ने अपनी चौथी फिल्म का ऐलान किया था, जिसका शीर्षक है- 'अखंडा 2-तांडवम'। अब निर्माताओं ने फिल्म का नया पोस्टर साझा करते हुए इसकी शूटिंग के बारे जानकारी दी है। महाकुंभ मेले में 'अखंडा 2-तांडवम' की शूटिंग शुरू हो चुकी है। फिल्म 'अखंडा 2' पैन इंडिया स्तर पर रिलीज होगी।

लाइफ Style

# राशा
## उनसे ही ले रही हैं सीख

रवीना टंडन की बेटी राशा थडानी फिल्म आजाद से अपना डेब्यू करने जा रही हैं। इस फिल्म में उन्हें अजय देवगन के भांजे अमन देवगन के साथ नजर आएंगी। फिल्म के ट्रेलर और सॉन्ग उई उम्मा में राशा को पसंद किया गया।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

सोशल मीडिया पर उनकी तुलना स्टार किड्स सुहाना खान, जाह्नवी और खुशी कपूर से होने लगी। अब तुलना पर राशा ने अपनी बात रखी है। साथ ही ये भी कहा कि जिनसे भी उनकी तुलना हो रही है वो उनसे ज्यादा अनुभवी हैं और वो उनसे ही सीख ले रही हैं। राशा थडानी इन दिनों अपनी फिल्म आजाद का प्रमोशन कर रही हैं। इस दौरान उन्होंने जब फिल्मीज्ञान से बात करते हुए दूसरे स्टार किड्स सुहाना खान, जाह्नवी, खुशी कपूर से अपनी तुलना पर अपनी बात रखी। राशा ने कहा, 'मुझे लगता है कि वे सभी मुझसे ज्यादा अनुभवी हैं। उन्होंने मुझसे ज्यादा काम किया है। उन्होंने पहले ही फिल्में की हैं और उनकी रिलीज़ हो चुकी हैं। इसलिए, मुझे लगता है कि मुझे उनसे कुछ सीखने को मिल सकता है। उनके पास ज्यादा अनुभव है, इसलिए मुझे नहीं लगता कि यह कुछ ऐसा है जैसा कहा जा रहा है।' राशा थडानी को अपनी पढ़ाई के दौरान ही उनकी पहली फिल्म आजाद मिल गई। एक वीडियो सामने आया था जिसमें उन्हें मेकअप रूम में पढ़ते देखा गया था। अब राशा फिल्मों में कदम रखने जा रही हैं। अपने डांस मूव्स से वो पहले ही लोगों को इम्प्रेस कर चुकी हैं, अब उनकी एक्टिंग देखने का इंतजार हो रहा है।



हॉलीवुड मसाला




# 'चेरी' को मानते हैं शानदार कामयाबी

**लॉस एंजिल्स।** टॉम हॉलैंड पूरी दुनिया में स्पाइडर-मैन के रूप में पहचान मिली है। हाल ही में उन्होंने अपने करियर की एक ऐसी फिल्म पर बात की जिसे सुपरहीरो वाली फिल्मों जैसी लोकप्रियता तो नहीं मिली, लेकिन फिल्म में उनके काम को अत्यधिक सराहा गया। यह फिल्म है चेरी। साल 2021 में जो और एंथनी रुसो के निर्देशन में बनी इस फिल्म में टॉम हॉलैंड ने अपने अभिनय कौशल को भरपूर इस्तेमाल किया था। उन्होंने इसे अपने करियर के सबसे बेहतरीन फिल्मों में से एक करार दिया। निको वॉकर के उपन्यास पर आधारित फिल्म चेरी एक कॉलेज छात्र की कहानी है।



# दूसरी बार टाली गई नामांकन की घोषणा

**लॉस एंजिल्स।** कैलिफोर्निया में फैली भीषण जंगलों की आग के कारण इस साल के ऑस्कर नामांकनों की घोषणा में एक सप्ताह की देरी हो गई है। एकेडमी ऑफ मोशन पिक्चर आर्ट्स एंड साइंसेज ने सोमवार को कहा कि अब 23 जनवरी को नामांकन घोषित किए जाएंगे। नामांकन की तारीख दूसरी बार टाली गई है। इससे पहले यह तारीख 19 जनवरी थी। एकेडमी के सीईओ बिल क्रेमर और अध्यक्ष जेनेट यांग ने एक संयुक्त बयान में कहा, 'हम सभी जंगलों की आग के प्रभाव से काफी आहत हैं। हमारे समुदाय के कई लोग बड़े नुकसान का सामना कर रहे हैं। एकेडमी हमेशा फिल्म इंडस्ट्री के लिए एकजुटता का प्रतीक रही है। इस कठिन समय में हम सभी एक साथ खड़े होने के लिए प्रतिबद्ध हैं।'



# अनुराग की फिल्म से नहीं कटा पत्ता...

**मुंबई।** तृप्ति डिमरी अपनी प्रोफेशनल लाइफ के अलावा अपनी निजी जिंदगी को लेकर चर्चा में रहती हैं। पिछले दिनों अभिनेत्री अनुराग बसु की फिल्म से बाहर होने को लेकर चर्चा में चल रही थीं, जिसके पीछे की वजह थी उनकी बोल्ड छवि। हालांकि, अब फिल्म निर्देशक अनुराग बसु ने इन अफवाहों के बादलों को छांटा है और फैल रही इन खबरों का सच भी बताया है। अनुराग बसु ने बताया, 'यह सच नहीं है।' उन्होंने आगे कहा, 'तृप्ति भी इसे जानती हैं।' फिल्म निर्माता जल्द ही कार्तिक आर्यन के साथ एक और रोमांटिक फिल्म शुरू करने के लिए तैयार हैं और यह इस महीने के अंत में या फरवरी में फ्लोर पर जाएगी। फिल्म के लिए कास्टिंग अभी भी जारी है। इस बीच, तृप्ति डिमरी विशाल भारद्वाज की 'अर्जुन उस्तारा' में चली गई हैं।



# पतंग उड़ा कर मनाई मकर संक्रांति...

**नई दिल्ली।** अक्षय कुमार और परेश रावल ने अपनी फिल्म 'भूत बंगला' की शूटिंग से ब्रेक लेकर सेट पर मकर संक्रांति का त्योहार मनाया। दोनों एक्टर्स ने जयपुर के सिसोदिया रानी का बाग में पतंग उड़ाकर इस फेस्टिवल को एन्जॉय करते हुए अपने फैंस को भी मकर संक्रांति की बधाई भी दी। अक्षय ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर इस वीडियो शेयर किया है, जिसमें उन्हें पतंग उड़ाते देखा जा सकता है। उनके साथ परेश रावल कुर्ता पायजामा पहन मांजे का रोल अपने हाथों में पकड़े हुए हैं। इस वीडियो को अक्षय कुमार के फैंस पंसद कर रहे हैं। अक्षय कुमार ने वीडियो शेयर करते हुए कैप्शन में लिखा, 'अपने दोस्त परेश रावल के साथ अपनी फिल्म 'भूत बंगला' के सेट पर मकर संक्रांति का त्योहार मना रहा हूं। यह हंसी, अच्छी वाइब्स और पतंग की तरह ऊंचा उड़ने के लिए है।

टीवी मसाला

# हिना ने सिद्धिविनायक मंदिर के किए दर्शन...

**मुंबई।** एक्ट्रेस हिना खान तीसरे स्टेज के ब्रेस्ट कैंसर की जंग लड़ रही हैं। मगर वह इस दर्द में भी मुस्कुराती हुई नजर आती हैं। लोगों से अच्छे से रूबरू होती हैं। उन्हे सोमवार की शाम मुंबई के सिद्धिविनायक मंदिर का दर्शन करते देखा गया।



पपाराजी ने उन्हें स्पॉट किया। इस दौरान चंकी पांडे भी नजर आए, जिनसे वह मिलीं और उसका वीडियो वायरल हो गया। दरअसल, हिना खान अपनी अपकमिंग वेब सीरीज 'गृह लक्ष्मी' प्रमोट कर रही हैं। इसमें उनके साथ चंकी पांडे, राहुल देव और दिब्येंदु भट्टाचार्या नजर आएंगे। 16 जनवरी को ये सीरीज ओटीटी प्लेटफॉर्म ईपीआई ओएन पर स्ट्रीम होगी। इसमें एक्ट्रेस के किरदार का नाम लक्ष्मी है तो चंकी पांजे करीम काजी का रोल निभाया है। वहीं, राहुल देव टोकस और दिब्येंदु विक्रम का कैरेक्टर प्ले करेंगे। इसे रुमान किदवई ने डायरेक्ट किया है और उमंग बीना सक्सेना ने अजयदीप संह औ कौशिक के साथ लिखा है। अब इसी की रिलीज से पहले स्टारकास्ट सिद्धिविनायक मंदिर पहुंची। बप्पा का आशीर्वाद लेने के बाद हिना खान को स्पॉट किया गया। वह नीले रंग के अटायर में नजर आ रही थीं। यहां पैप्स को पोज देने के बीच फैंस ने उन्हें एक सेल्फी के लिए पुकारा और वह फौरन दौड़ती हुई चली गईं और ये नजारा चंकी पांडे देखते रह गए। इस दौरान एक्ट्रेस ने 'गणपति बप्पा मोर्या' भी कहा और लोगों का दिल जीत लिया।

## अभिरा के पीछे हाथ धोकर पड़ेगा अरमान, गिन गिनकर लेगा अपनी मां के अपमान का बदला

**नई दिल्ली।** 'ये रिश्ता क्या कहलाता है'में अरमान, अभिरा के पीछे हाथ धोकर पड़ जाएगा। अरमान, अभिरा से अपनी मां की बेइज्जती का बदला लेगा। वह अभिरा के करियर को तबाह कर देगा। इतना ही नहीं, उस पर झूठे और घिनौने आरोप भी लगाएगा। अरमान का ये रूप देख अभिरा पूरी तरह से टूट जाएगी। वह समझ ही नहीं पाएगी कि अरमान उसके साथ ऐसा क्यों कर रहा है। सामने आए प्रोमो के मुताबिक, अरमान अपनी मां से वादा करने के बाद कॉलेज जाता है। पढ़ाते वक्त अरमान के हाथ से चॉक गिर जाती है। ऐसे में जब वह चॉक उठाने नीचे झुकता है तब अभिरा कहती है, 'अरमान देखकर।' अरमान भड़क जाता है। वह सबके सामने अभिरा पर चिल्लाने लगता है। वह कहता है, 'बिहेव मिस शर्मा! हम दोनों का क्या रिश्ता है, याद है?' अभिरा कहती है, 'आप एक टिचर हैं और मैं एक स्टूडेंट।' अरमान कहता है, 'तो कौन-सा स्टूडेंट अपने टिचर को नाम से बुलाता है? आज के बाद आप मुझे सिर्फ सर कहेंगी।'



# धनुष ने साझा किए 'इडली कढ़ाई' के दो नए पोस्टर...

**मुंबई।** अभिनेता और निर्देशक धनुष ने अपनी फिल्म 'इडली कढ़ाई' से नए पोस्टर साझा किए हैं, जिसमें अभिनेत्री नित्या मेनन भी हैं। यह फिल्म इसी अप्रैल में सिनेमाघरों में रिलीज होगी। साउथ अभिनेता और निर्देशक धनुष की चौथी निर्देशित फिल्म 'इडली कड़ाई' के लिए भी कमर कस रहे रहे हैं। इस फिल्म में अभिनेता नित्या में के साथ नजर आएंगे। एक पोस्टर में धनुष दूर से एक सुंदर पृष्ठभूमि में एक पेड़ के नीचे सुकून के साथ बैठे नजर आ रहे हैं। उनके बगल में एक बछड़ा भी नजर आ रहा है। वहीं, दूसरे पोस्टर में धनुष खेत के बीच अभिनत्री नित्या मेनन को गले लगाते हुए नजर आए। दोनों एक-दूसरे के प्यार में खोए नजर आ रहे हैं।



पोस्ट साझा करते हुए धनुष ने कैप्शन में लिखा, 'हैप्पी पोंगल'। सितंबर में धनुष ने 'इडली कढ़ाई' की घोषणा की थी, जिसका मतलब है 'इडली शॉप'। उन्होंने जो पोस्टर ऑनलाइन शेयर किया था, उसमें एक सुनसान गली में एक पेड़ से घिरी एक पुरानी दिखने वाली सड़क किनारे की झोपड़ी दिखाई गई थी, जो तारों से जगमगा रही थी। इसमें एक युवक को दुकान के बाहर खड़ा दिखाया गया था, जबकि एक अन्य व्यक्ति अंदर सामान संभालता हुआ दिखाई दे रहा था।

# निधन के बाद रिलीज हुई इन सितारों की फिल्म

*मुंबई। बॉलीवुड के कई मशहूर सितारों की फिल्में उनके निधन के बाद रिलीज हुई हैं। अब इस सूची में सतीश कौशिक का नाम भी जुड़ने जा रहा है। कंगना रनौत की आगामी फिल्म 'इमरजेंसी' जल्द ही सिनेमाघरों में दस्तक देने वाली है। इस फिल्म का निर्देशन भी उन्होंने खुद किया है। इस फिल्म में कई दिग्गज सितारे भी नजर आने वाले हैं, जिनमें दिवंगत अभिनेता सतीश कौशिक भी शामिल हैं। फिल्म में वह जगजीवन राम की भूमिका निभाते हुए दिखाई देंगे। इस फिल्म की रिलीज से पहले हम आपको उन मशहूर सितारों के बारे में बताने जा रहे हैं जिनकी आखिरी फिल्में उनके निधन के बाद रिलीज हुईं।*

***ऋषि कपूर :*** बॉलीवुड के मशहूर अभिनेता ऋषि कपूर कैंसर से पीड़ित थे। अपनी बीमारी से जूझने के दौरान उन्होंने फिल्म 'शर्माजी नमकीन' साइन की थी। उन्होंने इस फिल्म के कुछ हिस्से भी शूट किए थे, लेकिन 30 अप्रैल 2020 को उनका निधन हो गया। ऋषि कपूर का यह किरदार फिल्म में अधूरा रह गया, जिसे बाद में अभिनेता परेश रावल ने पूरा किया। इस फिल्म का प्रीमियर अमेजन प्राइम वीडियो पर हुआ। फिल्म का निर्देशन हितेश भाटिया ने किया था।





***सुशांत सिंह राजपूत :*** 14 जून 2020 को सुशांत सिंह राजपूत का निधन उनके फैंस के लिए एक बहुत ही दर्दनाक घटना थी। उनकी आखिरी फिल्म 'दिल बेचारा' लॉकडाउन के कारण सिनेमाघरों में रिलीज नहीं हो पाई थी। उनकी मृत्यु के बाद यह फिल्म 24 जुलाई 2020 को डिजिटली रिलीज की गई। इस फिल्म ने न केवल सुशांत के फैंस का दिल जीता, बल्कि कई रिकॉर्ड भी तोड़े। मुकेश छाबड़ा के निर्देशन में बनी इस फिल्म में संजना सांघी ने अपने करियर की शुरुआत की थी।

***श्रीदेवी :*** बॉलीवुड की सदाबहार अभिनेत्रियों में श्रीदेवी का नाम भी जरूर शामिल किया जाता है। उनका निधन 24 फरवरी 2018 को दुबई में हुआ। वह अपने भांजे मोहित मारवाह की शादी में शामिल होने दुबई गई थीं, लेकिन वहीं पर उनकी मौत हो गई। श्रीदेवी की आखिरी फिल्म 'जीरो' थी, जिसमें उन्होंने एक कैमियो किया था। यह फिल्म 21 दिसंबर 2018 को रिलीज हुई थी। इसमें शाहरुख खान, अनुष्का शर्मा और कैटरीना कैफ जैसे बड़े सितारे थे।



***स्मिता पाटिल :*** स्मिता पाटिल के अभिनय कला का कोई सानी नहीं था। उन्होंने अपने करियर में कई शानदार फिल्में दीं। वह 1986 में बेटे प्रतीक बब्बर को जन्म देने के दो हफ्ते बाद 13 दिसंबर को दुनिया से अलविदा कह गईं। उनकी आखिरी फिल्म 'गलियों के बादशाह' थी, जो उनके निधन के तीन साल बाद 17 मार्च 1989 को रिलीज हुई।



***राजेश खन्ना और अन्य दिग्गज सितारे :*** राजेश खन्ना को बॉलीवुड का पहला सुपरस्टार माना जाता है। उनका निधन 2012 में हुआ था। उनकी आखिरी फिल्म 'रियासत' थी, जो उनके निधन के बाद रिलीज हुई। इसी तरह, दिव्या भारती, मधुबाला, संजीव कुमार और शम्मी कपूर जैसी दिग्गज हस्तियों की आखिरी फिल्में भी उनके निधन के बाद ही सिनेमाघरों में आईं।



## 200 फिल्मों में किया अभिनय, मां और दादी के किरदारों में बनाई पहचान

# जिसने बेटे के कत्ल के लिए सौंप दी पति को तलवार



*नई दिल्ली। दुर्गा खोटे ने अपनी अदाकारी से न केवल पर्दे पर अपनी पहचान बनाई, बल्कि भारतीय सिनेमा में महिलाओं के लिए एक नया मुकाम स्थापित किया। 14 जनवरी 1905 को मुंबई में जन्म लेने वाली दुर्गा खोटे का फिल्म इंडस्ट्री में आना उस समय एक साहसिक कदम था। उन दिनों समाज में फिल्म इंडस्ट्री को लेकर कई पूर्वाग्रह और नकारात्मकता फैली हुई थी, जिन्हें दरकिनार करते हुए दुर्गा ने इस क्षेत्र में अपना करियर बनाया।*

### बचपन से था कला से लगाव

दुर्गा खोटे एक प्रतिष्ठित परिवार से थीं। बचपन में ही उन्हें कला और साहित्य से गहरा लगाव हो गया था, लेकिन जब उन्होंने फिल्मों में करियर बनाने का मन बनाया तो यह निर्णय उनके परिवार और समाज के लिए चौंकाने वाला था। उस समय समाज में महिलाओं का फिल्म इंडस्ट्री में काम करना एक घृणित कार्य माना जाता था। इसके बावजूद दुर्गा ने अपने आत्मविश्वास और साहस के साथ इस राह पर चलने का फैसला किया।

### संघर्षों से भरी रही जिंदगी

दुर्गा खोटे ने अपनी जिंदगी में काफी ज्यादा संघर्ष किया। महज 18 साल की उम्र में उनकी शादी हो गई थी। उनके पति विश्वनाथ खोटे एक मैकेनिकल इंजीनियर थे। दोनों के दो बेटे भी हुए, लेकिन शादी के कुछ ही वर्ष बाद दुर्भाग्यवश उनके पति का निधन हो गया। इसके बाद दुर्गा आर्थिक तंगी से जूझने लगीं। अपने बच्चों की देखभाल के लिए उन्हें ट्यूशन पढ़ाने का काम करना पड़ा। इसी दौरान उन्हें फिल्म 'फरेबी जाल' में एक छोटा सा रोल निभाने का मौका मिला, लेकिन यह फिल्म दर्शकों के बीच नाकाम रही। इस फिल्म के लिए दुर्गा को आलोचनाओं का सामना भी करना पड़ा।

### वी शांताराम ने दिया बड़ा मौका

हालांकि, फिल्म इंडस्ट्री में दुर्गा खोटे का सफर यहीं खत्म नहीं हुई। मशहूर फिल्म निर्देशक वी शांताराम ने उन्हें अपनी फिल्म 'अयोध्येचा राजा' में अहम भूमिका निभाने का प्रस्ताव दिया। शुरुआत में दुर्गा ने इस फिल्म को ठुकरा दिया, लेकिन शांताराम के समझाने और उन्हें भरोसा दिलाने के बाद वह इस फिल्म में अभिनय करने के लिए राजी हो गईं। फिल्म के रिलीज होने के बाद दुर्गा खोटे की अदाकारी को बहुत सराहा गया और उन्हें दर्शकों का प्यार मिलने लगा। इसके बाद उन्होंने कई फिल्मों में अपनी छाप छोड़ी, जिनमें 'माया मछिन्द्र' जैसी फिल्में भी शामिल थीं।

### जोधाबाई का निभाया था किरदार

दुर्गा खोटे ने फिल्म इंडस्ट्री में लगभग 200 फिल्मों में काम किया। वह 50 साल तक इस क्षेत्र में सक्रिय रहीं। खासकर उन्होंने मां और दादी के किरदारों से खूब पहचान मिली। वह बड़े पर्दे पर अपने बेटे के कत्ल के लिए पति कोदेने के लिए भी काफी ज्यादा चर्चा में रहीं। फिल्म मुगल-ए-आजम में उन्होंने जोधाबाई का किरदार निभाया था। इस फिल्म का उनका एक सीन काफी ज्यादा हिट हुआ था, जिसमें वह शहंशाह अकबर को तलवार देते हुए कहती हैं, "आपने सुहाग की लाली मेरे माथे से मिटो तो दी, लेकिन इसे अब आपको मेरे बेटे सलीम के खून से ये लाली लगानी होगी...सुहाग की कीमत अगर औलाद का खून है तो लीजिए यह तलवार और बड़े ही खुशी से अपनी औलाद का कत्ल कर दीजिए...मैं उफ्फ तक नहीं करूंगी।" यह आइकॉनिक डायलॉग दुर्गा खोटे का आज तक याद किया जाता है।